


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 धोनीअगले साल का आईपीएल भी खेल सकते है

इजरायल तय करेगा कि ईरान के अचानक हुए हमले का जवाब कैसे ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 335 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

# ईवीएम-वीवीपीएटी मामला : चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

## न्यायालय ने मतों का वीवीपैट के साथ मिलान के अनुरोध वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकताओं की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन, संजय हेगड़े, संतोष पॉल तथा अन्य की दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने उन्हें (चुनाव आयोग को) सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। हमने आपको विस्तार से सुना। अगर किसी चीज में सुधार करना है तो क्या सब कुछ आपको या किसी और को समझाना होगा।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस प्रकार की जनहित याचिकाओं से लोकतंत्र को होने वाले नुकसान का हवाला दिया और अदालत से उन पर (याचिकाकताओं) जुमार्ना लगाने को कहा। पीठ के समक्ष उन्होंने कहा,ऐसा चुनाव की पूर्व संध्या पर समय-समय पर होता है। इसका मतदान प्रतिशत पर असर पड़ता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। वे मतदाताओं की




पसंद को मजाक बना रहे हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा,ह्लआप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा,हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है? पीठ ने पूछा, अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है? इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण के एक सवाल पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से इस आरोप की जांच करने को कहा कि केरल के कासरगोड जिले में मॉक पोल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार को अतिरिक्त वोट मिले थे। श्री भूषण ने एक समाचार रिपोर्ट के हवाले से कहा था कि केरल में एक मॉक पोल के दौरान चार ईवीएम और वीवीपैट में भाजपा के पक्ष में एक अतिरिक्त वोट दर्ज पाया गया। पीठ ने श्री सिंह से इस मामले की फिर जांच करने का निर्देश दिया। पीठ ने दोपहर बाद जब सुनवाई फिर शुरू की तो उसके समक्ष चुनाव आयोग के अधिकारी ने दावा किया कि समाचार रिपोर्ट की जांच की गई और यह झूठी पाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने मीत ब्रदर्स के मेरा पहला वोट देश के लिए एंथम को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीत ब्रदर्स के बहुभाषी एंथम मेरा पहला वोट देश के लिए की सराहना की है। उन्होंने इसे लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का एक बड़ा प्रयास बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर मीत ब्रदर्स की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का यह एक बड़ा प्रयास है। उल्लेखनीय है कि मीत ब्रदर्स ग्वालियर, मध्य प्रदेश की एक भारतीय संगीत जोड़ी है। इस जोड़ी में भाई मनमीत सिंह और हरमीत सिंह शामिल हैं। बहुभाषी एंथम मेरा पहला वोट देश के लिए की शुरूआत बोल 18 की हूं कोई बच्ची नहीं, नई हूं पर कच्ची नहीं हैं।

### 1 जून को मतदान करने की शपथ लेंगे पटना वासी

पटना। मतदान में आम जनों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पटना नगर निगम द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में अब पटना नगर निगम कर्मी आम जनों से 1 जून को मतदान में शामिल होने की शपथ दिलवाएंगे। सभी 75 वार्डों में यह अभियान शुरू किया जायेगा। इस अभियान के तहत नगर निगम कर्मियों द्वारा घर की महिलाओं सीनियर सिटीजन एवं फर्स्ट टाइम वोटर को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही उनसे शपथ दिलवाया जाएगा कि वह 1 जून को वोट डालने अवश्य जाएंगे। नगर निगम कर्मियों को एक रजिस्टर भी उपलब्ध कराया गया है। जहां आमजन से हस्ताक्षर कर उनकी स्वीकृति ली जाएगी।

### सुधांशु त्रिवेदी सहित पांच नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने शपथ ली

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने वालों में भीम सिंह, परमार जसवन्तसिंह सलामसिंह, संगीता, नवीन जैन और डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शामिल थे।

### राहुल गांधी 20 को भागलपुर से करेंगे चुनावी शंखनाद

पटना। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को होना है कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे 20 अप्रैल को बिहार आएंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा। 20 अप्रैल को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा होनी है। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा को वोट देने की अपील जनता से करेंगे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह उनके साथ मंच साझा करेंगे। आगामी 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में 5 सीटों पर लड़ाई है। इसमें तीन सीट भागलपुर,कटिहार और किशनगंज पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पूर्णिया की सीट पर पप्पू यादव ने निर्दलीय ताल ठोका है जो पहले ही अपने दल का विलय कांग्रेस में कर चुके हैं।

# लोकसभा चुनाव : पहले चरण के लिए देशभर के 102 सीटों पर मतदान की तैयारी पूरी, सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट

# बिहार में चार सीटों पर मतदान आज, पांच हजार बूथ संवेदनशील

## औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में डाले जाएंगे वोट




प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को जिन चार सीटों पर होगा, सूबे में सर्वाधिक संवेदनशील बूथ इन्हीं लोकसभा क्षेत्रों में चिह्नित किये गये हैं। इनमें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ संवेदनशील घोषित किये गये हैं। इन मतदान केंद्रों की संख्या करीब पांच हजार है। ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक और सामान्य बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया है। तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 बूथों को संवेदनशील माना गया है, जहां पर मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। इसमें शेरघाटी विस क्षेत्र के 305 बूथ, बाराचट्टी के 332 बूथ व बोधगया के 358 बूथ संवेदनशील हैं।

गया लोस के शेष सभी विस क्षेत्रों गया टाउन, बेलागंज व वजीरगंज में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जमुई लोस क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1659 बूथ संवेदनशील हैं। इसमें सिकंदरा विस क्षेत्र के 313 बूथ, जमुई के 319 झाझा के 352, चकाई के 335 और तारापुर के 340 बूथ संवेदनशील हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के सिर्फ एक विधानसभा शेखपुरा के बूथ सामान्य हैं। 1941 बूथों में नक्सल प्रभावित 223 बूथ और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 502 है। नवादा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के 666 बूथों को संवेदनशील माना गया है। इसमें रजौली विधानसभा में 333 बूथ और गोविंदपुर विधानसभा के 328 बूथ हैं। नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ संवेदनशील हैं। उधर, औरंगाबाद लोकसभा के कुटुम्बा विधानसभा के 296 बूथ, रफीगंज के 367 बूथ, गुरुआ के 337 बूथ, इमामगंज के 344 बूथ और टिकारी के 357 बूथ संवेदनशील हैं। यहां मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। केवल औरंगाबाद लोस क्षेत्र के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

## मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति : आयुक्त

### चुनाव आयुक्त ने लोगों से की मतदान करने की अपील

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। लोकसभा में पहले चरण का मतदान कल होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की



हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

# पहले चरण में सबसे ज्यादा सीटों पर होगा मतदान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिए पंजीकृत किया है। इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

पहले चरण में भाग्य अजमाने के लिए 625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है, जिनमें से 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण में अन्य छह चरणों के मुताबिक सबसे ज्यादा सीटों पर मतदान होगा।

## चौथे चरण की अधिसूचना जारी




नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। आयोग के अनुसार शुक्रवार को पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। पहले चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण में 1,625 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, उत्तराखंड और तमिलनाडु के सभी संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होगा। इसके साथ ही राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर की दो और छत्तीसगढ़, त्रिपुरा तथा जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ शुक्रवार को एक ही चरण में अरुणाचल प्रदेश

इस चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, बिहार की चार, उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों, असम की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल, मणिपुर और मेघालय की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एंड निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की एक-एक लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा।

# मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की देश वापसी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ बृहस्पतिवार को कोचीन पहुंच गई। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। उसने कहा, तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गई। हवाई अड्डे पर जोसफ का स्वागत क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, तेहरान में भारतीय मिशन इस मुद्दे पर काम कर रहा है और मालवाहक पोत के चालक दल के बाकी 16 कर्मियों के साथ संपर्क में है। उसने कहा कि चालक दल के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा है।

# सीएम नीतीश की मौजूदगी में राजद के पूर्व सांसद बुलो मंडल जदयू में हुए शामिल

## कहा- राजद में आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह से समाप्त हो चुका है

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में राजद के पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल गुरुवार को जदयू में शामिल हो गए। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुंगेर से लोकसभा उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंत्री विजय कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को जनता दल यू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस दौरान पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुंगेर से लोकसभा उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने कहा कि श्री बुलो मंडल जमीनी स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता रहें हैं। उनके आने से भागलपुर और पूर्णिया में जदयू का संगठन मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद अतिपिछड़ा समाज के प्रति वफादार नहीं है। असल मायनों में बिहार के अतिपिछड़ा समाज को सम्मान देने का काम माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। मुख्यमंत्री ने न्याय के साथ विकास का उत्कृष्ट नमूना पेश किया है जिसकी



सराहना आज दुनियाभर में होती है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल का प्रदेश के अतिपिछड़ा वर्ग में खासा प्रभाव है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों एवं विकासकार्यों में विश्वास जताते हुए उन्होंने जदयू का दामन थामा है। बातौर विधायक और सांसद बुलो मंडल ने कई वर्षो तक जनता की सेवा में समर्पित रहें हैं। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का झुकाव जदयू की तरफ बढ़ रहा है। राजद एवं अन्य दलों से नेताओं का जत्था हमारी पार्टी में शामिल होकर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प ले रहे हैं। जदयू और एनडीए काफी मजबूत स्थिति में है, आगामी चुनाव में हम साथ मिलकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पूर्व सांसद बुलो मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए हमनें जदयू को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद में आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह से अब समाप्त हो चुका है। जदयू की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से टुल्लू यादव, गौरव कुमार, शुभम कुमार यादव, पवन कुमार यादव, धर्मेन्द्र चैधरी, कुणाल झा एवं भानु झा आदि थे।

**चुनाव** | राजद के सभी चार सीटों पर नए उम्मीदवार, गया सीट से पूर्व सीएम मांझी की प्रतिष्ठा दाव पर

# प्रथम चरण की सभी चार सीटों पर राजग का कब्जा, राजद को जीत की चुनौती

प्रात : किरण

पटना। बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किए जाएंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान शुक्रवार को होगा। इनमें दो सीट औरंगाबाद और नवादा से राजग में शामिल भाजपा प्रत्याशी जबकि दो सुरक्षित सीट गया (सु) और जमुई (सु) सीट से (हम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी चुनावी समर में उतरेंगे। सभी चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु) पर राजग प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। इंडी गठबंधन की ओर से राजद को इन सभी चार सीटों की कमान दी गई है। राजग उम्मीदवार पर इन सभी सीटों पर कब्जा बरकारार रखने की चुनौती है,




वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार इन सीटों को जीतने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। बिहार की हाईप्रोफाइल गया (सु) सीट पर इस बार के चुनाव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वहीं राजद ने मांझी के मुकाबले में बोधगया (सु) के विधायक कुमार सर्वजीत को उतार दिया है। औरंगाबाद संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन सिंह के पुत्र सुशील सिंह आठवीं बार किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं उनके विजयी रथ को रोकने के लिए राजद ने टेकारी के पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। नवादा संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.ठाकुर के पुत्र और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर लोकसभा चुनाव में अपनी सियासी पारी का आगाज कर रहे हैं। वहीं राजद ने श्रवण कुश्वाहा को उम्मीदवार बनाया है।

जमुई (सु) सीट पर राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने जमुई (सु) सीट से अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के दामाद अरुण भारती पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, राजद ने जमुई (सु) सीट से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है। अर्चना रविदास पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। देखना दिलचस्प होगा कि चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु) में राजग के प्रत्याशी अपना कब्जा बरकरार रख पाते हैं, वहीं राजद के प्रत्याशी कितनी सीट पर अपना कब्जा कर पाते हैं।

बिहार लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह चुनावी चौका लगाने की फिराक में हैं, वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी, राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर और अरूण भारती पहली बार लोकसभा सांसद बनने की जोर आजमाईश करेंगे तथा इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस में शामिल राष्ट्रीय जनता दल के सभी चार प्रत्याशी लोकसभा की सियासी रणभूमि में आगाज कर रहे हैं।

# भाजपा व राजद ने चारों सीटों पर जीत का किया दावा

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार की जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है और उसे मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। अपने ऐतिहासिक निर्णयों से जहां उन्होंने एक भारत,श्रेष्ठ भारतकी संकल्पना को साकार किया है वहीं पूरी दुनिया में सशक्त और मजबूत भारत की छवि को भी आकार दिया है।

श्री चौधरी ने कहा कि पहले चरण में बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को होने वाले मतदान में मतदाताओं का जबरदस्त रूझान एनडीए की तरफ है। प्रधानमंत्री मोदी के वायदे पर देश के साथ बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है।

**राजद के सभी चार उम्मीदवार जीतेंगे :** वहीं, पहले चरण के चुनाव से पहले तेजस्वी यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि, बिहार के चारों लोकसभा सीट जमुई, नवादा,गया और औरंगाबाद में राजद के प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा है कि, एक बड़े अंतर से हम इन सीटों पर चुनाव जितेंगे। दरअसल, तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्विट कर चारों लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि, प्रथम चरण का प्रचार समाप्त होने तक हमने 40 चुनावी सभाएं की है। प्रथम चरण की हम चारों सीटें जीत रहे है। महागठबंधन के हमारे चारों प्रत्याशी युवा है। जिसमें महिला, दलित और पिछड़े वर्ग का बेहतरीन सामंजस्य है।

# बसें चुनाव ड्यूटी में हैं, यहां-वहां भटक रहे यात्री

**नैनीताल, एजेंसी।** वाहनों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण बृहस्पतिवार से पहाड़ के लिए वाहनों की कमी से लोगों को जूझना होगा। पर्वतीय रूटों के साथ बाजपुर, काशीपुर रूट पर निजी बसों के नहीं होने के कारण आज से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

वाहनों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण बृहस्पतिवार से पहाड़ के लिए वाहनों की कमी से लोगों को जूझना होगा। पर्वतीय रूटों के साथ बाजपुर, काशीपुर रूट पर निजी बसों के नहीं होने के कारण आज से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए बुधवार से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई। बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण केमू की बसों की सेवा बृहस्पतिवार से पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। चुनाव ड्यूटी में केमू की 300 से अधिक



बसें लगी हैं। इस कारण हल्द्वानी से अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, कौसानी, पिथौरागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों की सेवाओं के साथ ही नजदीकी रूट की बसें आज से नहीं चलेंगी। दूसरी ओर बाजपुर बस अड्डे से बाजपुर, काशीपुर, रामनगर के लिए चलने वाली मेल और एक्सप्रेस बसों की ड्यूटी भी चुनाव में लगाई गई है। यहां करीब पचास से अधिक बसें संचालित होती हैं जिस कारण इस रूट पर यात्रियों को निजी साधनों या रोडवेज बसों का सहारा लेना होगा। वहीं टैक्सी, मैक्सी वाहनों के भी चुनाव ड्यूटी में लगने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। जानकारी के मुताबिक डिमांड से 10 फीसदी अधिक वाहन चुनाव ड्यूटी के लिए परिवहन विभाग ने बुलाए हैं।

मैदानी क्षेत्रों में गई रोडवेज बसों के चुनाव ड्यूटी से लौटने के कारण आज से लोगों को राहत मिल सकेगी। दिल्ली, देहरादून, लखनऊ, गुरुग्राम, चंडीगढ़ रूट के साथ ही सभी मैदानी रूटों पर बसों का संचालन जारी रहेगा। एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पहाड़ के रूट पर सेवा फिलहाल बंद है।

## लोकसभा चुनाव का असर, नैनीताल में पर्यटन कारोबार ठप

**नैनीताल, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का असर पहाड़ के पर्यटन कारोबार पर पड़ता नजर आने लगा है। कारोबारियों के पास अप्रैल के लिए काम है लेकिन मई और जून के लिए अब तक एक भी एडवांस बुकिंग नहीं हुई है। जानें क्या बोले होटल व्यवसायी...

लोकसभा चुनाव का साइड इफेक्ट (दुष्प्रभाव) पहाड़ के पर्यटन कारोबार पर पड़ता नजर आने लगा है। कारोबारियों के पास अप्रैल के लिए काम है लेकिन मई और जून के लिए अब तक एक भी एडवांस बुकिंग नहीं हुई है। दूसरे राज्यों के सैलानियों ने मई-जून के लिए होटलों में पूछताछ तक नहीं की है जबकि पिछले साल तक 10 से 15 प्रतिशत तक बुकिंग हो जाती थी। पर्यटन कारोबारियों को आशंका है कि कहीं इस बार मई-जून का सीजन चुनाव के चक्कर में पिट न जाए। क्योंकि पर्यटन के लिए पीक सीजन मई और जून में दूसरे राज्यों में अलग-अलग चरणों में मतदान होना है। 19 अप्रैल को उत्तराखंड जबकि एक जून को उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों की कुछ सीटों के लिए मतदान होना है और चार जून को इसके परिणाम घोषित किए जाएंगे।

चुनाव के चलते इस बार सीजन के दौरान पर्यटकों की आवाजाही कम होने के आसार हैं। क्योंकि चुनाव के चलते रास्तों में कई जगह चेकिंग होती है। आचार संहिता के चलते सैलानी ज्यादा कैश नहीं ले जा सकते हैं। एनसीआर, दिल्ली व यूपी के सैलानी सीजन में यहां आते हैं लेकिन तब वहां मतदान होना है।

## देखते ही देखते आग का गोला बना कैंटर, लपटें देख लोग बनाने लगे वीडियो

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर नेशनल हाईवे-74 के पास एक खड़े कैंटर के अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कैंटर का केबिन आग के गोले में बदल गया। दमकल टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रुद्रपुर नेशनल हाईवे-74 में बिंदुखेड़ा के पास एक खड़े कैंटर के अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कैंटर का केबिन आग के गोले में बदल गया। दमकल टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बुधवार रात नौ बजे बिंदुखेडा के पास चालक कैंटर हाईवे किनारे खड़ा कर खाना खाने के लिए ढाबे में गया था। थोड़ी देर बाद कैंटर के अगले हिस्से में आग की लपटें उठने लगीं। वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई और मोबाइल में वीडियो बनाने लगे।

सूचना पर दमकल टीम वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग बुझा दी। माना जा रहा कि कैंटर के अगले हिस्से में स्थित टैंक से सीएनजी लीक होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अग्निशमन अधिकारी गिरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि आग से कैंटर का केबिन जला था। आग लगने के कारण की जानकारी की जा रही है।

## आईटीआई गैंग के 22 अपराधियों पर लगा गैंगस्टर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** आईटीआई गैंग एक बार फिर चर्चा में है। इस बार गैंग के अपराधियों पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। डीएम के आदेश के बाद गैंग के 22 अपराधियों पर गैंगस्टर लगा दिया गया है।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि करीब दो साल पहले नैनीताल रोड पर गैंग की वजह से सांप्रदायिक तनाव का माहौल बन गया था। यह व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर गैंग चलाते थे। इनके डर से पीड़ित पुलिस के पास शिकायत लेकर नहीं पहुंचता था। एक के बाद कई घटनाओं के बाद गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी और एसएसपी को भेजा गया। अधिकारियों के आदेश के बाद गैंग लीडर वार्ड 12 रामपुर रोड निवासी अंकित जायसवाल के साथ ही उसके 21 अन्य साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। इनमें डहरिया निवासी पंकज चौहान, पीलीकोठी निवासी अभिषेक थापा, डालाकोटी कंपाउंड निवासी भुवन सिह बिष्ट, समता आश्रम गली निवासी सोनू कश्यप, आनंदपुर निवासी विनय दरम्वाल, सीएमटी कॉलोनी निवासी प्रियांशु सती, फूलचौड़ निवासी सूरज राणा, जीतपुर नेगी निवासी करण सिंह थापा, मानपुर उत्तर निवासी अशोक बोरा, विष्णुपुरी गली निवासी रितिक गुप्ता, गुंसाईपुर निवासी जितेश बिष्ट, वारसी कॉलोनी निवासी फैसल, शाकिब, मो. सारिक, राजपुर निवासी मो. लारिफ सिद्दीकी, जवाहरनगर निवासी शोएब, शहजाद, अरबाज, फईम अहमद, रानीबाग निवासी इरशाद, वार्ड 14 निवासी समीर पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इन सभी पर थाना काठगोदाम, मुखानी और हल्द्वानी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हैं। अब इन पर गैंगस्टर का मुकदमा भी चलेगा।

## मतदाताओं की चुप्पी से मुकाबला बना रोचक; भाजपा गिना रही योजनाएं, कांग्रेस कर रही ये वादे

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा संसदीय सीट पर सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं, लेकिन मुकाबला भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच सिमटकर रह गया है। मतदाता प्रत्याशियों को देखने-सुनने के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी निगाह बनाए हुए हैं। मतदाताओं का यही अंदाज मुकाबले को और रोचक बना रहा है।

क्षेत्रीय दल व निर्दलीय प्रत्याशी भी भाजपा-कांग्रेस के वोट बैंक में सेंधमारी के प्रयास में जुटे हुए हैं। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा मोदी मैजिक की ताकत के साथ खम ठोक रहे हैं। जनसभा, नुक्कड़ सभा व संवाद कार्यक्रम में पीएम मोदी के नेतृत्व व योजनाओं की बात जनता के बीच रख रहे हैं।

राम मंदिर, अनुच्छेद 370, यूसीसी, ओआरओपी और मोदी सरकार की



तमाम योजनाओं को गिना रहे है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा सीएम पुष्कर सिंह धामी ही प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा अभी तक स्वयं के बूते ही मोर्चे पर डटे हैं। यद्यपि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य जनसभा के लिए पहुंच रहे हैं और महंगाई, बेरोजगारी, वनंतरा प्रकरण को जनता के बीच रख रहे हैं। पार्टी के घोषणापत्र की गारंटियों के अलावा पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने और अग्निवीर योजना खत्म करना कांग्रेस के प्रमुख वायदे हैं। कांग्रेस की रणनीति इन मुद्दों के आम जन के बीच चर्चा को तेज करने की रही है।

पहाड़ के मतदाता राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में चल रही हवा के अनुसार ही मतदान करता है। इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे उतना असर नहीं करते।

## तेंदुए के हमले में दो किसान घायल, एक रेफर

**जसपुर, एजेंसी।** धान की फसल की सिंचाई कर रहे दो किसानों पर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। रामनगर वन गांव निवासी बबलू पुत्र ओम प्रकाश (40), भगवंतपुर गांव निवासी अबरार अली पुत्र रमजानी (45) सोमवार शाम धान की फसल में पानी डाल रहे थे। तभी तेंदुए ने बबलू पर हमला कर दिया और उसे खींचकर ले जाने लगा। उसके शोर मचाने पर अबरार अली ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तेंदुए ने अबरार अली पर हमला कर दिया। उनके शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे जिस पर तेंदुआ भाग गया।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर सरकारी भूमि पर कब्जा, पुलिस ने एसडीएम को सौंपी रिपोर्ट, सीओ बोले- होगी कार्रवाई

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
भारत-नेपाल बॉर्डर के पास सरकारी जमीन पर मकान बना रहे व्यक्ति पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सरकारी जमीन पर मकान बना रहे व्यक्ति पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, नेपाल




सीमा के पास वन महोलिया और सिसैया मेलाघाट रोड के मध्य से नेपाल व यूपी को जाने वाली सडक के किनारे सिसैया, मेलाघाट निवासी जुल्फीकार पुत्र अकबर अली मकान बना रहा था।

16 अप्रैल को मेलाघाट क्षेत्र से लौटते समय झनकईया थाना पुलिस ने जुल्फीकार से जमीन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वह वैध कागजात नहीं दिखा सका। उक्त स्थान के सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह जमीन सरकारी है। पुलिस के मुताबिक, वह सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कर रहा था। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि वह सरकारी संपत्ति में प्रवेश कर विधि विरुद्ध तरीके से अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहा था। जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। पुलिस ने ईंटों को कब्जे में लेकर आरोपी जुल्फीकार के खिलाफ आईपीसी की धारा 283,290, 447 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो उम्मीदवार नहीं छू सके 50 हजार का आंकड़ा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** लोकसभा प्रत्याशियों के व्यय के तीसरे निरीक्षण में कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से सबसे अधिक खर्च करना सामने आया। भाजपा उम्मीदवार उनसे 87 हजार 893 रुपये कम खर्च कर पाए। यूकेडी के उम्मीदवार बसपा और अन्य प्रत्याशियों से खर्च करने में आगे रहे। व्यय के नोडल अफसर पंकज शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को व्यय पर्यवेक्षक टी शंकर ने प्रत्याशियों के खर्च का तीसरी बार निरीक्षण किया। निरीक्षण में नामांकन से अब तक कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने 5810323, भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने 5722430, बसपा के अख्तर अली ने 151126, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अखिलेश कुमार ने 38275, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी अमर सिंह सैनी ने 156450, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के जीवन चंद्र उप्रेती ने 110245, उत्तराखंड क्रांति दल के शिव सिंह ने 211380, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सुरेंद्र सिंह ने 38302, निर्दलीय उम्मीदवार रमेश कुमार मैक्स ने 184550 एवं हितेश पाठक ने 83190 रुपये खर्च किए। इनमें सबसे अधिक खर्च कांग्रेस प्रत्याशी जोशी की ओर से किया गया। अखिल भारतीय परिवार पार्टी व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी 50 हजार का आंकड़ा भी नहीं छू सके। नोडल अधिकारी शुक्ला ने कहा कि तीन बार निरीक्षण हो चुका है। अब, उम्मीदवारों की ओर से चुनाव मतदान के एक माह के भीतर अपने चुनावी खर्च को जमा करना होगा।

### कमेटी में सदस्यों की गुटबाजी के चलते नहीं थम रहा था विवादों से नाता



**नानकमत्ता, एजेंसी।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टरों के चुनाव के बाद सर्वसम्मति से हरबंस सिंह चुघ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बने थे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की गुटबाजी के चलते प्रबंधक कमेटी में आए दिन विवाद गहराता जा रहा था। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी के प्रबंधन के लिए हुए चुनाव के बाद छह अप्रैल 2022 को हरबंस सिंह चुघ को 27 सदस्यीय कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। प्रबंधक कमेटी के चुने गए 27 सदस्य कई गुटों के प्रतिनिधित्व करते थे जिसके चलते उनका आपस में विवाद होता रहता था। इससे पूर्व भी 18 वर्ष तक रिसीवर कार्यकाल के बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर 2017 में हुए चुनाव के बाद गठित प्रबंधक कमेटी का पांच वर्ष का कार्यकाल विवादित ही रहा।

### दूरस्थ मतदान स्थल के लिए आज रवाना होंगी 133 पोलिंग पार्टियां

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लोक सभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही प्रशासन की तैयारियां भी तेज हो गई है। बुधवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 133 पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान स्थलों को रवाना होंगी। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीएस मर्तोलिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को मतदान पार्टियां रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को अटल उत्कृष्ट जीआईसी अल्मोड़ा से 65 पोलिंग पार्टियां सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर के दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए जाएंगी। इसी तरह स्व. विपिन चंद्र त्रिपाठी इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट से 68 पोटिंग पार्टियां द्वाराहाट, सल्ट और रानीखेत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान स्थलों को रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि अटल उत्कृष्ट जीआईसी अल्मोड़ा और स्व. विपिन चंद्र त्रिपाठी इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट में मतदान पार्टियों के प्रस्थान स्थल पर डाक मतपत्र फेसिलिटेशन केंद्रों पर प्राप्त किया जाएगा। प्राप्त डाक मतपत्रों को कोषागार अल्मोड़ा के द्वितालक में रखा जाएगा।

### एसबीआई का एटीएम तीन महीने से ठप, लोग परेशान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला मुख्यालय स्थित रानीधारा क्षेत्र में एसबीआई का एटीएम तीन महीने से खराब है। ऐसे में लोग पैसा निकालने के लिए दो किमी दूर एटीएम की दौड़ लगाने के मजबूर हैं। वहीं शादी का सीजन शुरू होने से उनकी दिक्कतें और भी बढ़ गई हैं। बावजूद इसके एटीएम को ठीक करने के प्रयास नहीं हो रहे है। इससे क्षेत्र की 15 हजार से अधिक की आबादी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।रानीधार में एसबीआई का एटीएम तीन महीने से शोपीस बना हुआ है। एटीएम खराब होने की जानकारी नहीं होने से पैसा निकालने यहां पहुंच रहे लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। यहां एसबीआई के अलावा दूसरे बैंक का कोई एटीएम नहीं है। ऐसे में लोग एकमात्र एटीएम पर निर्भर है। अब शादी का सीजन शुरू होने से पैसे निकालने के लिए कई बार लोगों को दूसरे एटीएम की दौड़ लगानी पड़ रही है।

## विद्यार्थियों को बीकॉम, बीएससी और पीजी पाठ्यक्रम शुरू होने का इंतजार

**अल्मोड़ा/ लमगड़ा, एजेंसी।** लमगड़ा में महाविद्यालय होने के बावजूद क्षेत्र के युवाओं को विज्ञान और वाणिज्य की शिक्षा नहीं मिल पा रही है। जिस कारण विद्यार्थी बीए की पढ़ाई करने को मजबूर है। एमए की पढ़ाई के लिए भी युवाओं को धक्के खाने पड़ते हैं। क्षेत्र के युवा उच्च शिक्षा के लिए पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

वर्ष 2014 में लमगड़ा में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। महाविद्यालय खुलने के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का लाभ मिलने की उम्मीद थी लेकिन विद्यार्थियों को विज्ञान और वाणिज्य शिक्षा का ज्ञान लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। महाविद्यालय में केवल बीए की कक्षाएं ही संचालित होती हैं। बीकॉम,बीएससी, एमए, एमकॉम, एमएससी पाठ्यक्रम को एक दशक गुजरने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिली है। इंटर के बाद कई विद्यार्थी विज्ञान और वाणिज्य की पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन महाविद्यालय में ये पाठ्यक्रम संचालित न होने से उन्हें 35 किमी दूर एसएसजे परिसर के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई बार यहां भी सीट भर जाती है जिससे विद्यार्थी प्रवेश से वंचित हो जाते हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए अल्मोड़ा या फिर अन्य शहरों में कमरा किराये पर लेकर पढ़ाई करना मुमकिन नहीं होता है। ऐसी स्थिति में या तो वह कला वर्ग की पढ़ाई करने को मजबूर होते हैं या फिर उनकी पढ़ाई छूट जाती हैं।

### गरमपानी और नैनीताल के जंगल में लगी आग

**गरमपानी/नैनीताल, एजेंसी।**
गर्मी बढ़ने के साथ बेतालघाट के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। मंगलवार दोपहर शहीद बलवंत सिंह मोटर मार्ग किनारे स्थित धारी और उडियार के जंगल में आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा। तेज हवा के चलते आग तेजी से जंगल में फैली और सड़क किनारे पत्थर गिरते रहे। पत्थर गिरने से वाहन चालक परेशान रहे। वहीं चापड़ और कुजोली से लगे जंगल में भी आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

उधर मनोरा रेंज के जंगल में आए दिन आग लगने का सिलसिला जारी है। तीन दिन से पटवाडांगर मार्ग के समीप जंगल में आग लगने के बाद अब रूसी बाईपास के समीप जंगल में आग लग गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि खड़ी चट्टान में आग होने के कारण कर्मचारी आग नहीं बुझा पा रहे हैं। लेकिन सभी मौके पर मौजूद हैं आग पर काबू पा लिया जाएगा।

## हल्द्वानी में खेलते-खेलते लापता हो गए तीन दोस्त, पांच दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग




**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में घर के पास खेल रहे तीन दोस्त लापता हो गए। परिजनों के गुमशुदगी लिखाने के पांच दिन बाद भी तीनों का पता नहीं चला है। वहीं, परिजनों ने पुलिस पर ढूंढ-खोज नहीं करने का आरोप लगाया है।

हल्द्वानी में घर के पास खेल रहे तीन दोस्त लापता हो गए। परिजनों के गुमशुदगी लिखाने के पांच दिन बाद भी तीनों का पता नहीं चला है। उधर परिजनों ने पुलिस पर ढूंढ-खोज नहीं करने का आरोप लगाया है।

दीपेश (13) पुत्र सेवक राम, रोहित (12) पुत्र विनय और शेखर (12) पुत्र धर्मेंद्र वार्ड 14 जवाहरनगर बनभूलपुरा के रहने वाले हैं। दिपेश आठवीं और रोहित, शेखर कक्षा सात में पढ़ते हैं और अच्छे दोस्त हैं। रोहित की बुआ ने बताया तीनों रविवार दोपहर मोहल्ले में खेल रहे थे। दोपहर में तीनों अचानक लापता हो गए। देर शाम तक नहीं लौटने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार्रवाई की बात तो कही। साथ ही यह भी कहा कि दो दिन पुलिस चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है।

पुलिस की प्राथमिक जांच में तीनों दोस्त एक साथ सीसीटीवी में देखे गए। फुटेज में रोहित के कंधे पर एक बैग टंगा नजर आया। वह घर से तीन सौ रुपये भी ले गया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि तीनों की तलाश की जा रही है। अंतिम बार वह सीसीटीवी में रेलवे स्टेशन रोड पर दिखाई दिए हैं। कहा कि जल्द ही तीनों को बरामद कर लिया जाएगा।

### बजूनिया हल्दू में 13 दिन बाद आया पानी, जौलासाल में रोस्टर व्यवस्था लागू

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
बजूनिया हल्दू का नलकूप 13 दिन बाद सुधारा जा सका। इससे डेढ़ हजार की आबादी को राहत मिली। मंगलवार को नलकूप की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद शाम को पानी चलाया गया। इधर दिन में पेयजल संकट को देखते हुए विभाग ने चार टैंकरों के माध्यम से बजूनिया हल्दू, हिम्मतपुर भगवानपुर और दमुवाढूंगा की तरफ पानी बांटा। जल संस्थान के जेई जयपाल सिंह ने बताया कि बजूनिया हल्दू में नलकूप की मरम्मत के बाद पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। जौलासाल में उपभोक्ताओं को रोस्टर के माध्यम से पानी देने की व्यवस्था की गई है। भगवानपुर में लाइन चोक होने से हो रहे पेयजल संकट को लेकर लोगों ने ऊंचापुल के जल संस्थान कार्यालय में शिकायत की। इसके पर शाम को चोक लाइन ठीक कर दी गई। जल संस्थान के जेई एमसी सती ने बताया कि भगवानपुर में पानी नहीं आने और लाइन चोक होने की शिकायत मिली थी, जिसे लाइनों की मरम्मत कराने के बाद ठीक कर दिया है। ऊर्जा निगम की ओर से पूर्व में जारी किए गए रोस्टर पर रोक लगने के बाद भी मंगलवार को शहर और ग्रामीण इलाकों में बिजली आती-जाती रही। इस दौरान गर्मी में बार-बार बिजली जाने से उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशान रहना पड़ा। एसडीओ शुभा जोशी ने बताया कि चुनाव तक पूर्व में जारी रोस्टर रद्द कर दिया गया है। वहीं दिन भर छोटी-छोटी शिकायतों के चलते विभाग की ओर से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोई बड़ा शटडाउन नहीं लिया गया है।

### आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**लालकुआं (नैनीताल), एजेंसी।**
बिंदुखत्ता घोड़ानाला स्थित सैन्य कर्मी के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से लगभग तीन लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता के पूर्वी राजीव नगर घोड़ानाला निवासी सेना में तैनात राकेश सिंह के आवास में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। इसके चलते उनके घर में रखे दैनिक उपयोग के सामान समेत जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। राकेश ने दावा किया कि उनका करीब तीन लाख रुपये तक का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे राजस्व उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव ने अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन करने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दी है।



# आप ने दिया जमीनी पकड़ का इनाम, एमसीडी में महेश खिची मेयर तो रविंद्र भारद्वाज बने डिप्टी मेयर उम्मीदवार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने करोल बाग के देव नगर वार्ड से पार्षद महेश खिची को मेयर और किराड़ी के अमन विहार से पार्षद रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर का प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने दोनों ही प्रत्याशियों को जमीनी स्तर पर बेहतरीन काम करने का इनाम दिया है। प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि दोनों लोग आंदोलन के समय से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। जतना के बीच इनकी अच्छी पकड़ है। हमें पूरी उम्मीद है कि दोनों लोग एमसीडी में शुरू किए गए आप सरकार के अच्छे कामों को आगे बढ़ाएंगे और जनता की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल ने मुफ्त बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसे काम करके दिल्लीवालों का दिल जीता है। एमसीडी में हुई हार से बौखलाई भाजपा ने आप को खत्म करने के लिए मनीष सिसोदिया के बाद सीएम केजरीवाल को झूठे केस में जेल भेज दिया। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और एमसीडी के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने एमसीडी के मेयर व डिप्टी मेयर प्रत्याशी की घोषणा की। गोपाल राय ने कहा कि पहले भी दिल्ली के लोग लोकसभा, विधानसभा और एमसीडी के चुनाव में वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनती रही है, लेकिन अरविंद केजरीवाल के उदय के बाद पहली बार दिल्ली और देश में काम की राजनीति शुरू हुई है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने मुफ्त बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं का बस में सफर, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा जैसे कामों की झड़ी लगा दी। इस काम की राजनीति से दिल्लीवालों के दिलों में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल जगह बनाते गए। वहीं, दूसरी तरफ लोग भाजपा की नकारात्मक राजनीति से धीरे-धीरे दूर होते गए। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बुरी तरह हारने के बाद भाजपा यह समझ गई कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से हराया नहीं जा सकता है। इसलिए षड़यंत्र करके आम आदमी पार्टी को खत्म करना पड़ेगा।

गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के षड़यंत्र की शुरूआत एमसीडी चुनाव से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के साथ हुई। फिर एमसीडी चुनाव स्थगित कर दिया गया। सबको याद है कि चुनाव आयोग ने एमसीडी चुनाव की घोषणा के लिए प्रेस कांफ्रेंस बुलाई थी। उस प्रेस कांफ्रेंस में चुनाव की घोषणा करने के बजाय परिसीमन के नाम स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद तीनों एमसीडी का एकीकरण किया गया, परिसीमन कर वार्डों को तोड़ा गया, एक साल तक हम पर झूठे आरोप लगाए गए और नकारात्मक प्रचार किया गया। इसी दौरान गुजरात विधानसभा चुनाव भी शुरू हो गया। अरविंद केजरीवाल गुजरात में प्रचार करने में व्यस्त थे। भाजपा को लगा कि केजरीवाल को गुजरात में व्यस्त हैं, ऐसे में एमसीडी चुनाव हो जाए तो वो जीत जाएगी। लेकिन सारे षड़यंत्रों के बाद भी दिल्लीवालों ने दिल्ली विधानसभा की तरह एमसीडी से भी भाजपा की विदाई कर दी। एमसीडी में हारने के बाद भाजपा और बौखला गई। इसके बाद भाजपा ने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कराया और अब सीएम अरविंद केजरीवाल को भी झूठे आरोपों में जेल में बंद कर दिया गया है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की जनता विधानसभा और एमसीडी से भाजपा की विदाई कर चुकी है। आज वही एमसीडी है, जो पिछले 15 सालों में सबसे टॉप नकारात्मक मार्केट में चली गई थी, आज वही एमसीडी सकारात्मक सूचकांक में खुद को आगे बढ़ा रही है। आम आदमी पार्टी के काम को देखकर जैसे दिल्ली की जनता ने विधानसभा और एमसीडी से भाजपा की विदाई की है और अब लोकसभा में भी उसे जवाब देगी। अरविंद केजरीवाल के काम को गिरफ्तार किया गया है, उनको अपमानित किया जा रहा है। इस जेल का जवाब लोकसभा चुनाव में भी जनता वोट से देगी।

गोपाल राय ने कहा कि हर साल एमसीडी के मेयर का चुनाव होता है। इस साल रिजर्व कटेगरी से मेयर का चुनाव होना है। आम आदमी पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस बार आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर के प्रत्याशी महेश खिची होंगे। 45 वर्षीय महेश खिची करोल बाग विधानसभा के देव नगर वार्ड 84 से आम आदमी पार्टी के पार्षद हैं। महेश खिची लंबे समय से आम आदमी पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। इन्होंने जमीनी स्तर से पार्टी में काम शुरू किया था। महेश खिची सबसे पहले बूथ अध्यक्ष बने थे। इसके बाद वार्ड अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए के विधानसभा अध्यक्ष बने। इन्होंने आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य जगहों पर चुनाव प्रचार किया। पार्टी के लिए दिन-रात काम करने वाले महेश खिची को देव नगर वार्ड 84 से पार्षद का प्रत्याशी बनाया था और वो जीते। पिछले एक साल से महेश खिची ने जमीन पर उतर कर काम किया है। महेश जमीन से जुड़े हैं, जनता से सीधा संवाद है और शुरू से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। इन्हीं खूबियों को देखते हुए पार्टी ने महेश खिची को मेयर प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। महेश खिची मोती लाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम किया है। डिप्टी मेयर के प्रत्याशी की घोषणा करते हुए गोपाल राय ने पार्टी ने रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर का प्रत्याशी बनाया है। रविंद भारद्वाज आंदोलन के समय से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं और दूसरी बार किराड़ी विधानसभा के अमन विहार वार्ड 41 से पार्षद चुने गए हैं। 2019 से 2021 नॉर्थ एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य थे। इसके अलावा, वर्क कमेटी और अपाइंटमेंट कमेटी के भी सदस्य रहे हैं। पार्टी ने 35 वर्षीय रविंद्र भारद्वाज को सबसे पहले स्थानीय प्रभारी बनाया था।

# पहले मतदान ,फिर जलपान स्लोगन के साथ मतदान के लिये डॉक्टर स्नेही ने किया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता




स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही द्वारा जनमानस को किया जा रहा है आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर किया जागरूक।डॉक्टर स्नेही ने ओपीडी में आने वाले मरीजों को पर्चे पर मुहर लगाकर की पहिले मतदान ,फिर जलपान स्लोगन के साथ मतदाताओं को जागरूक किया। शासन के आदेशों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही द्वारा भी 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को होने वाले मतदान के दृष्टिगत जनमानस को जागरुक किया। इसके साथ ही सभी से लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना मत / वोट डालने को किया जा रहा है जागरूक।इसके साथ-साथ ही शासन के आदेशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग और आईएमए चिकित्सको के द्वारा स्योहारा नगर में पांच मॉडल बूथों को भी तैयार किया गया है। इन बूथों पर गेट पर बड़ी होर्डिंग के साथ एक-एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है ।इसके साथ ही वहां पर आनेवाले जनमानस को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा की गई है। इस दौरान डॉक्टर स्नेही ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय के दिए गए आदेश के क्रम में शहर के सम्मानित और समाजसेवी प्रसिद्ध चिकत्सको /नर्सिंग होम एसोसिएशन के सहयोग जिसमें डॉक्टर मनोज वर्मा, डॉक्टर कालरा, डॉक्टर रवि सिसौदिया, डॉक्टर विशाल सैनी और डॉक्टर संजय विश्वकर्मा के सहयोग से भी मॉडल मॉडल बूथों को तैयार किया गया है। इन बूथों के नाम है, एमकयू कोलेज दोनो, आरएसपीएम कॉलेज, बिड़ला कालेज और प्राथमिक विद्यालय थाने के सामने स्योहारा है। नर्सिंग होम एसोसिएशन स्योहारा का सहयोग अतुलनीय और सराहनीय है। हम सभी चिकत्सक/हम सब लोग चाहते हैं कि शहर में सत प्रतिशत मतदान हो।सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।सबसे पहले मतदान करें उसके पास जलपान करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने और अपने परिवार के सभी सदस्यों का वोट मतदान बूथ पर जाकर अवश्य दें और जन-जन तक इस संदेश पहुंचाएं की मतदान सत प्रतिशत होना चाहिए और देशहित में जनहित में अपने मत का प्रयोग सभी लोग अवश्य करें। इस सम्बंध में पिछले सप्ताह ही सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की मीटिंग कर डॉक्टर स्नेही ने सभी को अपने-अपने घर परिवार में भी सभी से वोट डालने की अपील की है।इस दौरान फार्मासिस्ट योगेश कुमार ,हरीश कुमार ,प्रदीप रावत ,राजेश कुमार ,डॉक्टर संजय कुमार ,डॉ राकेश सुमित , सुधीर कुमार ,प्रमोद कुमार राशि एवं अनम समेत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बढ़ती गर्मी के बीच आज बारिश की संभावना

नई दिल्ली। राजधानी में गुरुवार को लोग गर्मी से परेशान रहे। महज 24 घंटे के भीतर दिल्ली के तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं, मौसम विभाग ने शुक्रवार को तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली में बुधवार रात तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर मामूली बूंदाबांदी हुई, लेकिन गुरुवार सुबह से ही तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री था, जो गुरुवार को 39.2 डिग्री पहुंच गया। इसके अलावा रिज, नजफगढ़, पीतमपुरा, पूसा और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में यह पारा 40 डिग्री से भी ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 20.9 दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। इसके चलते तापमान में भी लगभग दो से तीन डिग्री की कमी देखने को मिलेगी। हवा की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है। आगामी सोमवार को भी हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। अगले पांच दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

# मनीष सिसोदिया की रिहाई पर ग्रहण, न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी



दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया समेत आरोपियों से उन दस्तावेजों की लिस्ट देने का निर्देश दिया, जिन दस्तावेजों की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। बता दें कि मनीष सिसोदिया ने कोर्ट में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के लिए आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध भी किया है। इस मामले में कोर्ट ने उनकी याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान सर्वेश मिश्रा के वकील ने कहा था कि ईडी ने सर्वेश मिश्रा को मामले में सरकारी गवाह बनने का ऑफर दिया था। आरोपियों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि संजय सिंह के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। उसके बाद ईडी ने नए दस्तावेज जोड़ दिया। उन्होंने कहा था कि ईडी के हिसाब से कानून नहीं चलेगा। 3 फरवरी को ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रुप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को इस मामले के आरोपी सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी। बता दें कि ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

# आप ने महेश खिची को महापौर और रविंद्र भारद्वाज को उपमहापौर का उम्मीदवार बनाया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के महापौर के लिए महेश खिची और उपमहापौर पद के लिए रविंद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया हैं। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और निगम के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने महापौर उपमहापौर प्रत्याशी की घोषणा करते हुए आज कहा कि पहले भी दिल्ली के लोग लोकसभा, विधानसभा और निगम के चुनाव में वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनती रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल के उदय के बाद पहली बार दिल्ली और देश में काम की राजनीति शुरू हुई है। वहीं, दूसरी तरफ लोग भाजपा की नकारात्मक राजनीति से धीरे-धीरे दूर होते गए। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बुरी तरह हारने के बाद भाजपा यह समझ गई कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से हराया नहीं जा सकता है इसलिए षड्यंत्र करके आम आदमी पार्टी को खत्म करना पड़ेगा।

श्री राय ने कहा कि भाजपा के षड़यंत्र की शुरूआत एमसीडी चुनाव से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के साथ हुई। सारे षड़यंत्रों के बाद भी दिल्लीवालों ने दिल्ली विधानसभा की तरह निगम से भी भाजपा की विदाई कर दी। निगम में हारने के बाद भाजपा और बौखला गई। इसके बाद भाजपा ने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कराया और अब अरविंद केजरीवाल को भी झूठे आरोपों में जेल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के काम को देखकर जैसे दिल्ली की जनता ने विधानसभा और निगम से भाजपा की विदाई की है और अब लोकसभा में भी उसे जवाब देगी।

# मेयर और डिप्टी मेयर के लिए महेश कुमार और रविंद्र भारद्वाज ने दाखिल किया अपना नामांकन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम के मेयर व डिप्टी मेयर पद के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने महेश खींची को मेयर व रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। अब महेश कुमार खिच्ची और रविंद्र भारद्वाज ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान सौरभ भारद्वाज और दिल्ली की मंत्री आतिशी मौजूद रही।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा था कि इस साल आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार 45 वर्षीय महेश खींची होंगे। महेश कुमार करोलबाग विधानसभा क्षेत्र के अंदतर्गत देवनगर वार्ड संख्या 84 से पार्षद हैं। वह वार्ड में काफी लंबे समय से सक्रिय हैं। दिल्ली के साथ-साथ पार्टी के लिए महेश खींची उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में चुनावी प्रचार में शामिल हुए। पिछले एक साल के काम को देखते हुए पार्टी ने उन्हें मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया। महेश दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम किया हुआ है।

वहीं, एमसीडी में डिप्टी मेयर के लिए 35 वर्षीय रविंद्र भारद्वाज को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। रविंद्र आंदोलन के समय से पार्टी से जुड़े हैं। किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अमन विहार वार्ड संख्या 41 से वर्तमान में दूसरी बार पार्षद हैं। नगर निगम की कई कमेटी में सदस्य भी रहे हैं।

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 15 साल तक एमसीडी में भाजपा का शासन था। हर पोलिसी के अंदर भ्रष्टाचार नजर आता था। लोग कूड़ा हटवाने के लिए चक्कर लगाते थे। 15 साल की गंदगी साफ करने में समय लगता है। कर्मचारियों को पहले वेतन नहीं मिलता था। एक साल में बहुत कुछ बदला है। अब एमसीडी से अच्छी खबरें आती हैं। अब समय से वेतन मिलता है। एक लाख से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया गया। कहीं कूड़ा है तो शिकायत के दो घंटे में साफ हो जाते हैं। अब नई पालिसी आ रही हैं। सड़कें बनाई गईं। ड्रेनेज साफ हो रहे हैं। मात्र एक साल में एमसीडी के बजट एक हजार करोड़ के मुनाफे का पेश किया। अरविंद केजरीवाल लगातार एक एक चीज पर नजर रखते थे। अभी कूड़े के पहाड़ खत्म करने समेत अन्य कई काम करने हैं।

# फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने किया रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन



नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा मे रघुराम ज्वैलर्स के उद्घाटन मे पहुंची मशहुर फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर. रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन विधिवत हवन पूजा के साथ किया गया। जहाँ कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव और रोहिणी जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त आलोक कुमार पहुंचे। उसके बाद फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। रघुराम ज्वैलर्स के ओनर राम यादव ने बताया की रघुराम ज्वैलर्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके पहले शोरूम का उद्घाटन भी करिश्मा कपूर कर चुकी है और आज कपिल बिहार स्थित नए शोरूम का उद्घाटन करिश्मा कपूर के हाथों किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर को देखने के लिए उनको चाहने वाले हजारों की संख्या में उपस्थित थे जो अपनी पसंदीदा हीरोइन की एक झलक पाने को बेताब थे। वही रघुराम ज्वेलर्स के उद्घाटन के मौके पर पहुंची करिश्मा कपूर ने भी अपने प्रशंसक को निराश नहीं किया और जमकर सेल्फी खिंचवाई। उद्घाटन के मौके पर करिश्मा कपूर ने रघुराम ज्वेलर्स की प्रशंसा करते हुए बोली कि इनके ओनर राम यादव प्रशंसा के पात्र हैं और उनके ज्वेलर्स शोरूम में गुणवत्तापूर्ण जेवरात मिलता हैं। रघुराम ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए भरोसे का प्रतीक है।

# आम आदमी पार्टी में बगावत, आप पार्षद नरेंद्र और विजय ने डिप्टी मेयर पद के लिए किया नामांकन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद पार्टी में बिखराव देखने को मिल रहा है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के दो पार्षदों ने बगावत करते हुए पार्टी के फैसले से इतर डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। आप ने अपने प्रत्याशी उतारे तो इससे नाराज पार्टी के पार्षद नरेंद्र कुमार और विजय कुमार ने बगावत करते हुए अपना नामांकन दाखिल किया है। नरेंद्र कुमार पश्चिमी दिल्ली के मंगलापुरी वार्ड से आम आदमी पार्टी के पार्षद है। वहीं, विजय 192 त्रिलोकपुरी वार्ड से पार्षद हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की, उसके कुछ देर बाद पार्टी के ही पार्षद नरेंद्र कुमार ने डिप्टी मेयर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है।

पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों ने भी भरा नामांकनः आम आदमी पार्टी ने करोल बाग के देव नगर वार्ड से पार्षद महेश खिची को मेयर और किराड़ी के अमन विहार से पार्षद रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर का प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा है कि दोनों लोग आंदोलन के समय से ही आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। जतना के बीच इनकी अच्छी पकड़ है। हमें पूरी उम्मीद है कि दोनों लोग एमसीडी में शुरू किए गए ह्यह्यआपह्रह्र सरकार के अच्छे कामों को आगे बढ़ाएंगे और जनता की सेवा करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि सीएम केजरीवाल ने मुफ्त बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसे काम करके दिल्लीवालों का दिल जीता है। एमसीडी में हुई हार से बौखलाई भाजपा ने आप को खत्म करने के लिए मनीष सिसोदिया के बाद सीएम केजरीवाल को झूठे केस में जेल भेज दिया। वहीं कुछ देर बाद ही पार्टी के पार्षद ने बगावत कर दी।

# आनंद विहार में बन रहा ट्रांसपोर्ट का मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन हब

## आरआरटीएस कॉरिडोर से जुड़ा मेट्रो स्टेशन



नई दिल्ली। आरआरटीएस कॉरिडोर का आनंद विहार स्टेशन ट्रांसपोर्ट का मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन हब बनेगा। एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेन का संचालन शुरू करने से पहले आनंद विहार स्टेशन पर मेट्रो और आरआरटीएस कॉरिडोर को जोड़ने का काम पूरा कर लिया है। दोनों स्टेशनों को कॉनकोर्स लेवल पर जोड़ने के लिए पाथवे बनाया गया है। नमो भारत ट्रेन का संचालन शुरू हो जाने के बाद इस ट्रेन से उतरकर ब्लू लाइन और पिंक लाइन मेट्रो में सफर करने के लिए यात्रियों को स्टेशन से बाहर नहीं निकलना पड़ेगा। वह इस पाथवे के जरिए एक ट्रेन से दूसरी ट्रेन तक पहुंच सकेंगे। यहां से लोग अन्य राज्यों के लिए बस और रेल का सफर भी शुरू कर सकेंगे। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर आनंद विहार के आरआरटीएस स्टेशन को मेट्रो स्टेशन के नजदीक बनाया गया है। आनंद विहार स्टेशन का ढांचा अब कॉनकोर्स लेवल तक बनकर तैयार हो चुका है। अब मेट्रो और आरआरटीएस के स्टेशनों को आपस में जोड़ दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया है, ताकि यात्रियों के लिए यातायात के अन्य संसाधनों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन प्लान के तहत यहां आरआरटीएस स्टेशन को न सिर्फ मेट्रो लाइन से बल्कि रेल नटवर्क, अंतरराज्यीय बस अड्डे समेत सभी परिवहन साधनों से कनेक्ट किया गया है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों व अन्य यात्रियों को एक ट्रांसपोर्ट सिस्टम से दूसरे ट्रांसपोर्ट सिस्टम तक आवागमन करने में आसानी होगी। मेट्रो और आरआरटीएस स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल को आपस में जोड़ने के लिए एस्कलेटर और लिफ्ट लगाई गई हैं, ताकि यात्री एक से दूसरे स्टेशन तक आसानी से पहुंच सके। लिफ्ट व एस्कलेटर लगाए गए दिल्ली सेक्शन पर बनाया जा रहा आनंद विहार स्टेशन भूमिगत होगा। 297 मीटर लंबे और 35 मीटर चौड़े इस स्टेशन पर प्लेटफार्म व कॉनकोर्स लेवल बनकर तैयार हो गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां तीन लिफ्ट लगाई गई हैं। इनमें एक लिफ्ट कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म पर जाने और दो मेट्रो स्टेशन तक आवागमन के लिए बनाई गई हैं। यहां पांच एस्कलेटर भी लगाए जा चुके हैं। इनमें तीन एस्कलेटर्स कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म पर आवागमन के लिए और दो मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए लगाए गए हैं। एनसीआरटीसी के सीपीआरओ ने बताया कि स्टेशन में ट्रैक बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है और फ्लोरिंग का काम अंतिम चरण में है। तकनीकी रूम भी बनकर तैयार हो चुके हैं। भूमिगत स्टेशन में रोशनी के लिए फसाड़ लाइटें लगाने और फॉल सीलिंग का काम कराया जा रहा है। रेलवे स्टेशन की ओर भी बनेगा प्रवेश द्वार आरआरटीएस के आनंद विहार स्टेशन में यात्रियों के लिए प्रवेश और निकास के लिए दो-दो द्वार बनाए जा रहे हैं। एक प्रवेश व निकास द्वार चौधरी चरण सिंह मार्ग की तरफ व एक आनंद विहार रेलवे स्टेशन की तरफ बनाया जाएगा। आनंद विहार रेलवे स्टेशन की ओर प्रवेश और निकास द्वार बन जाने से यहां नमो भारत ट्रेन और रेलवे स्टेशन तक भी यात्रियों का आवागमन आसान हो जाएगा। स्टेशन को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए गाजीपुर ड्रेन पर तीन पुलों का निर्माण कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। एक पुल के जरिए मुख्य मार्ग से आरआरटीएस स्टेशन में प्रवेश और दूसरे बाहर निकलने का रास्ता बनाया जाएगा। तीसरा पुल पैदल यात्रियों के लिए बनाया जा रहा है। इनमें से दो पुलों की स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है।

## संविधान बदलने और वोट का अधिकार छीनने के लिए मोदी मांग रहे 400 सीटें : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो फिर ये लोग संविधान बदल देंगे, चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार के छीन लेंगे। अब यह आशंका हर दिन और मजबूत होती जा रही है। इसके एक नहीं कई उदाहरण है जिससे लोगों में संविधान बदलने की धारणा और मजबूत कर रही है।

श्री सिंह ने कहा कि देश के लोगों के लिए बाबा साहब अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा है लेकिन भाजपा के लिए आरएसएस के प्रमुख संविधान लिखते हैं। आरएसएस को देश के संविधान में आस्था नहीं है इसीलिए वह इसको बदलना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सांसद और नेता घूम-घूमकर 400 सीटें मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी के घोटाले, पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए माफ करने जैसे मुद्दे पर चर्चा नहीं नहीं करते हैं। वह 400 सीटें इसलिए मांग रहे हैं क्योंकि उनको देश का संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के भाजपा सांसद लल्लू सिंह एक सभा में खुलेआम कहते हैं कि 400 सीट इसलिए चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। भाजपा की ज्योति मिर्धा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े भी कहते हैं कि 400 सीट दे दो, क्योंकि संविधान बदलना है। अभी हाल ही में मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा है कि भाजपा को 400 सीट चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। आप नेता ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखे गए देश के संविधान से अगर कोई छेड़छाड़ करेगा तो हम जान की बाजी लगाकर लड़ेंगे।

# आप से महेश खिची ने मेयर और रविंद्र भारद्वाज ने डिप्टी मेयर के लिए किया नामांकन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। आप की ओर से महेश खिची ने मेयर और रविंद्र भारद्वाज ने डिप्टी मेयर पद के लिए पर्चा दाखिल किया। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने दोनों प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि ये दोनों ही प्रत्याशी जमीनी स्तर के नेता हैं। आम आदमी पार्टी जमीन पर काम करने वाले अपने कार्यकताओं को न सिर्फ पहचानती है, बल्कि उनको आगे बढ़ने का मौका भी देती है। महेश खिची और रविंद्र भारद्वाज इसके ताजा उदाहरण हैं। मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा द्वारा गड़बड़ी करने की संभावनाओं पर वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कुछ माह पहले ही चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा वोटों की बेइमानी करते हुए रंगेहाथ पकड़ी गई थी। हमें पूरी उम्मीद है कि भाजपा अब एमसीडी के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में वैसी बेइमानी करने की हिम्मत नहीं करेगी।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि पार्टी ने एमसीडी में महेश खिची को मेयर और रविंद्र भारद्वाज ने डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। दोनों ही जमीनी स्तर के नेता हैं। महेश खिची को मेयर और रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर बनाना यह दिखाता है कि किस तरह से आम आदमी पार्टी जमीन पर काम करने वाले अपने कार्यकताओं को पहचानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव में गड़बड़ी और बदमाशी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा ने आज तक चुनाव में गड़बड़ी में करने में कभी कसर नहीं छोड़ी है। फिर भी मैं उम्मीद करती हूं कि दिल्ली की जनता ने एमसीडी में जो जनादेश और बहुमत दिया है, उसका भाजपा सम्मान करेगी और किसी भी तरह की गलत कार्रवाई करने की कोशिश नहीं करेगी। एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगी। कांग्रेस के पार्षद आम आदमी पार्टी के मेयर-डिप्टी मेयर प्रत्याशी को समर्थन देंगे।

आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एमसीडी के अंदर आम आदमी पार्टी का बहुमत है। दिल्ली की जनता ने बहुमत के साथ जीताकर आम आदमी पार्टी को भेजा है। आज मेयर पद के लिए महेश खिची और डिप्टी मेयर पद के लिए रविंद्र भारद्वाज ने नामांकन किया है। हमें उम्मीद है कि दोनों लोग दिल्ली के अंदर साफ-सफाई का अच्छा काम करेंगे। जिस तरह से चंडीगढ़ के अंदर मेयर चुनाव में वोटों की गड़बड़ी करते हुए इन लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने पकड़ लिया। मुझे लगता है कि इसके बाद भाजपा अब एमसीडी के मेयर चुनाव में बेइमानी करने की हिम्मत नहीं करेगी।

आम आदमी पार्टी से महेश खिची ने मेयर पद के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता पर इतना बड़ा विश्वास जताया है। मैं अन्ना आंदोलन के बाद राजनीति में आया और आम आदमी पार्टी में एक बूथ कार्यकर्ता था। उसके बाद पार्टी ने मुझे वार्ड अध्यक्ष बनाया और अब मुझे दिल्ली नगर निगम के मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली की जनता की भलाई के काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। अगर हम सच्ची मेहनत और लगन से काम करते हैं तो हर चुनौती का सामना कर पाएंगे। हम दिल्ली को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव हो जाएगा।

## भव्य वाल्मिकी रामायणजी का आयोजन

नई दिल्ली। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के धूमधाम से मनाए जाने के बाद अब भक्तों ने रामलला के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के उपलक्ष्य में पूर्वी दिल्ली के स्वास्थ्य विहार क्षेत्र में गुजरात विहार में राधा श्यामसुंदर ट्रस्ट व सभी भक्तजनों के सहयोग से 17 अप्रैल रामजन्मोत्सव से 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव तक भव्य वाल्मिकी रामायणजी का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में एक भव्य कलशयात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें 251 महिलाओं ने भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर कलश उठाए और नाचते-गाते हुए सुंदर कलश यात्रा से भव्य कथा का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध कथावाचक श्री गौरदासजी महाराज (वृंदावन) के मुखारविंद से भक्तजनों को महर्षि वाल्मिकीजी का चरित्र व लवकुश के बारे में सुनने को मिला। बड़े भव्य रूप में रामलला का जन्मोत्सव किया गया, जिसमें भक्तों ने खूब आनंद लिया और रामलला व तीनों भाइयों के पालने के दर्शन करके भक्त भावविभोर हो गए और श्रद्धाभाव से रामलला को पालना झुलाया। यह मनमोहक दृश्य देखते ही बनता था, जिसका वर्णन नहीं किया जा। बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएँ, पुरुष व वृद्ध सज-धजकर अपने आराध्य श्रीराम के जन्मोत्सव का आनंद उठाने आए थे

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धि पत्र

ई–नीलामी के माध्यम से दिल्ली डिवीजन में पार्किंग अनुबंधों के आवंटन के लिए एनआईटी दिनांक 17.04.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों और आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) में प्रकाशित की गई थी। अब, बोलीदाता कृपया ध्यान दें कि आनंद विहार एक्सेस कंट्रोल राइट्स (एएनवीटी) पार्किंग साइट के लिए बोली खोलने की तारीख 03.05.2024 (पार्किंग–03–2024) से बदलकर 07.05.2024 (पार्किंग–05–2024) कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

**No. : 23AC/393/E Auction/2022 Date: 18.04.2024** **1163/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## साउथ वेस्ट दिल्ली में 5 गिरफ्तार, स्कूटी, मोबाईल बरामद

- स्ट्रीट क्राइम और वांटेड के खिलाफ चलाया था अभियान

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अलग-अलग थाना की पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में दो भगोड़ा आरोपी सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की स्कूटी, मोबाईल, सब्जी और फ्रूट बेचने में इस्तेमाल होने वाला दो रेहड़ी रिक्शा भी बरामद किया गया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया की स्ट्रीट क्राइम को कंट्रोल करने के लिए लगातार का कारवाई की जा रही है। उसी अभियान के तहत पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

**35 मामलों में शामिल आरोपी सहित दोस्त को पकड़ा**

पहले मामले में सागरपुर थाना की पुलिस टीम ने 35 मामलों में शामिल आरोपी गगन कुमार उर्फ रॉबिन और उसके साथी अंकित शर्मा को पकड़ा। जो पहले से लूट, स्नैचिंग और चोरी के वारदात में शामिल रहा है। यह दोनों जनकपुरी और उत्तम नगर इलाके के रहने वाले हैं। इनके पास से चोरी की स्कूटी और फ्रूट वेजिटेबल बेचने वाला रेहड़ी बरामद किया गया। एसएचओ के बी झा की पुलिस टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक इनफॉरमेशन की मदद से दयाल पार्क के पास इन दोनों को पकड़ा। जिस स्कूटी से दोनों जा रहे थे वह चोरी की निकली। कुछ दिन पहले सागरपुर इलाके से चुराई गई थी। पूछताछ से पता चला कि गगन कुमार पर 35 मामले दर्ज हैं। यह अभी तक बिंदापुर, जनकपुरी, उत्तम नगर, विकासपुरी, सागरपुर और रनहोला थाना इलाकों में वारदात को अंजाम दे चुका है।

**कापसहेड़ा पुलिस ने शातिर बदमाश को पकड़ा**

दूसरे मामले में कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। यह पहले से भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्यम के रूप में हुई है, यह या राजोकरी का रहने वाला है। हेड कांस्टेबल दिनेश, विक्रम की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसके बारे में पता लगा करके इसे पकड़ा। इसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया।

**एंटी स्नैचिंग सेल ने भगोड़ा घोषित आरोपी को दबोचा**

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी स्नैचिंग सेल की टीम ने कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सतीश शर्मा के रूप में हुई है, यह गाजियाबाद यूपी का रहने वाला है। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार की टीम ने इसे टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगा करके पकड़ा। लगभग आठ साल पुराने 2016 के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने इस साल भगोड़ा घोषित किया था। यह पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलकर छुप रहा था।

**पालम गांव थाना की पुलिस ने किया वांटेड गिरफ्तार**

एक अन्य मामले में पालम गांव थाना की पुलिस टीम ने आरोपी देवेंद्र कुमार आर्य को पकड़ा है। जो राजस्थान का रहने वाला है। इसे द्वारका कोर्ट ने 2017 में दर्ज हुए एक मामले में भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस टीम काफी समय से इसकी तलाश कर रही थी।

## ओल्ड फर्नीचर के गोदाम में रात लगी भीषण आग

- 90 फायर कर्मियों ने पौने 2 घंटे में काबू पाया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



गर्मी के मौसम में लगातार आग लगने की घटना हो रही है। बीती राज साउथ ईस्ट दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में ओल्ड फर्नीचर के स्टोरेज में आग लग गई और देखते ही देखते काफी बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां पहुंच गई और आग बुझाने में जुटी रही।

चीफ फायर ऑफिसर वीरेंद्र सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि फायर कंट्रोल रूम को रात 10:20 पर आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर तुरंत नजदीक के अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली गाड़ियां भेज दी गई। आग की हालत को देखते हुए कुल 18 गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई थी। साथ ही डिविजनल ऑफीसर राजेंद्र अटवाल, मनोज शर्मा, एडीओ यशवंत मीणा और आरके यादव सहित 90 फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। एक घंटा 40 मिनट की मशक्कत के बाद फायरकर्मी आग बुझाने में कामयाब हुए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। लेकिन फायर कर्मियों ने सूझबूझ से काम किया और बहुत बड़े हिस्से को आग की चपेट में आने से बचा लिया। यहां पर साढ़े 700 स्क्वायर यार्ड में रखे हुए ओल्ड फर्नीचर के गोदाम में आग लगी थी। मौके पर पहुंचने में फायर की गाड़ियों को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जिसकी वजह से समय पर गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया।

## करोल बाग से दो शराब तस्कर किया गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शराब तस्करी के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1414 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। गिरफ्तार किया गए आरोपियों की पहचान हिमांशु गुप्ता और दीपांशु के रूप में हुई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि शराब तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी को भी जप्त कर लिया गया है। जब उस गाड़ी की जांच की गई तो पता चला की पहले से सराय रोहिल्ला थाना इलाके से चुराई थी। इनके बारे में एक सूचना मिली थी की ये शराब की खेप लेकर करोलबाग इलाके में आने वाले हैं। इस सूचना पर एंटी नारकोटिक सेल के इंस्पेक्टर राजेश शर्मा, एसआई सुधीर यादव की टीम ने करोल बाग इलाके में ट्रैप लगाकर पकड़ा। इनके खिलाफ देशबंधु गुप्ता रोड थाना में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## काला टी शर्ट पहन जामुन ने युवती से लूटा मोबाईल

- तीसरी आंख ने उसकी पहचान करा भिजवाया तिहाड़

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



पटेल नगर थाना की पुलिस टीम ने एक युवती से स्नेचिंग के एक मामले का 5 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल पहुंचा दिया है। उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया गया और तीन मामलों का खुलासा भी किया गया है। डीसीपी के अनुसार एक युवती शाम के समय खन्ना मार्केट, पटेल नगर की तरफ जा रही थी। एक शख्स जिसने काले रंग का टी शर्ट पहन रखा था, वह अचानक उसके पास पहुंचा और उसका मोबाइल छीनकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित लड़की ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

एसएचओ विक्रम दहिया की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से तुरंत छानबीन शुरू की। मोबाइल छीनने वाले ने ब्लैक रंग का टी शर्ट पहन रखा था और मैचिंग लोअर भी पहना हुआ था। इस कपड़े की पहचान के आधार पर पुलिस टीम आसपास के फुटेज को भी चेक किया। लोकल इनफॉर्मर को भी जानकारी दी, जिसके कारण पुलिस 5 घंटे के अंदर इस आरोपी का पता लगाकर उसे पकड़ने में कामयाब वही।

उसकी पहचान सुमित उर्फ जामुन के रूप में हुई है। यह बलजीत नगर का रहने वाला निकला। युवती से छिना गया मोबाइल भी बरामद किया गया। यह कीर्ति नगर और पटेल नगर में तीन मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से दो मामलों का खुलासा किया गया है।

## कालिंदी कुंज में जानलेवा हमले में तीन गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ा
- चार दिन पहले हुआ था पीड़िता पर हमला

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



क्राइम ब्रांच की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सौरभ उर्फ लेफ्टी, अभिषेक उर्फ भोला और सनी उर्फ गोरा के रूप में हुई है। इनकी तलाश कालिंदी कुंज थाना की पुलिस टीम कई दिनों से कर रही थी। डीसीपी राकेश बावरिया ने बताया कि उनके बारे में टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एसीपी नरेश सोलंकी की देखरेख में इंस्पेक्टर विजयपाल दहिया, एसआई राजेश एएसआई विजुमन और हेड कांस्टेबल अरविंद इत्यादि की टीम ने पता लगाकर गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मदनपुर खादर के रहने वाले रमजान पर 14 अप्रैल की रात में हमला करके बुरी तरह पिटाई कर दी थी। उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। पुलिस को पता चला कि रमजान की इनफार्मेशन पर एटीएस साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट ने 483 किलो गांजा जप्त किया था। इस मामले में मोहम्मद हफीज जो अबुल फजल एनक्लेव का रहने वाला है, वह अपने सहयोगियों के साथ फरार चल रहा था और लगातार रमजान पर दबाव बना रहे थे। साथ ही लगातार धमकी भी दे रहे थे।

मौका देखकर उन्होंने 14 अप्रैल की रात 9:00 बजे रमजान पर हमला कर दिया जब वह अपने दोस्त के घर पर था। घायल हालत में उसे एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। उस मामले में कालिंदी कुंज थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## मंदिर के पास नबालिक ने लूटा मोबाईल

**संवाददाता**

अंबेडकर नगर थाना की पुलिस ने एक नाबालिक को हिरासत में लिया है, जो झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके पास से दो मोबाइल भी बरामद किया गया है, जो अंबेडकर नगर थाना इलाके से छीना गया था। डीसीपी के अनुसार 15 अप्रैल को दोपहर में दुर्बल नाथ मंदिर के पास मोबाइल स्नेचिंग की वारदात हुई थी। उस मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। पीड़ित से पूछताछ की गई और फिर मोबाइल छीनने वाला जिस रूट की तरफ से भागा था, पुलिस ने वहां तक पता लगाया। लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया। उसके बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू की। फिर इस आरोपी के बारे में पुलिस को पता चल गया और उसके आधार पर इसका पता लगाकर पकड़ा गया। पता चला की आरोपी नाबालिक है। इसके खिलाफ जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## गुम हुई नबालिक लड़की को ढूंढा




**संवाददाता**

संगम विहार थाना की पुलिस ने 11 साल की लापता नाबालिक लड़की को बरामद करके परिवार वालों को सौंप दिया है। यह 16 अप्रैल को लापता हो गई थी। परिवार वालों ने जब काफी ढूंढा और नहीं मिली तो पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने FIR दर्ज किया और छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, लोकल इनफॉरमेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए लड़की के बारे में पता लगाना शुरू किया गया। आसपास के थानों को भी इसकी जानकारी दी गई और इसकी वजह से पुलिस लड़की को जे ब्लॉक में ढूंढने में कामयाब हुई। कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया।

## बीजेपी की तरफ से मेयर और डिप्टी मेयर के लिए कृष्ण लाल और नीता बिष्ट ने भरा नामांकन



नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की तरफ से महापौर और उप महापौर के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन भर दिया है। वहीं, बीजेपी ने भी महापौर और उप महापौर के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बीजेपी की तरफ से महापौर के लिए वार्ड नंबर 62 शकूरपुर से कृष्ण लाल को प्रत्याशी बनाया है। जबकि, उप महापौर पद के लिए नीता बिष्ट को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही उम्मीदवारों ने आज अपना नामांकन भर दिया है।

नामांकन भरने के बाद महापौर पद के लिए प्रत्याशी कृष्ण लाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। पूरी उम्मीद है कि इस बार निगम में बीजेपी का महापौर और उप महापौर और चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं शकुरपुर के वार्ड से चुना गया हूं। मेरे साथ डिप्टी मेयर के लिए नीता बिष्ट ने नामांकन भरा है। इस बार भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है। वहीं, नीता बिष्ट का कहना है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वच्छता को लेकर हमारे विशेष मुद्दे रहेंगे।

वहीं, दिल्ली के पूर्व उप महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस बार दिल्ली बीजेपी का नगर निगम में मेयर बनने जा रहा है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने पिछले डेढ़ साल से कोई निगम में काम नहीं किया है। जनता त्रस्त है। जनता को साफ सफाई चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षद खुद पार्टी से नाराज है। इस बार बीजेपी का मेयर और डिप्टी मेयर बनने जा रहा है। बता दें, आम आदमी पार्टी ने महेश खींची को मेयर व रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है।

## नॉर्थ दिल्ली पंजाबी सोसाइटी (रजिस्टर्ड) ने मनाया अपना वार्षिक बैसाखी उत्सव बड़ी धूमधाम से

- बैसाखी पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी विरासत अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करती है
- नॉर्थ दिल्ली पंजाबी सोसाइटी (रजिस्टर्ड)
- अपनी नई पंजीरी युवा वर्ग को अपनी पंजाबी सभ्याचार का पता होना बहुत जरूरी है : गुरमीत सिंह, चेयरमैन, सांडोज रेस्टोरेंट
- बैसाखी के माध्यम से हिंदू नव वर्ष भी हम मना रहे हैं: राकेश पाहवा, ऑगेर्नाइजिंग कमिटी
- बैसाखी पर नई फसलों की कटाई समृद्धि का प्रतीक है : संदीप मदान, एडवाइजरी कमिटी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नॉर्थ दिल्ली पंजाबी सोसाइटी (रजिस्टर्ड) ने गोल्डन एप्पल रोड नंबर 43 नियर बालभारती मंदिर पीतमपुरा में बैसाखी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। प्रसिद्ध सिंगर भूपेंद्र सिंह भूपी ने अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में संयुक्त गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल जी भी सम्मिलित हुए।

भाजपा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल जी ने भी अपनी शिरकत की। ऑगेर्नाइजिंग कमिटी ने दोनों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भांगड़ा, गिद्दा, संगीत, चाट पकौड़ी चलती रही और लोगों ने उसका लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट एक्सपीरियंस गुरमीत सिंह चेयरमैन, सैंडोज रेस्टोरेंट थे। बैसाखी इवेंट ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के सदस्य राकेश पाहवा, हर्ष पाल नांद्रा, हरीश लूथरा, राजेश खन्ना, जतिंदर वाधवान, कबीर टंडन, तरुण मदान, नरेश सहगल ने सभी का स्वागत किया। एडवाइजरी कमेटी के सदस्य संदीप मदान, जवाहर लाल लूथरा, सुशील वीज, प्रेम खुराना, अर्जुन दास, अरोड़ा, गुरदयाल सिंह, सुरेश सहगल, नरेश सहगल, प्रवीण वाधवान, रजनीश सरीन, विक्की शर्मा, राजेश चावला ने सभी सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की कमेटी में विकास भाटिया, करुण कोहली, श्यामलाल सचदेवा, सुरेंदर चावला, रमन कपूर, विमल कपूर, जगमोहन नंदा, रमेश ग्रोवर ने सभी मेहमानों की सुविधा का ध्यान रखा। कार्यक्रम की मीडिया और प्रचार कमेटी सुरेंद्र बत्रा, विनोद मेहता, शंकर अरोड़ा, हरीश वर्मा, अमरजीत सिंह, मल्होत्रा, दविंदर कुमार चोपड़ा, सुमित चावला, सुभाष विज, विशाल अरोड़ा, संजय डाल ने सभी का गेट पर स्वागत किया।

कार्यक्रम की वेलकम कमेटी में श्रुति बंसल, राजेश चौधरी, विकी सहगल बलदेव क्वात्रा, रविंद्र क्वात्रा, सुधीर टंडन, अशोक अरोड़ा, रमन मरवाहा, राकेश सिधाना, ने सबका स्वागत किया। स्वागत कमेटी पुरुषों में राजेश निजामन, सुभाष नंदा, पुनीत चोपड़ा, प्रमोद गुंबर, हरीश वर्मा, अभय महाजन, संजय मल्होत्रा, राकेश सहगल, चंद्र वर्मा, मुकेश हरजाई, आदित्य भास्कर, योगेश लूथरा और भारत भूषण मेहमानों का रजिस्ट्रेशन डेस्क पर स्वागत किया।

अतिथि स्वागत कमेटी (महिला) में कविता लूथरा रचना लूथरा मोनिका लूथरा, नीना मदान,राशि अरोड़ा, शालिनी टंडन, सुनीता सहगल नीता वाधवान, सुदेश खुराना, आईना सरीन, सिम्मी वाधवान, रितु मेहता, मीनू चावला, रोजी मल्होत्रा, पूजा चावला, शालिनी डाल, आंचल पाहवा, वीणा नांद्रा ,रेखा खन्ना, अनु मल्होत्रा, हनीप्रीत कौर, सुकोमल कौर, अमीशा डेमला, भारती हरजाई, एकता महाजन, मोनिका भास्कर, अंबिका कपूर ने

सभी महिला अतिथियों का ध्यान रखा।

## कुतुब मीनार का दीदार करने भारी संख्या में पहुंचे पर्यटक, फ्री टिकट का जमकर उठाया लुत्फ

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क कर दिया गया है।

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



यदि आप लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा सहित दिल्ली के अन्य स्मारकों को देखने का मन बना रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पर्यटकों के लिए दिल्ली की तमाम ऐतिहासिक धरोहरों को फ्री देखने का आदेश जारी किया है, क्योंकि आज विश्व धरोहर दिवस है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क कर दिया गया है। दिल्ली के 11 स्मारकों में टिकट लगता है जिसमें कुतुब मीनार, लाल किला हुमायूं का मकबरा, पुराना किला, सफदरजंग का मकबरा, तुगलकाबाद का किला, फिरोजशाह कोटला स्मारक, जंतर मंतर आदि मुख्य रूप से शामिल है। हर साल 18 अप्रैल को देश और दुनिया में विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का महत्व बताना है। साथ ही लोगों को उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। आज विश्व धरोहर दिवस पर कुतुब मीनार को देखने के लिए भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे। कुतुब मीनार दिल्ली का सबसे प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। हजारों की संख्या में पर्यटक कुतुब मीनार का दीदार करने के लिए आते हैं। विश्व धरोहर दिवस के मौके पर आज कुतुब मीनार का टिकट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से निशुल्क कर दिया गया है। हालांकि, जो लोग कुतुब मीनार का दीदार करने के लिए अलग-अलग राज्यों से पहुंचे थे उन्हें इस दिन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जब वह टिकट लेने के लिए काउंटर पर पहुंचे तो फ्री टिकट सुनकर खुश हो गए। मीडिया से बातचीत में पर्यटकों ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। हम तो कुतुब मीनार का दीदार करने के लिए आए थे। लेकिन जब टिकट काउंटर पर पहुंचे तो वहां पर टिकट फ्री बताया गया। लखनऊ से कुतुब मीनार घूमने के लिए आई एक महिला ने बताया कि टिकट फ्री था। कुतुब मीनार घूमने के बाद काफी मजा आया। एक और व्यक्ति ने बताया कि इस दिवस के बारे में लोगों को कोई जानकारी नहीं थी। इसलिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को ऐसा कोई कार्यक्रम करवाना चाहिए, तोकि लोगों को पता चले कि आज विश्व धरोहर दिवस है।

## श्रेयस तलपड़े और तनीशा मुखर्जी स्टारर फिल्म लव यू शंकर आस्था और भक्ति की दिलकश दास्तां बयां करती है

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



एनिमेशन और वास्तविक किरदारों के अद्भुत संगम से बनी अनोखी फि ल्म लव यू शंकर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया जिसे लोगों का काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. पौराणिकता और आधुनिकता के मेल से बनी लव यू शंकर धार्मिक आस्था, आपसी दोस्ती और रोमांच से भरपूर ऐसी मनोरंजक और जादुई कहानी को पेश करती है जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह से मुग्ध हो जाएंगे. गौरतलब है कि लव यू शंकर का निर्देशन राजीव एस. रूईया ने किया है, फि ल्म की निमार्ता हैं एसडी वर्ल्ड फि ल्म्स प्रोडक्शन से संबंध रखने वाली सुनीता देसाई. फि ल्म में श्रेयस तलपड़े, तनीशा मुखर्जी, अभिमन्यु सिंह, संजय मिश्रा, हेमंत पांडे और मन्न गांधी जैसे बेहतरीन कलाकार विविध तरह के रोचक किरदारों में दिखाई देंगे.

लव यू शंकर की कहानी का ताना-बाना बनारस जैसे पवित्र व आध्यात्मिक शहर के रूप में मान्यता रखने वाले बनारस की पृष्ठभूमि में बुना गया है. फि ल्म की कहानी आठ साल के एक एक छोटे से बच्चे और विष्णु भगवान के अवतार माने जाने वाले शिव के बाल स्वरूप के बीच बने अनूठे रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है. यह फि ल्म पूरी तरह से एक पारिवारिक फि ल्म है जिसका लुत्फ पूरे परिवार के साथ मिलकर उठाया जा सकता है.

बड़े पर्दे पर तरह तरह की भूमिकाओं को उम्दा तरीके से निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने ट्रेलर रिलीज के बाद कहा, इस फि ल्म में काम करना मेरे लिए एक बेहद खुशनुमां अनुभव रहा. यह एक ऐसी फि ल्म है जिसे देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा और आप दुनिया में होने वाले चमत्कारिक घटनाओं को नये नजरिए से देखने के लिए मजबूर हो जाएंगे. इस तरह की फि ल्म सीधे दर्शकों के दिलों में उतरने का माद्दा रखती हैं जो हमारी फि ल्म को और भी खास बनाती हैं. मुझे ह्यलव यू शंकरह्ण जैसी बेहतरीन फि ल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार रहेगा. एक बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री के तौर पर अपनी पहचान रखने वाली तनीषा मुखर्जी ने कहा, मैं इस फि ल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं. यह एक बेहद खूबसूरत फि ल्म है. यह एक ऐसी दास्तां बयां करती है जो सीधे तौर पर आपके दिल को छू जाएगी. यह फि ल्म आपको जीवन में हरदम बड़ी सोच रखने की नसीहत भी देती है. ऐनिमेशन के रूप में पेश किये गये नन्हे शिव को देखकर आपके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी और उसकी हरकतें आपको खूब गुदगुदाएंगी.

लव यू शंकर के निदेशक राजीव एस. रूईया ने फि ल्म के बारे में बात करते हुए कहा, लव यू शंकरह्ण बनाने का हमारा मकसद लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उन्हें भक्ति भाव से परिपूर्ण इस अनूठी कहानी के जरिए प्रेरित करना है. यह फि ल्म दर्शकों को बनारस की दिव्य और जादुई यात्रा पर ले जाएगी. एक ऐसा सफर है जो आपके लिये एक यादगार सफर साबित होगा. फि ल्म की निमार्ता और एसडी वर्ल्ड फि ल्म प्रोडक्शन की संस्थापक सुनीता देसाई ने फि ल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा, हम लव यूं शंकर को लोगों के सामने पेश करने के लिए बहुत ज्यादा रोमांचित महसूस कर रहे हैं. हमें फि ल्म की रिलीज के साथ साथ लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं. यह फि ल्म यकीनन लोगों को काफी पसंद आएगी. उल्लेखनीय है कि ह्यलव यू शंकरह्ण इसी साल 19 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. इस अनूठी फि ल्म को हिंदी के साथ साथ तमिल, तेलुगू और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया जाएगा.

## सीलमपुर हत्या1कांड मामले के दो आरोपी गिरफ्तार, इलाके में खौफ कायम करने के लिए शख्स को गोलियों से भूना

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नॉर्थ ईस्टल जलिे के सीलमपुर में हुई सनसनीखेज हत्यालकांड को पुलसि ने सुलझा लयिा है। स्पे्शल स्टॉ फ की टीम ने दो आरोपयिों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सीलमपुर थाना पुलसि पहले ही एक नाबालगि आरोपी को पकड़ चुकी है। अब फरार दोनों आरोपयिों को भी गरिफ्तार कर लयिा है, जन्हिोंने इलाके में अपनी दहशत कायम करने के लिए इस वारदात का अंजाम दयिा था। आरोपयिों की पहचान सलमान उर्फ फैजान उर्फ नाता और शोएब उर्फ मस्ताोन के रूप में की गई है। दोनों की उम्र 20 साल है और न्यू सीलमपुर इलाके में रहते हैं।

नॉर्थ ईस्टा जलिा डीसीपी जॉय टर्की ने बताया कर्ि 12 अप्रैल की सुबह 11:34 मनिट पर सीलमपुर थाना पुलसि को कॉल मलिी थी कर्ि ई-ब्लॉ1क, कबाड़ी मार्केट में एक शख्सक को गोली मार दी गई है। इस शख्सक की पहचान 35 वर्षीय शाहनवाज पुत्र मोहम्मरद युसूफ के रूप में की गई थी, जो ई-13, झुग्गीम ए-254, न्यू सीलमपुर, दल्लिी का नवािसी के रूप में की गई। उसके सिर में पीछे से गोली मारी गई थी। उसको घायलावस्थाए में पास के अस्पीताल जगप्रवेश चंद्र हॉस्पि्सुटल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायल होने की वजह से उसको जगप्रवेश चंद्र अस्पतताल से एलएनजेपी अस्प ताल रेफर कर दयिा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पर चलते समय एक लड़के ने शाहनवाज को पीछे से नजदीक से गोली मार दी। घटनास्थल पर 7.65 एमएम की एक गोली भी बरामद हुई थी।

घटना से अगले दनि हो गई थी घायल शख्सय की मौतः घटना से अगले दनि यानी 13 अप्रैल की शाम 05:14 बजे एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली थी कर्ि पीड़ित शाहनवाज ने दम तोड़ दयिा है। इसके बाद पुलसि ने आईपीसी की धारा 302 को भी एफआईआर में जोड़ दयिा। इस घटना के बाद सीलमपुर थाना पुलसि ने हत्यान का प्रयास करने के साथ-साथ आईपीसी की अलग-अलग धाराओं और ऑर्म्सथ एक्टा में मामला दर्ज कयिा था। एक अन्यक मामला 16 अप्रैल को वेलकम थाना में ऑर्म्सर एक्टए की धाराओं में दर्ज कयिा था। इन फरार आरोपयिों की गरिफ्तारी के बाद अब दोनों मामलों को सुलझाने का दावा पुलसि ने कयिा है। यह दोनों आरोपयिों पहले भी हत्या। के प्रयास और लूटपाट के दो मामलों में संलप्ति रह चुके हैं।

इस घटना के तुरंत बाद एसीपी/ऑपरेशंस राजेंद्र कुमार की नगिरानी में नॉर्थ ईस्टय जलिा स्पेशल स्टॉ्फ इंस्पे क्टएर राहुल अधकिारी के नेतृत्वह में टीम का गठन कयिा गया था। इसमें एसआई प्रमोद और सुखबीर सहिं, एएसआई अमति त्योगी, संजीव, राजीव त्योगी और उपेंद्र, हैड कांस्टॉबल दीपक, सुशील, वजिय के अलावा कांस्टेबल वकिास और महलिा कांस्टीबल सीमा को शामलि कयिा गया था। घटना के तुरंत बाद मौके पर क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम ने भी नरीक्षिण कर सबूत एकत्र कएि थे।आरोपयिों का पता लगाने को खंगाले सीसटीवी फुटेजः आरोपयिों का पता लगाने के लएि सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। इसके बाद नाबालगि को पकड़ा गया और फरार दो अन्ये आरोपयिों की पहचान फैजान और शोएब के रूप हुई, जनिकी सरगर्मी से तलाश की गई। इसके बाद टीम को अपने स्थाफनीय मुखबरिों से सूचना मलिी। इसके बाद उनको वेलकम इलाके से धरदबोचने का जाल बछिाया गया। इन दोनों की गरिफ्तार के बाद पुलसि ने इनके पास से 2 देशी पिस्टोल और 2 जिन्दा कारतूस बरामद कएि हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से दो घर राख

वैशाली ।थाना क्षेत्र के खड़गौलिया में अचानक आग लग जाने से दो घर जलकर राख हो गया।इस घटना में घर का सारा समान जलकर राख हो गया। अग्नि प्रीत परिवारों ने बताया कि काफी धूप होने के कारण गुरुवार को घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। उसी दौरान दोपहर में अचानक घर में आग लग गई। जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपट तेज होने जाने पर पड़ोस के लोगों ने घरवालों को आवाज देकर जगाया।बाद में आसपास के लोगों एवं वैशाली पुलिस फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया।अग्नि पिरित मुसाफिर राय , जय मंगल राय ने बताया कि घर में 5 क्विंटल गेहूं, चौकी-कुर्सी, बर्तन आदि सामान जलकर राख हो गया। सरपंच धर्मेंद्र कुमार मुखिया प्रतिनिधि दिनेश राय, पूर्व मुखिया अखिलेश राय ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी सहायता दिलवाने एवं हर सम्भव सहायता का भरोसा दिया।

### ससुराल आए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

मुजफ्फरपुर ।सुसराल आए एक युवक की आज अहले सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई।घटना मिठनपुरा थानान्तर्गत कन्हौली मोड़ के पास की है। पूर्वी चम्पारण का संदीप सहनी मुसहरी प्रखंड के रोहुआ स्थित अपनी ससुराल आया हुआ था।आज सुबह वह मोटरसाइकिल से ससुराल से शहर जा रहा था। कन्हौली मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे रखे पत्थर से जा टकराई।. वहीं इस घटना में घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक जख्मी हो गया।.घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगो के बीच अफरा तफरी मच गई जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की सुचना मिठनपुरा थाना को दी। . सुचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस की टीम पहुंच कर मामले की जांच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। मृत युवक की पहचान पूर्वी चंपारण के रहने वाला अशेशर सहनी के पुत्र संदीप सहनी के रुप में हुई है।

# मां को गाली देने पर भड़के चिराग, तेजस्वी पर साधा निशाना, कहा महिलाओं का अपमान जंगल राज का दिलाता है याद

● जैसा नेत्वृतकर्ता,वैसा उसका कार्यकर्ता : चिराग

प्रात : किरण, संवाददाता, संजय कुमार




जमुई बताते चलें कि दो दिन पूर्व वायरल वीडियो में तेजस्वी के चुनावी सभा में भीड़ ने चिराग की मां को दी गाली। मां को गंदी गंदी गालियां दिए जाने को लेकर चिराग पासवान ने घोर निंदा की और इस बात से हताहत होकर लोजपा प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मेरे सामने अगर कोई आदरनीय राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती के बारे में ऐसा बोलता तो मैं बर्दाश्त नहीं करता। चिराग पासवान ने कहा कि शब्द समझ में गाली गलौज का इस्तेमाल करना कतई उचित नहीं है। किसी की मां बहनों को सारे आम गाली देना महिलाओं का अपमान है। जो लोग महिलाओं का ही सम्मान नहीं करते, वो अपने क्षेत्र की जनता का क्या रक्षा कर पाएंगे। चिराग पासवान भावुक होते हुए कहां की जो व्यक्ति अपने मां अपने परिवार के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता वो अपने क्षेत्रवासियों की क्या रक्षा कर पाएगा। चिराग पासवान तीखा प्रतिक्रिया करते हुए कहां की जैसा नेत्वृतकर्ता, वैसी ही उसका कार्यकर्ता भी हैं। साल 1990 की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वह जंगल राज को याद दिलाता है।जमुई जिले में एक चुनावी सभा को जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव संबोधित कर रहे थे । वायरल वीडियो में तेजस्वी यादव के भाषण के दौरान राजद के पूर्व मंत्री विजय प्रकाश के सामने ही भीड़ से राजद के कार्यकर्ता ने पूर्व मंत्री सह जमुई के पूर्व विधायक विजय प्रकाश को पुकार कर जमुई के लोकप्रिय सांसद चिराग पासवान के मां को गाली दी। परंतु इस घटनाक्रम के बाद पूर्व मंत्री विजय प्रकाश हाथ जोड़कर कार्यकर्ता को समझते हुए देखे गए। प्रेस वार्ता के दौरान चिराग पासवान के आंखों से छलका आंसू और उन्होंने कहा कि राजद के संस्कार ,सोच - विचार,आचरण इस से परिलक्षित होती है कि जैसा राजद का नेता वैसा ही उसका परिवार,यही तो जंगल राज के यादों को करता तरोताजा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चिराग पासवान कहां कि हमने गौतम बुद्ध , महावीर के धरती पर अपना 10 साल का कार्यकाल पूरा किया है।आप लोगों का प्यार स्नेह और भरपूर समर्थन मिला है और आशा करता हूं कि वहीं प्यार स्नेह हमारे जीजा जी और जमुई लोकसभा के प्रत्याशी अरुण भारती जी को देगें। राजद का मतलब ही है झूठ,फरेब,बेजुबानी की आदत। यहीं जंगल राज्य सरकार की सोच थी,कुशासन की सरकार थी,जिसे हम - आप ने सुना है और उस याद को ताजा किया है।हम जमुई के मतदाता मालिक से अपील करता हूं कि इसका जवाब आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर के दें और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में कामयाबी हासिल करें।

# ग्रीष्मावकाश में शिक्षक छात्र की ले रहे हैं स्कूल पहुंचकर विशेष कक्षाएं

● पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष के तहत चल रही है विशेष कक्षा

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर ।शिक्षा विभाग के निर्देश पर जिले सहित पूरे सूबे में इस बार शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में बच्चों की कक्षा लेना है महज बच्चों के लिए गर्मी छुट्टी दी गई है। पर शिक्षक स्कूल पहुंचकर विशेष कक्षा के साथ ही अन्य कार्य करेंगे।

शिक्षकों के लिए राहत की बात महज यह है कि इस दरम्यान महज दो से ढाई घंटे ही स्कूल में रहेंगे।सभी सरकारी स्कूलों में सोमवार से एक माह के लिए छात्र व छात्राओं के लिए ग्रीष्मावकाश हो गई है। हालांकि पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए मिशन दक्ष के तहत स्कूलों में विशेष कक्ष ली जा रही है।गर्मी की अवकाश में स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे के बाद प्रारंभिक स्कूलों में बच्चों को एमडीएम खिलाकर छुट्टी देने का आदेश है,

जो ग्रीष्मावकाश में खुले रखे गए हैं।पहल पहली बार है जब एक तो गर्मी की अवकाश पहले घोषित हो गई है तो दूसरी ओर शिक्षकों के लिए स्कूल खुले रखे गए हैं। यहां तक की गर्मी छुट्टी से पहले अप्रैल से सुबह कालीन स्कूल भी नहीं हुई।वहीं इस बार गर्मी की अवकाश पूर्व के सालों से पहले दे दी गई है। शिक्षकों का अवकाश रद्द होने से नाराजगी देखी जा रही है।

# राजद उम्मीदवार के समर्थन में पूर्व डिप्टी सीएम ने किया सभा को संबोधित



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मधेपुरा के रासबिहारी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। मधेपुरा लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी कुमार चंद्रदीप के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता पूरे देश में संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। यह बाबा साहेब अंबेडकर का लिखा हुआ संविधान है, किसी माई के लाल में दम नहीं जो संविधान को बदल सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, दवाई, सिंचाई के बारे में बात नहीं होती है। यही मोदी जी पहले कहते थे सत्ता में आएंगे अच्छे दिन लाएंगे। हर एक के खाते में 15-15 लख रुपए देंगे। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। किसानों की आय दुगुना कर देंगे। 2022 तक सबका पक्का मकान बना देंगे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देंगे। लेकिन उनके 10 साल के शासनकाल में इनमें से एक भी काम नहीं हुआ। उन्होंने लोगों से कहा कि उनके जुमलेबाजी में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हर जगह चुनाव प्रचार में जा रहे हैं, लेकिन नौकरी और किसान की बात नहीं करते हैं। महंगाई, गरीबी कैसे हटाएंगे इसके बारे में कोई चर्चा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मधेपुरा हमारे पिता की कर्मभूमि रही है। यहां के लोगों ने हमेशा मान-सम्मान देने का काम किया है। विधानसभा में भी आप लोगों ने मधेपुरा सीट जीताया। उन्होंने कहा कि हमने 2020 में चुनाव प्रचार के दौरान 10 लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। चाचा (नीतीश कुमार) कहते थे कहां से नौकरी देगा, असंभव है। लेकिन उन्हीं चाचा के हाथ से हमने 17 महीने में 5 लाख सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र बंटवाया। 17 महीने में साढ़े 4 लाख नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिलाया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने चंद्रदीप को उम्मीदवार बनाया है। उनके पिता स्वर्गीय आरके यादव रवि मधेपुरा के सांसद रह चुके हैं। सब लोगों की राय से उनको टिकट दिया गया है। सभी मिलकर उनको जिताने में मदद करें। कार्यक्रम को विकाशशील इंसान पार्टी मुकेश सहनी, पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर, सहरसा के पूर्व विधायक अरुण कुमार यादव समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष जयकांत यादव ने की।

### कृषि विभाग की भवन पर चल रहा है नगर परिषद का गोपनीय कार्यालय

महनार । कृषि विभाग की भवन पर नगर परिषद का गोपनीय कार्यालय चल रहा है और प्रशासनिक अधिकारी सब जान कर भी अनजान बने है । महनार नगर परिषद का कार्यालय महनार बाजार स्थित एक पुस्तकालय की भवन में चल रहा है किंतु यहां कई प्रकार की गोपनीय कार्य नही हो पाने के कारण प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि विभाग की भवन पर कब्जा जमा कर यहां नगर परिषद ने अपना गोपनीय कार्यालय खोल दिया है । बाहर से कार्यालय का कोई बोर्ड या प्रतीक नही लगा है किंतु अंदर में वातानुकूलित कक्ष बना है और छोटे छोटे केबिन बना कर अधिकारी व कर्मियों के बैठने के लिए चैम्बर भी बना है तथा कर्मी बैठ कर यहां काम भी करते है। चूंकि यहां पर कोई पट्ट नही लगाया गया है इसलिए इसे गोपनीय कार्यालय कहा जाता है। सूत्रों का कहना है ।

# रामनवमी के मौके पर निकली भव्य शोभायात्रा



● जय श्री राम के गूंजायन से भक्ति मय माहौल रहा आलमनगर

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर से रामनवमी को लेकर जुलूस का आयोजन किया गया जुलूस के दौरान भगवान श्री राम माता सीता लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमा को भी शामिल किया गया वहीं रामनवमी जुलूस संकट मोचन महावीर मंदिर से आलमनगर थाना चौक होते हुए पोस्ट ऑफिस चौक पहुंची जहां से मुख्य बाजार होकर खगड़िया बस स्टैंड लदमा नहर पहुंच वहां से वापस मुख्य बाजार होकर वैश टोली होते हुए काली मंदिर पहुंच जहां से पुनः पोस्ट ऑफिस चौक होकर बाबा सर्वेश्वर नाथ मंदिर स्थित तालाब में प्रतिमा विसर्जन के साथ रामनवमी जुलूस समाप्त की गई। इस बार लोकसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता के तहत जुलूस में डीजे नहीं शामिल किया गया। वहीं जुलूस को भव्य बनाने के लिए युवाओं द्वारा नगाड़ा बजाकर लोगों का उत्साह बनाए वहीं रामनवमी जुलूस में शामिल युवाओं के द्वारा जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था वहीं शांतिपूर्ण जुलूस संपन्न हो इसके लिए थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय कुमार ठाकुर सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल जुलूस के साथ चल रहे थे। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह, सचिव सुबोध ऋषिदेव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, बजरंग दल के कार्यकर्ता किशन कुमार, साजन कुमार सर्वेश कुमार, वहीं स्थानीय युवा इंद्रजीत कुमार, रवि जायसवाल, व्यवसाय सुशील हरनाथका, समाजसेवी पंकज चौधरी, विकास सिंह, अवधेश मंडल, सुमित कुमार, पंकज सिंह, संतोष झा सहित कई लोग मौजूद थे। रामनवमी महोत्सव समिति के सदस्यों ने स्थानीय पदाधिकारी को रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# मत मेरी पहचान है, मत मेरा अधिकार, युवाओं को किया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिले के मोहन शकुंतला टिचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता सुश्री कृतिका मिश्रा के नेतृत्व में मेरा पहला वोट, देश के लिए अभियान तथा मतदान एक जिम्मेदारी उम्र 18 की है बारी पहल के तहत छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाया गया एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई पत्र दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता महोदया द्वारा सभी नए मतदाताओं को मतदान की महत्ता के बारे में बताया गया। उन्होंने 7 मई 2024 को सभी युवाओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। प्रथम बार लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं/युवाओं को प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता महोदया द्वारा बधाई पत्र वितरण किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं से सारथी बनने का अपील करते हुए स्वयं को जागरूक करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आस-पड़ोस को भी मतदान हेतु जागरूक करने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद, नोडल पदाधिकारी जिला स्वीप एवं पीडब्लूडी कोषांग श्रीमती निकिता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एमडीएम, डीपीएम जीविका एवं संबंधित कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के महापर्व की महत्ता के बारे में बताया गया एवं छात्र-छात्राओं को देश का नेतृत्व करते हुए मताधिकार के प्रयोग करने पर बल दिया गया। इस क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा भी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नोडल पदाधिकारी जिला स्वीप एवं पीडब्लूडी कोषांग के द्वारा ॑मत मेरी पहचान है, मत मेरा अधिकार है, मेरे मत ने बटन दबाकर किया देश निर्माण है। लगी स्याही ऊँगली पर जब मेरे, लोकतंत्र आबाद हुआ, मेरी इस छोटी सी पहल से, गाँव-शहर गुलजाऱ हुआ। गूंज उठी आवाज मेरी, एक मेरे मतदान से, सजी सभाएँ गलियारों में, पाया जो ये सम्मान है। मैं हूँ सारथी विकास का अपने, मतदान से ही तो बँधें हैं सपने, कोई डर, ना भय, ना शंका, रोकेगा मेरे बढ़ते कदम, है मतदान मेरी ताकत और बल, बस रहना है सजग-सतर्क। मेरा संकल्प, मेरी जागरुकता, है जरुरी इस योगदान में, है चुनाव मेरा ये अपना, सहभागिता मेरी कल्याण में। उम्र अठराह से लेकर पूरे जीवनकाल तक, मतदान है साथी, संगी मेरा, जिम्मेदारी बड़ी हर बार है। मत मेरी पहचान है, मत मेरा अधिकार है, मेरे मत ने बटन दबाकर किया देश निर्माण है। पंक्तियों के साथ किया गया।

# पूर्व सचिव राकेश रोशन मुनचुन की मनाई गई प्रथम पुण्यतिथि



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।पूर्व सचिव राकेश रोशन मुनचुन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विधिक संघ भवन में पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष शिवाकांत झा एवं संचालन कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने किया ।इस अवसर पर स्वर्गीय मुनचुन के कृतियां एवं अधिवक्ताओं के विकास के लिए किए गए कार्यों की सदस्यों ने चर्चा की ।इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित की इस अवसर पर संघ के प्रभारी सचिव मनोज सिन्हा, उपाध्यक्ष राजकुमार दिवाकर, मुकेश कुमार सिंह, शिवजी प्रसाद सिंह ,विक्रांत कुमार बम बम रितेश कुमार चंद्रमणि कुमार ,डॉक्टर राजन कुमारी ,आशिकी पूर्व सचिव श्याम किशोर ठाकुर अनीश चंद्र गांधी विकास कुमार राकेश, पप्पू सुनील युवराज ,जय प्रकाश, मोहन दीपक श्रीवास्तव ,मुरलीधर दिलीप सिंह ज्योतिष कुमार सिंह सुमित कुमार अमित तिवारी संजय सिंह सुमन सिंह महेंद्र प्रियदर्शी रामसनेही मिश्रा बलजीत कुमार प्रहलाद प्रसाद चौरसिया, लक्ष्मण प्रसाद राय, राजकुमार सिंह ,अमरदीप फूलन, शैलेश कुमार कौशल किशोर सिंह मुकेश रंजन मुकेश शर्मा यशवंत सिंह विनय कुमार सिंह हरीश कुमार सिंह उत्तम कुमार माथुर एवं सैक्रो अधिवक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मतदान-वोटर कार्ड नहीं रहने पर भी आधार कार्ड ,पैन कार्ड आदि पहचान पत्र से वोट कर सकते हैं

## वैकल्पिक दस्तावेज के साथ कर सकते हैं मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए जिले में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को मत डाले जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोगों की भागीदारी होने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।इसके साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि मतदान करने के लिए मतदाता के पास अपना वोटर कार्ड होना जरूरी है। कोई भी व्यक्ति वोटर कार्ड मतदान केंद्र पर ले जाकर अपना मत दे सकता है। उन्होंने बताया कि अगर मतदाता के पास अगर वोटर कार्ड नहीं है। तो वैसे मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र,इपिक कार्ड के अलावा अन्य पहचान पत्र व दस्तावेज यथा- आधार कार्ड, पैन कार्ड, विशिष्ट दिव्यंका पहचान पत्र ,(यूडीआईडी), सेवा पहचान पत्र, बैंक व डाकघर की फोटो युक्त पासबुक सर्व मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज, संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य विधान व परिषद सदस्यों को जारी किया गया आधिकारिक पहचान पत्र एवं मनरेगा जॉब कार्ड आईडी प्रूफ मान्य है। जिसको दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं या विशेष जानकारी निर्वाचन आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। किसी भी संदेह की स्थिति में जिला नियंत्रण केंद्र में दूरभाष संख्या पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। मतदाता हेल्पलाइन नंबर1950 पर भी संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर घर जाकर किया जा रहा अपील




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में आज स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु आईसीडीएस की सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं ने हर घर जाकर मतदाताओं से मतदान के दिन मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने की अपील की। घर में उपस्थित सभी महिला मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। उपस्थित सभी लोगों ने मतदान करने एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। इसी क्रम में बिदुपुर, देसरी, गोरौल, जंदाहा, महनार प्रखंड में भी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की ` जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र वैशाली के द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र से जुड़े विद्यार्थियों एवं केन्द्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं उनके अभिभावको ने मतदान करने एवं अपने आस-पास के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। बुनियाद केन्द्र बिदुपुर,महनार एवं पातेपुर, द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने हेतु बुनियाद केन्द्र के कर्मियों ने घर-घर जागरुकता अभियान चलाया। गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस- पास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की।

# प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर खंडहर में तब्दील



प्रात : किरण संवाददाता

जंदाहा। जंदाहा बाजार स्थित सदियों पुराने श्री राम जानकी मंदिर ध्वस्त होते जा रहा है इस प्राचीन मंदिर की अपेक्षा से धर्मपरायण लोग क्षुब्ध है फिर भी श्री राम प्रभु में आस्था रखने वाले श्रद्धालु भक्तजन अपनी जान जोखिम में डालकर प्रभु श्री राम की पूजा करने आते है।इस प्राचीन मंदिर पर प्रत्येक वर्ष रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्री रामभक्तों की भीड़ उमड़ती है और लोग भगवान राम की पूजा अर्चना करने के साथ उनका दर्शन भी करते है।यह प्राचीन मंदिर अब एक खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है इसके गुंबज और दीवारों पर पीपल के पेड़ सहित अन्य जंगली पौधे भी उग आय है साथ हीं मंदिर के गुंबज व दीवारों पर भी दरारें पर चुकी है जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।कुछ रामभक्तों और समाजसेवियों द्वारा इस प्राचीन धरोहर का नवनिर्माण कराए जाने की पहल की गई थी लेकिन समाजिक सहयोग नहीं मिलने की वजह से इस मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं हो सका।इस मंदिर के अंदर सदियों पुराने कीमती पत्थरों का श्री राम,सीता व लक्ष्मण जी की प्रतिमा विराजमान है और इनकी पूजा निरंतर किए जाते है।इस गम्भीर समस्या के समाधान किए जाने के लिए रामभक्तों द्वारा इस प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर का नवनिर्माण कराए जाने की पहल शुरू कर दी गई है।

### फैटी लीवर और शराब हेपेटाइटिस का सबसे बड़ा कारणः डॉ सत्यम सिन्हा



पारस अस्पताल के डॉ. सत्यम सिन्हा, कंसल्टेंट गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी एण्ड हेपेटोलॉजी के अनुसार लीवर में किसी तरह का सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं हिंदुस्तान में हेपेटाइटिस का सबसे बड़ा कारण शराब और फैटी लीवर(मोटापा) है। 25 से 30 प्रतिशत लोग शराब के कारण हेपेटाइटिस का शिकार होते हैं। इतने लोग ही मोटापा की वजह से हेपेटाइटिस से ग्रसित हो जाते हैं। हेपेटाइटिस का कारण 20-25 प्रतिशत लोगों में हेपेटाइटिस इ और 15-20 प्रतिशत लोग में हेपेटाइटिस उ होता है। हेपेटाइटिस इ से बचने के लिए टीकाकरण उपलब्ध है। वजन नियंत्रित रखें, संक्रमित खून और निडिल का इस्तेमाल न करें। शराब के सेवन से बचें। हेपेटाइटिस में थकान, कमजोरी, बदन में खुजली, पीलिया आदि होता है। गंभीर स्थिति में खून की उल्टी, पेट में पानी आना आदि होता। हेपेटाइटिस कैंसर में भी तब्दील हो सकता है।

# जमुई है तैयार भयमुक्त,शांतिपूर्ण वातावरण में,निष्पक्ष और निर्भीक होकर करें मतदान : डीएम

● 35 कम्पनी अर्धसैनिक बल के साथ ,सैकड़ों बिहार पुलिस एवम अन्य बलों की होगी तैनातगीः एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई 40 जमुई (सु) लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में शुक्रवार को हो रहा है।चुनाव पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राकेश कुमार एवम पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि जमुई लोकसभा अंतर्गत सिकंदरा,जमुई,झाझा,चकाई और शेखपुरा जिला के शेखपुरा विधानसभा,मुंगेर जिला के तारापुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जिसमें जमुई जिले के 953 मतदान केन्द्र,तारापुर विधानसभा क्षेत्र के 248 और शेखपुरा विधानसभा के 207 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 310 माइक्रो आब्जर्वर को प्रतिनियुक्ति की गई है।

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने बताया कि जिले में 15 एसएसटी चेक पोस्ट,05 मल्टी एजेन्सी चेक पोस्ट कार्यरत है।साथ ही साथ अन्तर जिला एवम अन्तर राज्य सीमा पर भी चेक पोस्ट बनाया गया है।

इसी तरह से जिले के सभी मतदान केन्द्रों को चार सुरक्षा घेरों से सुरक्षित किया गया है।

सभी मतदान केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट,उसके ऊपर जोनल मजिस्ट्रेट और उसके ऊपर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

सम्पूर्ण जमुई को 146 सेक्टर,49 जोन एवम 14 सुपर जोन में बाटा गया है।जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 35 अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा।सुरक्षा का चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। जिले के मतदाताओं से अपील है कि निष्पक्ष,पारदर्शी,भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें। क्योंकि जिला प्रशासन है तैयार ।

सम्पादकीय

## इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा

ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नजर आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपने दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया।

यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चैनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकतः उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नजरों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात जरूर होती है कि ह्यजो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे। ह्य वे यह भी कह रहे हैं कि ह्यपहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है। ह्य हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैं; और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहाहै कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था। खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है।

## पॉजिटिव विज्ञापन का असर

सुधीश पचौरी

खबर चैनलों में आते विज्ञापन ध्यान खींचते हैंः एक निम्न मध्यवर्गीय घर। पत्नी के चेहरे पर नाराजी छाई है। दूधरहित काली चाय बनाकर देती है। उस चाय का घूंट लेकर जैसे ही पति मुंह बना कर कहता है कि ये क्या बना दिया है तो पत्नी कहती है तुमने व्हाट्सऐप सरकार बनाई उसकी महंगाई में यही मिल सकता है। फिर गुस्से से कहने लगती है, मेरे विकास का दो हिसाब। फिर हाथ का चित्र आता है, जो कहता है : हाथ बदलेगा हालात। यह विज्ञापन एनडीए के शासन में बढ़ती महंगाई पर कटाक्ष करता है, और कांग्रेस का हाथ ही हालात बदलेगा, ऐसी आस्ति देता है। दूसरा विज्ञापन बेरोजगारी पर चोट करता है। वॉयसओवर कहता है कि इंजीनियरिंग के आखिरी बरस में बता दिया गया था कि बड़ी नौकरी मिलेगी..इंजीनियरिंग पास जब ये नौजवान अपने बाल काढ़कर और टाई लगाकर नौकरी के लिए घर से निकलता है तो किसी बड़ी नौकरी की जगह, घर के सामने खड़ा एक ई-रिक्शा नजर आता है। वह गुस्से में अपनी टाई निकाल कर उस ई रिक्शा को ड्राइवर बन चलाने के लिए बैठ जाता है, और गुस्से से भर कर कहता है मेरे विकास का दो हिसाब। फिर आता है हाथ का वही चिह्न जो कहता है कि हाथ बदलेगा हालात। इनके बरक्स भाजपा के विज्ञापन कुछ अलग भाषा बोलते नजर आते हैं। एक विज्ञापन काफी लंबा है। इसमें मोदी की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को पहुंच रहे लाभों को आम लोगों द्वारा ही कई भाषाओं में गाकर बताया जाता है, और अंत में कहा जाता है ये तो अभी ट्रेलर है और अंत में सब कहते हैं कि जब मोदी की गारंटी हमारा कल्याण है तो हमारी गारंटी मोदी को जिताना है। अंत में ऊपर विकसित भारत लिखा आता है, और नीचे मोदी के चित्र के साथ लिखा आता है अबकी बार मोदी सरकार! ऐसे ही एक विज्ञापन में तीन युवक मोदी द्वारा किए गए राम मन्दिर, काशी विनाथ कॉरिडोर समेत अन्य तीथरे के विकास के बारे में खुशी-खुशी बताते हुए भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, और कहते हैं ये तो अभी ट्रेलर है..फिर कहते हैं कि ये मोदी की गारंटी है तो हमारी भी गारंटी है कि मोदी को जिताएं..। ऐसे ही एक विज्ञापन एक परिवार की तीन पीढ़ी की स्त्रियों के जरिए कहता है कि मोदी जी ने दवाएं सस्ती की, मुफ्त इलाज की व्यवस्था की। अब सब खुश हैं। एक बच्ची कहती है मोदी जी कहते हैं कि ये तो अभी ट्रेलर है.. जब मोदी हमारे लिए इतना करते हैं तो हमारी गारंटी मोदी को जिताने की है..ऐसे ही, एक पिता-पुत्री मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की चरचा करते हैं। फिर कहते हैं मोदी जी के कहते हैं ये तो अभी ट्रेलर है..। फिर पुत्री कहती है कि हमारा सपना पूरा करने की गारंटी मोदी जी की तो मोदी जी का सपना पूरा करने की गारंटी हमारी..। मोदी की गारंटी के बदले जनता की मोदी को जिताने की गारंटी की बात जनता की थैंक्स गिविंग की तरह दिखती है। जैसे पब्लिक कहती हो कि उन्होंने हमारे लिए इतना किया तो हमारा भी कर्त्तव्य है कि उनके लिए भी कुछ करें..कहने की जरूरत नहीं कि ये विज्ञापन इंटरएक्टिव विज्ञापन हैं, जो पॉजिटिव संदेश देकर जाते हैं और जो मोदी की नीतियों से बने लाभार्थियों को मोदी के पक्ष में एक्टिवेट भी करते हैं। यहां एक भी चेहरा किसी से नाराज नहीं दिखता। सब मोदी की गारंटियों के दीवाने दिखते हैं। यह इनका फीलगुड फेक्टर है जबकि कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी अधिक मुखर है। वे मोदी शासन के विरोध में जनता की नाराजी को हवा देते दिखते हैं। मानो जनता सत्ता से उतनी ही नाराज हो जितनी कि कांग्रेस नाराज है। कांग्रेस का एक तीसरा विज्ञापन अवश्य जरा पॉजिटिव दिखता है। इसमें तीस लाख पक्की नौकरी देने का वादा किया जाता है। फिर एक युवक को नौकरी मिली बताई जाती है। अंत में बड़े अक्षरों में जून, 2024 लिखा आता है। साथ ही हाथ के चित्र के साथ हाथ बदेलगा हालात वाली कैचलाइन भी नजर आती है। साफ है कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी ज्यादा दिखती है, जो विज्ञापन कला के हिसाब से भी उचित नहीं दिखती क्योंकि पॉजिटिव विज्ञापन ही असर करते हैं। नकारातमक विज्ञान कारगर नहीं होते। इस मानी में मोदी के विज्ञापन हर बार पॉजिटिव संदेश देते लगते हैं। इस तरह वे अधिक कारगर नजर आते हैं।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है, आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं।

विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।

सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10, 000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशू को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु, हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरूषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था। सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्यौहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दशार्ते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है। तभी तो ब्रिज की होली और कुम्भ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदूओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनैतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है। सनातन हिंदू धर्म बिलकुल ही कट्टरपंथी धर्म नहीं है। अन्य धर्मों की तरह इसमें किसी भी प्रकार का सामाजिक दबाव नहीं हैं। इस धर्म में धार्मिक शिक्षा के लिए कोई भी जोर जबरदस्ती नहीं है जैसा कि कुछ अन्य धर्मों में होता है। हिंदू धर्म मानता है कि शिक्षा सभी तरह की होनी चाहिए केवल धार्मिक आधार पर शिक्षा देना उचित नहीं है। किसी भी बच्चे की शिक्षा में अगर संस्कार जुड़ जाए तो वह बच्चा बड़ा होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है और वह एक अच्छा इंसान बनता है। सनातन हिंदू धर्म में परोपकार की भावना होती है। अन्य धर्मों की तरह यह केवल अपने वर्चस्व के बारे में नहीं सोचता है। इंडोनेशिया जो कि एक मुस्लिम बहुल देश हैं वहां पर सनातन हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार आज भी पाए जाते हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि यह देश हिंदू धर्म से कितना प्रभावित रहा है। मुस्लिम बहुल देश होने के बावजूद हिंदू धर्म का बहुत बड़ा प्रभाव यहां आज भी दिखाई देता है। मुस्लिम लोग भी अपना नाम हिंदू देवी देवताओं के नाम पर रखना पसंद करते हैं। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी नागरिक पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी को लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाता है। परंतु, आज प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बहुत से लोग अन्य धर्मों को छोड़कर स्वप्रेरणा से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों को जितना सम्मान दिया जाता है उतना किसी भी अन्य धर्म में नहीं दिया जाता है। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा की जाती है। सनातन हिंदू धर्म में आस्था का मतलब है कि जीवन में उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता की ओर झुकाव। जहां भारत में सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की नाकाम कोशिश की जाती है वहीं रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, घाना, सुरीनाम जैसे देशों में हिंदू धर्म तेजी से फैल रहा है। सनातन हिंदू धर्म पूरी दुनिया को शांति का संदेश देता है। कई देशों में तो आज सनातन हिंदू संस्कारों का अनुपालन करते हुए विशेष गांव स्थापित किए जा रहे हैं। आयरलैंड में 22 एकड़ का एक हिंदू आइलैंड बन गया है। इसे हरे कृष्णा आइलैंड का नाम दिया गया है। यहां निवासरत समस्त नागरिकों द्वारा सनातन हिंदू धर्म के प्राचीन रीति रिवाजों का पालन बहुत ही सहजता के साथ किया जाता है। सनातन हिंदू धर्म के वैदिक नियमों को सदा सदा के लिए जीवित रखने के लिए यहां पर रहने वाले सनातनी हिंदू, मांस का परित्याग का शाकाहारी भोजन गृहण करते हैं। नशीले पदार्थों, शराब एवं सिगरेट आदि पदार्थों से भी दूर रहते हैं। सुबह एवं शाम मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं। उनका जीवन सादगी भरा रहता है तथा कृषि एवं गाय पालन करते हुए अपना जीवन यापन करते हैं। महिलाएं साड़ी पहनती है एवं पुरुष धोती कुर्ता धारण करते हैं। इसी प्रकार के गांव जहां हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन किया जाता है अन्य कई देशों यथा घाना, फीजी एवं अन्य कई अफ्रीकी देशों, सुदूर अमेरिका, यूरोप के देशों, आदि में भी तेजी से फैलते जा रहे हैं।

# केला की खेती से पूर्व करें ढैंचा की खेती, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में आएगी कमी

अभी गेहूं की फसल कट चुकी है या कटने ही वाली होगी। केला लगाने से पहले किसान हरी खाद को तैयार कर सकते है ।जो किसान केला की खेती करने के इच्छुक हो,उन्हें तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए। रवी फसलों की कटाई के बाद एवं केला लगाने के बीच में हमें कुल 90 से 100 दिन का समय मिल जाता है। इस समय का उपयोग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिये किया जाना चाहिए। हमें पता है कि केला की खेती में बहुत ज्यादा पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है ।मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है ,खेत में हरी खाद का प्रयोग ।हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं, जिसकी खेती मिट्टी में पोषक तत्वों को बढ़ाने और उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के लिए की जाती है। इससे उत्पादकता तो बढ़ती ही है, साथ ही यह जमीन के नुकसान को भी रोकती है। यह खेत को नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, जस्ता, तांबा, मैगनीज, लोहा और मोलिब्डेनम वगैरह तत्त्व भी मुहैया कराती है। यह खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ा कर उस की भौतिक दशा में सुधार करती है। हरी खाद को अच्छी उत्पादक फसलों की तरह हर प्रकार की भूमि में जीवांश की मात्रा बढ़ाने में इस्तेमाल कर सकते हैं, जिस से भूमि की सेहत ठीक बनी रह सकेगी।





**डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद**
**केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं**

लोलगातार बढ़ते रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरकता घटती जा रही है। ऐसे में किसान इस समय हरी खाद का प्रयोग करके न केवल अच्छा उत्पादन पा सकते हैं, साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढ़ाई जा सकती है। अभी गेहूं की फसल कट चुकी है या कटने ही वाली होगी। केला लगाने से पहले किसान हरी खाद को तैयार कर सकते है ।जो किसान केला की खेती करने के इच्छुक हो,उन्हें तैयारी अभी से शुरू कर देनी चाहिए । रवी फसलों की कटाई के बाद एवं केला लगाने के बीच में हमें कुल 90 से 100 दिन का समय मिल जाता है ।इस समय का उपयोग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिये किया जाना चाहिए । हमें पता है कि केला की खेती में बहुत ज्यादा पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है ।मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है ,खेत में हरी खाद का प्रयोग ।हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं, जिसकी खेती मिट्टी में पोषक तत्वों को बढ़ाने और उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के लिए की जाती है। इससे उत्पादकता तो बढ़ती ही है, साथ ही यह जमीन के नुकसान को भी रोकती है। यह खेत को नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, जस्ता, तांबा, मैगनीज, लोहा और मोलिब्डेनम वगैरह तत्त्व भी मुहैया कराती है। यह खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ा कर उस की भौतिक दशा में सुधार करती है। हरी खाद को अच्छी उत्पादक फसलों की तरह हर प्रकार की भूमि में जीवांश की मात्रा बढ़ाने में इस्तेमाल कर सकते हैं, जिस से भूमि की सेहत ठीक बनी रह सकेगी। इस क्रम में आवश्यक है कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए अप्रैल मई माह मे सनई , ढैंचा, मूंग , लोबिया में से किसी की बुवाई करें। बेहतर होगा की, ढैंचा लगाये, क्योकि इसकी बढ़वार इस समय बहुत अच्छी होती है । जिस मिट्टी का पी.एच. मान 8.0 के ऊपर जा रहा हो, उस मिट्टी के लिए ढैचॉ एक उपयुक्त हरी खाद का विकल्प है। यह मिट्टी की क्षारीयता को भी कम करता है। जिन खेतों में मृदा सुधारक रसायन यथा जिप्सम या पायराईट का प्रयोग हो चुका है और लवण निच्छालन की क्रिया सम्पन्न हो चुकी हो वहॉ ढैचा को हरी खाद हेतु लगाना चाहिये। हरी खाद के अन्दर वायुमंडलीय नेत्रजन को मृदा में स्थिर करने की छमता होती है एवं मिट्टी में रसायनिक, भौतिक, एवं जैविक क्रियाशीलता में वृद्धि के साथ-साथ केला की उत्पादकता, फलों की गुणवत्ता एवं अधिक उपज प्राप्त करने में भी सहायक होता है। अप्रैल- मई माह मे खाली खेत मे पर्याप्त नमी हेतु हल्की सिचाई करके 45-50 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर ढैंचा के बीज की बुवाई करते है एवं फसल जब लगभग 45-60 दिन (फूल आने से पूर्व) की स्थिति में हो जाती है ,तब ढैंचा को मिट्टी पलटने वाले हल से मिट्टी मे दबा देते है । इससे केला की रोपाई से पूर्व एक अच्छी हरी खाद तैयार हो जाता है। इसे मिट्टी मे दबाने के बाद 1 किग्रा यूरिया प्रति बिस्वा (1360 वर्ग फीट)की दर से छिडकाव करने से एक सप्ताह के अन्दर ढैचॉ खूब अच्छी तरह से सड़ कर मिट्टी में मिल जाता है । इस प्रकार से खेत केला की रोपाई के लिए तैयार हो जाता है ।ढैचॉ के अन्दर कम उपजाऊ भूमि में भी खूब अच्छी तरह से उगने की शक्ति होती । ढैचा के पौधे भूमि को पत्तियों एवं तनों से ढक लेते है, जिससे मिट्टी का क्षरण कम होता है। इस तरह से मिट्टी में कार्बनिक एवं जैविक पदार्थों की अच्छी मात्रा खेत एकत्र हो जाती है। राइजोबियम जीवाणु की मौजूदगी में ढैचा की फसल से लगभग 80-150 किग्रा० नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर स्थिर होती है। हरी खाद से मिट्टी के भौतिक एवं रासायनिक गुणों में प्रभावी परिवर्तन होता है, जिससे सूक्ष्म जीवाणुओं की क्रियाशीलता एवं आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता में वृद्धि होती है। हरी खाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए उम्दा और सस्ता जीवांश खाद है। हरी खाद का अर्थ उन पत्तीदार फसलों से है, जिन की बढ़वार जल्दी व ज्यादा होती है। ऐसी फसलों को फल आने से पहले जोत कर मिट्टी में दबा दिया जाता है। ऐसी फसलों का इस्तेमाल में आना ही हरी खाद देना कहलाता है।

# कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद (एस) को कड़ी टक्कर

कल्याणी शंकर

कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं जिसके लिए 26 अप्रैल और 7 मई को सभी 28 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होंगे। कांग्रेस पार्टी और भाजपा-जद(एस) गठबंधन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है, जो लिंगायत समुदाय के बीच प्रभावशाली हैं जो राज्य में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। यह चुनाव कर्नाटक के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं। ये चुनाव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है। वे कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के दोबारा प्रवेश का प्रतीक हैं। चुनाव नीतिगत प्राथमिकताओं और शासन शैली को बदल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। परिणामों का लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिससे शासन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और समझ महत्वपूर्ण हो जायेगी। भाजपा दक्षिण में अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को मजबूत करने, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति बढ़ाने और दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आगामी कर्नाटक चुनावों में विजयी होना चाहती है। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, जद(एस) अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संक्षेप में, जद (एस) राज्य में एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है। कर्नाटक में भाजपा का प्रचार अभियान पीएम मोदी की उपलब्धियों और कांग्रेस की विफलताओं पर केंद्रित है। यह दो प्रभावशाली समुदायों, लिंगायत और वोक्कालिगा को लक्षित करता है, जो इसकी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में एक प्रमुख समुदाय होने के नाते लिंगायत पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थन करते रहे हैं। इसके विपरीत, एक अन्य प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिगा, जद (एस) का मजबूत जनाधाररहा है। भाजपा की चुनावी सफलता के लिए इन समुदायों पर जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है।

भाजपा को कुछ स्थानीय संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। 2014 के बाद पहली बार पार्टी में खुली बगावत हुई है। इसकी वजह भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन है, जिसे अभी तक अच्छा समर्थन नहीं मिला है। कांग्रेस के भी अपने बागी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस कर्नाटक में एससी, एसटी और मुसलमानों पर भरोसा रख रही है। कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे। एडिना, न्यूज 18 और इंडिया टुडे ग्रुप के तीन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कर्नाटक के आगामी चुनावों के लिए परस्पर विरोधी परिणामों की भविष्यवाणी करते हैं। एडिना का अनुमान है कि कांग्रेस 17 सीटें जीतेगी, और भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। न्यूज 18 का अनुमान है कि एनडीए 25 सीटें जीतेगी, कांग्रेस केवल 3। इंडिया टुडे ग्रुप का अनुमान है कि एनडीए 53फीसदी वोट शेयर के साथ 24 सीटें जीतेगी। इंडिया गठबंधन को 42फीसदी वोट शेयर के साथ केवल चार सीटें मिलने की उम्मीद है। ये सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का एक स्नैपशॉट प्रदान करते हैं। वे पाठकों को चुनाव के संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं। 2019 के चुनावों से एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है जब कांग्रेस और जद (एस) सहयोगी थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### गोलीबारी कांड के अभियुक्त हुए गिरफ्तार

पताही प्रखंड क्षेत्र के खुटौना गांव निवासी हरेंद्र सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार मामला यह था कि होली वाले दिन गोली बारी कांड के अभियुक्त थे वही पताही थाना अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया की होली वाले दिन इन लोगों ने फायरिंग की थी इसकी आवेदन थाने में प्राप्त हुआ था कुछ दिनों से चल रहे थे फरार छापेमारी टीम बनाकर छापेमारी कर हरेंद्र सिंह को किया गया गिरफ्तार और अभियुक्त को छापेमारी पुलिस द्वारा की जा रही है बहुत ही जल्द बाकी आरोपी गिरफ्तार होंगे वही गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के बाद न्याय हिरासत भेजा गया

### लूट व आर्म्स एक्ट मामले का फरारी अभियुक्त गिरफ्तार

घोड़ासहन पुलिस कप्तान के निर्देश पर सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व मे घोड़ासहन तथा जीतना पुलिस के द्वारा की गयी ज्वाइंट आपरेशन मे लूट कांड व आर्म्स एक्ट मामले मे वांटेड रामा यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी छौड़ादानो के कोदरकट गांव से की गयी है। डीएसपी अशोक कुमार ने इसकी जानकारी देते बताया कि मौजूदा संसदीय चुनाव के मद्देनजर आसूचना संकलन करने के क्रम मे बीते बुधवार की रात प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते उक्त वांटेड को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि उसके विरुद्ध घोड़ासहन थाने मे कांड संख्या 678/23 लूट, 68 / 23 आर्म्स एक्ट एंव कांड संख्या 187/24 आर्म्स एक्ट पूर्व दर्ज है। छापेमारी टीम मे का नेतृत्व डीएसपी श्री कुमार कर रहे थे जिसमे इंस्पेक्टर धनजय कुमार, घोड़ासहन थानाध्यक्ष संभू कुमार, जितना थानाध्यक्ष अमित कुमार, झरौखर थानाध्यक्ष शिवनाथ मांझी, घोड़ासहन पुअनि अभय कुमार, मधुकर कुमार, विकास कुमार एंव सशस्त्र बल शामिल रहे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव,हत्या या आत्महत्या

मोतिहारीःसंग्रामपुर थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव से गुरुवार को पेड़ से लटके एक युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया।मृतक युवक पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सिसवा बाजार कान्ही टोला गांव के रामबली महतो का 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बताया गया हैं। जानकारी के अनुसार दीपक नन्दपुर गांव में ददन महतो के यहां ससुराल आया था।जहां पत्नी सुधा देवी से किसी बात को लेकर बकझक हुई उसके बाद बुधवार की संध्या इन्द्रगाछी विधुत ग्रिड के समीप पेड़ में रस्सी में उसका शव पाया गया। सूचना पर पुलिस ने पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया। थाना अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजनों के द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है वैसे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।आवेदन मिलने पर प्राथमिक की दर्ज की जायेगी। हालांकि पुलिस यह पड़ताल करने में जुटी हैं कि आखिर पति पत्नी के बीच विवाद होने के कारण क्या था।वहीं घटना को लेकर मृतक युवक के स्वजनों व ससुराल के लोग कुछ भी बताने में परहेज कर रहे हैं जबकि घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बातों की किसी चर्चा हो रही हैं।

# जरूरी नहीं कि बिल्ली काली हो या उजली, जरूरी है कि वह चूहा पकड़ती है या नही : अरुण

**प्रात : किरण, संवाददाता**




आदापुर। प्रखंड के लतिहानवा गांव स्थित एसकेएमआरजी कॉलेज परिसर में गुरुवार को डॉ.भीमराव अम्बेडकर चेतना समिति के अध्यक्ष पूर्व बैंक प्रबंधक विष्णुदेव राम की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि बिहार अर्जक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने पाखंडवादी व्यवस्था को जमकर ललकारा तथा कहा कि बिल्ली काली हो या उजली यह जरूरी नहीं है, जरूरी है कि वह चूहा पकड़ती है या नही। ठीक इसी तरह बाबा साहेब के विचारों को अगर आत्मसात नही किए तो जयंती मनाने का कोई अभिप्राय नही। हमें अम्बेडकर, फूले, पेरियार, जगदेव कुशवाहा, मार्क्स जैसे विचारकों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी सतर्कता व सजगता के साथ आगे बढ़ने होंगे, क्योंकि उनके विचार हमें शिक्षा से ओतप्रोत करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि तलवार से पैनी विचार होते है, क्योंकि बाबा साहेब के पार्थिव शरीर के समक्ष पांच लाख लोगों ने संकल्प लिया,लेकिन वे व्यवहार में नही उतार सके, जबकि कार्ल मार्क्स के मरने के बाद उनके पांच अनुयायियों ने संकल्प लिए दुनिया के मजदूरों एक हो और उसे पूरा कर दिया। फलतः हमें शिक्षायुक्त-पाखंड मुक्त हो स्वाभिमानी, संगठित व संकल्पित होकर आगे बढ़ने होंगे, तभी अभिवंचित समाज का कायाकल्प होगा। वही विशिष्ट अतिथि अम्बेडकर ज्ञान मंच के संरक्षक शिक्षाविद मदन प्रसाद ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचारों को पढ़े बगैर सामाजिक बदलाव असंभव है।इसके लिए हमें कामचलाऊं शिक्षा के बजाय वैसी शिक्षा की जरूरत है, जो शील और संस्कार, तर्क व ज्ञान युक्त तथा अंधविश्वास व पाखंड से मुक्त हो।तभी बाबा साहेब के सपनों के भारत का निर्माण और समतामूलक भाईचारा पर आधारित समाज की स्थापना के सपने पूरे होंगे।वक्ताओं ने शिक्षा के माध्यम से पाखंड,नशामुक्त व शिक्षायुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। कवि रामनाथ पासवान ने सामाजिक जागृति कविता का जबरदस्त वाचन किया। मौके पर विद्यानंद राम, मथुरा राम, एजीएम मंच के संस्थापक मुनेश राम,प्रो.शशिभूषण प्रसाद कुशवाहा,जालंधर राम,मोहन पासवान, शिक्षक विनोद राम आदि ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम से पूर्व बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति कृतज्ञतापूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया।मौके पर पूर्व एचएम राजेश्वर राम,पारसनाथ अंबेडकर,पूर्व बीएम महेंद्र रवि,नंदलाल राम, राम अवतार राम,बुधन बैठा,परमेश्वर पासवान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनोद राम ने किया।इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा को सोर्स ने आसूचना दी थी।

# रामगढ़वा इनरवा मे अचानक लगी आग मे बेटी की शादी के लिए रखे रुपए व गहने जलकर हुए राख

**आग लगने की घटना मे एक बृद्ध व्यक्ति भी झुलसकर गंभीर घायल**



**प्रात : किरण, संवाददाता**

रक्सौल। अनुमंडल के रामगढ़वा प्रखंड अंतर्गत शिवनगर इनरवा पंचायत के इनरवा गांव में आग लगने से एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। इनका इलाज सदर अस्पताल मोतिहारी में कराया गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि आगलगी की यह घटना हक्का खान, इम्तेयाज खान, सगीर खान और शरीफ खान के आवासीय घर मे हुई है।इनमें इम्तियाज खान को इस घटना में भारी छति हुई है।और इनको बेटी की शादी10 दिन बाद ही होनी थी। शादी हेतु सभी बंदोबस्त उनके द्वारा कर लिया गया था। घर में सामानों की खरीदारी कर रखे हुए थे।शादी के दौरान खर्च होने के लिए लगभग ढाई लाख रुपए और बेटी को देने के लिए कई गहने भी बनवा कर रखे हुए थे। अचानक आग लग गई और घर के लोग सभी सामानों को बाहर निकालते तबतक उक्त रुपए और गहने जलकर राख हो गए। आग लगी से प्रभावित परिवारों के परिजनों ने बताया कि आग लगने की यह घटना बिजली के ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी से हुई है।उनके घर के सामने ही बिजली का ट्रांसफार्मर है।और उसमें से चटक चटक कर चिंगारी निकल रही थी।इस वजह से उनके घर में आग पकड़ लिया। लोगों ने यह भी बताया कि यह ट्रांसफरमर 20 से 30 घरों की आवासीय परिसर के काफी करीब है। और वर्षों पहले इसको हलाया गया था।आवासीय परिषर के रूप में इसके विकास होने के बाद मिट्टी भराई के बाद यह पल काफी नीचे हो चुका हैंल।स्थानीय लोगों ने ट्रांसफार्मर को आवासीय इलाके से अलग करने और खाली जमीन में शिफ्ट करने की कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से कर चूके हैं।'लेकिन बिजली विभाग के ऊपर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। आज इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ा है।

# स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल बोर्ड का किया गया गठन

**प्रात : किरण, संवाददाता**

मोतिहारी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह - जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के आदेश के आलोक में सिविल सर्जन, पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है कि मतदान कार्य के लिए प्रतिनियुक्त वैसे कर्मी/पदाधिकारी जो स्वास्थ्य का हवाला देते हुए निर्वाचन कार्य से विमुक्ति चाहते हैं।

उन सभी का स्वास्थ्य परीक्षण 22. अप्रैल24 एवं 23 अप्रैल.2024 को समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में कराई जाएगी। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बोर्ड गठित कर दी गई है। इस बोर्ड में सर्जन, ऑर्थो सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन एवं चिकित्सा पदाधिकारी रखे गए हैं। यह सभी छः विशेषज्ञ चिकित्सक सदर अस्पताल पूर्वी चंपारण मोतिहारी के डॉक्टर हैं। इनके द्वारा 22 एवं 23 अप्रैल को वैसे सभी कर्मियों,जिन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए निर्वाचन कार्य से विमुक्त करने की मांग की है।उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा और उनके द्वारा दी गई प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा सिविल सर्जन पूर्वी चंपारण को निर्देश दिया गया था कि मेडिकल बोर्ड का गठन कर वैसे सभी प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य जांच कराई जाए।जिनके द्वारा मतदान कार्य करने में स्वास्थ्य का हवाला देते हुए असमर्थता जताई गई है। जिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि वैसे सभी कर्मी उक्त तिथियों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान जो लोग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें मतदान कार्य से विमुक्ति मिलेगी।

# रक्सौल रेल परिक्षेत्र से रेलवे का लोहा चोरी करते चोर को आरपीएफ नें पकड़ा



**प्रात : किरण, संवाददाता**

रक्सौल। रक्सौल रेल जंक्शन परिक्षेत्र में आर पी एफ नें गस्ती के दौरान रेलवे का लोहा चोरी कर भाग रहे चोर को लोहे के साथ गिरफ्तार कर लिया।इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि चोर की पहचान हरैया थाना क्षेत्र के बड़ा परेउआ निवासी अजय कुमार के रूप में की गई है। जो नरेश महतो का पुत्र बताया जाता है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आर पी एफ के सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार,ज्ञानेश्वर मुर्मू के साथ आरक्षी गोपाल सिंह राजीव कुमार गश्ती पर निकले हुए थे। इस दौरान रक्सौल पश्चिमी यार्ड के समीप साइकिल पर प्लास्टिक के बोरे को ले जाने के दौरान उक्त व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका गया। लेकिन आर पी एफ को देखते ही वह भागने लगा। जिसको दौड़कर पकड़ लिया गया। उसके साइकिल पर रखे प्लास्टिक के बोरे की जांच की गई और ईसमें से रेलवे का एक दद बूम कैरियर और 5 अदद पेंडल क्लिप को बरामद किया गया।गिरफ्तार चोर पर रेल संपत्ति चोरी अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिक की दर्ज की गई और उसकी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# केविवि के तीन विद्यार्थियों को बिहार खाद्य निगम लिमिटेड में सहायक प्रबंधक पद पर मिली नियुक्ति

- **सफलता पर विवि परिवार में है खुशी की लहर**



**प्रात : किरण, संवाददाता**

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि अंतर्गत प्रबंध विज्ञान विभाग से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सफलता की ऊंचाईयों को छूने का सिलसिला लगातार जारी है। बिहार सरकार की विभाग ह्यबिहार खाद्य निगम लिमिटेडह्ण में प्रबंध विज्ञान विभाग से उत्तीर्ण तीन विद्यार्थी सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्त हुए हैं। इनमें सलोनी कुमारी, श्रुति सिंह व शुभ्रांशु झा शामिल हैं। सलोनी कुमारी प्रबंध विज्ञान विभाग की सत्र 2018-20 की विद्यार्थी हैं। वहीं श्रुति सिंह सत्र 2019-21 की पास आउट हैं। जबकि, शुभ्रांशु झा सत्र 2020-22 में प्रबंध विज्ञान विभाग से उत्तीर्ण हुए थे। यह जानकारी प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. पवनेश कुमार ने दी। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता को केंद्रीय विवि खासकर प्रबंध विज्ञान विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। प्रो. पवनेश ने कहा है कि बिहार खाद्य निगम लिमिटेड में सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्त सभी तीनों बच्चे काफी होनहार हैं। विभाग से अध्ययनरत व उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनी व सरकारी विभागों में मिल रही लगातार नौकरी के सवाल पर डॉ. पवनेश ने कहा कि विभाग से उत्तीर्ण पूराने बच्चे, जो पास आउट हो गए हैं। उन बच्चों को विभाग के शिक्षकों का मार्गदर्शन लगातार मिला है और मिल रहा है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सवाल पर वह उलझे हों और उसका जवाब शिक्षकों द्वारा नहीं मिला हो। उन्होंने विभाग के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिल रही लगातार प्लेसमेंट को शिक्षकों के मेहनत का परिणाम बताया। विवि के कुलपति संजय श्रीवास्तव ने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर कर शुभकामानाएं दी है। प्रबंध विज्ञान विभाग की . डॉ. सपना, प्रो. अरूण कुमार, प्रो. अलका ललहाल, प्रो. कमलेश कुमार, प्रबंध एवम वाणिज्य संकाय के प्रो शिरीष मिश्र , प्रो अत्रातन पाल ,जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

# नाटकः हमारे समाज में फैले घरेलु हिंसा और उसके दुष्प्रभाव को उजागर करती है

**प्रात : किरण, संवाददाता**



फर्स्ट अप्रैल मूल रूप से लिखा गया मराठी नाटक है जिसे योगेश सुमन जी ने लिखा है और जिसका निर्देशन अनुमिता दत्ता चौधरी ने किया है। यह नाटक आज के हमारे समाज में फैले घरेलु हिंसा और उसके दुष्प्रभाव को उजागर करती है और एक बच्चे की मनःस्थिति और उसके मानसिक तनाव का कारण कैसे बनती है इसका सजीव चित्रण करने का प्रयास करती है। ह्यखेलना ३ँ स्त्रीङ्गस्त्र ी ङ्ग१ स्त्री१ङ्ग१ॢल्लॅ १३२ह्ल द्वारा यह नाट्य प्रस्तुति आपको अपने अंदर झांकने का अवसर प्रदान करती है। नाटक की शुरूआत होती है चार दोस्तों से अजय, अनिल, राकेश और शिरीष जो हास्टल में एक साथ रहते हैं और मजाक मस्ती करते हैं, वो चारों इस बार का पर किसे बेवकूफ बनाया जाये इस बात पर चर्चा कर रहे हैं, अजय के तीनों दोस्त यह तय करते हैं कि इस बार वो अजय को ही बनाएंगे और वो ऐसा दिखाते हैं कि अजय के पिता उससे मिलने उसके गांव मेरठ से आये हैं, और वो तीनों अजय के काल्पनिक पिता से बात करना शुरू कर देते हैं। पहले तो अजय भी इस बात को मजाक में टाल देता है पर धीरे धीरे उसे यकीन होने लगता है कि उसके पापा सच में वहीं हैं, कुर्सी पर बैठे हैं, और वो उनसे सारी बातें करने लगता है, बातें जो आहिस्ता आहिस्ता एक खतरनाक रूप ले लेती हैं, जहां अजय अपने अंदर छुपाये दर्द और पीड़ा को जो बचपन में उसने झेला था जब उसके माँ पर अत्याचार और हिंसा हुई, जो अजय के पिता ने ही की, एक दमनकारी बाप के आसपास रहते रहते अजय घुटन भरे माहौल में अपनी व्यथा और माँ पर बीते यातना को मन में दबाये रख रहा था पर आज उसके सब्र का बांध टूट जाता है और वो अपने पापा से, सारी बातें कहने लगता है, जो जो उसने मेहसूस किया है अब तक, अजय के दोस्त जो पहले मजे ले रहे थे ये सब देखकर अब सकपका जाते हैं, उन्हें एहसास होता है कि उनके एक छोटे से मजाक ने अजय के जख़्मों को हरा कर दिया और अब वो उसे चाह कर भी नहीं रोक पा रहे। नाटक के अंत आते आते अजय गुस्से में पागल हो चुका है और अपने काल्पनिक पिता से उनके हर पाप का बदला लेने के लिए अपना आपा खो बैठता है। पारिवारिक और मानसिक दबाव का अजय को एक दयनीय और मार्मिक हालत पर लाकर छोड़ देते हैं। अजय के पात्र को अभिनेता ने बहुत ही खूबसूरती से निभाया है, उसकी आंतरिक और मानसिक परिस्थिति का चित्रण बहुत ही सराहनीय है। सारे सहायक कलाकारों ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया है। नाटक के कुछ दृश्य आपको निस्संदेह विचलित कर देंगे। निर्देशिका ने बखूबी अपने अभिनेताओं से अभिनय कराया है जो आपको नाट्य प्रस्तुति होने के बहुत बाद तक याद रहेगा।

# घोड़ासहन में स्टुडेट कैरियर प्वाइंट एडमिशन एण्ड काउन्सिलिंग सेन्टर का उद्घाटन 20 अप्रैल को

**प्रात : किरण, संवाददाता**



घोड़ासहन अवस्थित ढाला रोड मे स्टुडेट कैरियर प्वाइंट सह एडमिशन काउन्सिलिंग सेन्टर , ए यूनिट आफ कैरियर बूक ( पीभीटी लि० ) का भव्य उद्घाटन आगामी 20 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह की सफलता को लेकर आवस्यक तैयारिया जोरो पर है। संस्था के संचालक ई० पियुष कुमार ने बताया कि संस्था के उद्घाटन को लेकर तिथि मुकर्र कर दी गयी है। तैयारिया जोरो पर है। बताया कि संस्था से सीमाई क्षेत्र के अलावे बैरगनिया, घोड़ासहन, रक्सौल, नरकटिया गंज समेत पूरे सीमाई क्षेत्र के छात्र छात्रा जो तकनिकी व मेडिकल क्षेत्र मे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए देश के बड़े विश्व विधालयो तथा महाविधालयो मे नामांकन कराने की इच्छा रखते है उन्हे सहुलियत होगी। सभी तरह का परामर्श काउन्टर पर उपलब्ध है। बताया कि इंजीनियरिंग, बिजनस मैनेजमेंट, हास्पिटल मैनेजमेंट, बीटेक एग्रीकल्चर, बीएससी एग्रीकल्चर, बी फार्मा, डिप्लोमा-बीबीए, बीसीए, बीजीएमसी, बीपीटी ,एमबीए, एमटेक , एमसीए, एलएलबी के अलावे नन क्रेडिट कार्ड कोर्स यथा बीएड ,डीएलएड , एएनएम, डीपीटी, ड्रेसर आदि कोर्स मे नामांकन हेतु यह संस्था सम्यक मार्गदर्शक का काम करेगी। ई० श्री कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य छात्रों के हितार्थ उचित मार्गदर्शन देना है ताकि मौजूदा समय मे होनहार छात्र सम्यक मार्गदर्शन के अभाव मे देश स्तर के बेहतरीन संस्थानो मे नामांकन कराने से महफूज न रह जाय। मौके पर संस्थान के ई० सुमित कुमार समेत कई प्रबुद्ध नागरिक व शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे।

# सुगौलीः बिजली के करंट से हुई बच्चे की मृत्यु



**प्रात : किरण, संवाददाता**

सुगौलीः सुगौली बाजार में एक चौदह साल के बच्चे बिजली के तार के करंट से सट जाने के कारण बच्चे की मौके पर ही मृत्यु होगा है। सुगौली बाजार के दीनदयाल गर्ल्स स्कूल के बगल के निवासी पुरषोत्तम कुमार उर्फ मुनकी के चौदह वर्षीय गणेश कुमार अपने घर के छत पर किसी कार्य को लेकर गया हुआ था। इसी क्रम में छत के ऊपर गिर हुए बिजली के तार जो खुला हुआ तार था उसी तार के चपेटे के आने से गणेश कुमार आगया और मौके पर ही गणेश कुमार की मृत्यु हो गया। वही घर के अन्य सदस्यों कोनिस्के बारे कोई सुचना नही था घटना करीब दिन तीन बजे की बताई जाती है वही घर परिजन भी किसी कार्य को लेकर घर के छत पर गए जहा गणेश कुमार मृत अवस्था में अचेत पड़ा हुआ मृत हो चुका था। वही इस घटना को लेकर स्थानीय डाक्टर के पास लेकर गए जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही इस घटना को लेकर पूरे नगर के आग की तरह फैल गई मृत बच्चे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे। वही मृतक गणेश के पिता पुरषोत्तम कुमार बहुत ही निर्धन।व्यक्ति है इनके तीन बेटा और एक बेटी बताई जाती है। घर मां का रोरो कर बुरा हाल है। वही मृतक गणेश अपने भाइयों में दूसरे का भाई था। वही इस घटना को लेकर पूरे बाजार में शोक की लहर है।

# अट्ठारह मदरसा बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन ने सुगौली स्टेशन से रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्प लाइन भेजा



**प्रात : किरण, संवाददाता**

सुगौलीः सुगौली स्टेशन जीआरपी पुलिस स्टेशन पर चाइल्ड केयर के सुपरवाइजर अमित कुमार और उनके सहयोगी अभिषेक कुमार ने किशनगंज अररिया जिले के बच्चे गुजरात के सूरत स्थित मदरसा जा रहे थे। वही बच्चो को चाइल्ड हेल्प लाइन मोतिहारी होते हुए अवध एक्सप्रेस से सुगौली उतार लिया। मुजफ्फरपुर से सूरत जा रहे अठारह बच्चो को सुगौली जीआरपी स्टेशन पर रखा गया। सभी अठारह बच्चों ने बताया की हम सभी लोग सूरत के मदरसा जा रहे है। वहा एडमिशन हुआ है। वही यात्रा कर बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी गार्जियन के तौर पर यात्रा कर रहे थे बच्चो ने आरोप भी लगाया है की ट्रेन में उनके साथ मारपीट भी किया गया है। वही मदरसा बच्चो के परिजनों ने बताया की चाइल्ड केयर को ट्रेन का रिजर्वेशन और आधार कार्ड भी दिखाने उपरांत भी बच्चो को चाइल्ड केयर मोतीहारी ले जाया गया। वही चाइल्ड हेल्प केयर के सुपरवाइसर अमित कुमार और उनके सहयोगी अभिषेक कुमार ने स्पष्ट बताया की किसी भी हाल में बच्चो को यहा से नही दूंगा जो भी प्रक्रिया होगी वह चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रक्रिया बाद ही बच्चे अपने परिजनों के साथ घर जायेंगे। वही बच्चो के परिजन मुजीब आलम आबिद आलम सहित अन्य परिजनों ने यह बताया की मैने अपने बच्चों को सूरत के मदरसा में पढ़ाई करने लिए मदरसा के शिक्षक के साथ दो सप्ताह पहले सभी बच्चो का रिजर्वेशन करा कर तब भेजा जा रहा था। बच्चे वहा उच्च शिक्षा प्राप्त करने जा रहे थे। वही हम लोग गरीब हैं पर बच्चो को शिक्षा के लिए एक एक पैसा जोड़ कर टिकट बनवाया था और अब उनकी ट्रेन भी छूट गई और उन्हें वापस घर लाने के लिए भी हमें संघर्ष करना पड़ेगा। वही सभी बच्चे दस से पन्द्रह साल तक के बच्चे है जिन्हे सुगौली से ट्रेन द्वारा मोतिहारी चाइल्ड हेल्प लाइन भेज दिया गया है।

# रामनवमी के अवसर पर हिन्दू एकता शोभायात्रा उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न




**प्रात : किरण, संवाददाता**

वाराणसी लगभग 500 वर्षों से साधु-संतों, संप्रदायों, हिन्दुत्ववादी संगठनों एवं हिन्दुओं द्वारा किए जा रहे संघर्ष के बाद अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान हुए । अब रामराज्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए इसी प्रकार हिन्दू समाज में एकता की आवश्यकता है ।रामराज्य अर्थात सात्विक, धर्माचरणी, अध्यात्मपरायण लोगों का राज्य ! रामराज्य में प्रजा धर्माचरण करती थी; इसलिए उन्हें श्रीराम जैसे धर्मपालक राजा मिले । यदि रामराज्य चाहिए तो प्रत्येक हिन्दू को धर्माचरण तथा साधना करनी होगी । इसी उद्देश्य से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से भव्य हिन्दू एकता शोभायात्रा का आयोजन किया गया । इस शोभायात्रा में अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि तथा अनेक श्रीराम भक्त सम्मिलित हुए । शोभायात्रा का आरंभ धर्मध्वज पूजन कर शंखनाद से हुआ । यात्रा में सहभागी सभी निरंतर श्रीराम जय राम जय जय राम का नामजप कर रहे थे । यात्रा के समय एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम, ह्यपवनसुत हनुमान की जयह्ण ऐसी घोषणाओं से वातावरण गूंज उठा । समाज के अनेक श्रद्धालु उत्स्फूर्तता से यात्रा में सहभागी होकर श्रीरामजी की प्रतिमा पर पुष्पवृष्टि कर रहे थे । काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट क्रमांक 4 पर श्रीराम रचित शिव स्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया । यह शोभायात्रा मैदागिन चौराहे से आरंभ होकर नीचीबाग चौक, बासफाटक, दशाश्वमेध चौराहे से होते हुए चितरंजन पार्क में जाकर संपन्न हुई । यात्रा के समापन में हिन्दू जनजागृति समिति के उत्तर प्रदेश तथा बिहार के समन्वयक श्री. विश्वनाथ कुलकर्णी ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की स्थापना श्रीराम राज्य के अवतरण का संकेत है । आज श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर हम सभी संगठित होकर रामराज्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए संकल्प लेंगे । अंत में उन्होने आवाहन किया की सभी रामभक्त प्रतिदिन श्रीराम जय राम जय जय राम का नामजप करें एवं राष्ट्र तथा धर्मकार्य हेतु 1 घंटा समय दे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने शराबी को किया गिरफ्तार

दवाथ(रोहतास)सूर्यपुरा पुलिस ने शराब के नशे में धुत एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि सूर्यपुरा बाजार से शराब के नशे में धुत बारुण निवासी रंग बहादुर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### ट्रेन में चढ़े पति पत्नी, डेहरी पहुंचा तो पत्नी हुई लापता

काराकाट (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के दनवार निवासी संजय राम लुधियाना से कोलकता एक्सप्रेस में अपनी पत्नी के साथ घर आ रहे थे कि उक्त क्रम में डेहरी स्टेशन से अचानक उनकी पत्नी गयाब हो गई । जिसकी घंटो तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका । अंततः पति संजय राम ने डेहरी जीआरपी में गुमसूदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया । संजय राम ने बताया कि लुधियाना से घर दनवार आ रहे थे तभी डेहरी स्टेशन पर हम दोनों अपने घर जाने के लिए उतरे तो भीड़ में अचानक मेरी पत्नी 41 वर्षीय लक्ष्मीना देवी गायब हो गई । मैं स्टेशन पर घंटों खोजबीन किया लेकिन कहि पता नहीं चला । मै आपकी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट डेहरी स्टेशन पर जीआरपी में दर्ज कराया हूं।

### फरार बालू कारोबारी के घर ईडी ने की रेड

कोचस थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर मे बालू कारोबार से जुड़े मामले में ईडी ने मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निर्देशक के घर छापेमारी की है। आपको बताते चले की कोचस थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव मे मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह के घर ईडी के द्वारा छापेमारी किया गया है। बताया जाता है कि प्रवर्तन निदेशालय के निर्देश पर लालू यादव के करीबी सुभाष यादव के मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से जुड़े बालू कारोबार मामले में कंपनी के निर्देशक जितेंद्र कुमार सिंह लंबे समय से फरार चल रहे हैं जिसमें ईडी की टीम ने उनके घर लगभग 5 घंटे तक छापेमारी किया है। हालांकि ईडी टीम के हाथ क्या लगी इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। ईडी टीम ने बताने से परहेज किया है।

### अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर फरार मोटरसाइकिल जब्त

चेनारी। थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान तेलारी बाजार शिव मंदिर से पुलिस ने 81 पीस 180` ' अंग्रेजी शराब के साथ मोटरसाइकिल को जप्त किया पुलिस को देखते हैं शराब तस्कर मोटरसाइकिल छोड़ फरार हो गए जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर वाहन चेकिंग लगाया गया जो की तेलारी बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप पल्सर बाइक पर सवार होकर दो लोग कुदरा के तरफ से आ रहे थे तभी पुलिस को देखते हैं बाइक को खड़ा कर फरार हो गया जांच करने के बाद 81पीस 180 एमेल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया और जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई कर की जा रही है।

### रोटरी गया सिटी ने बच्ची की शादी में 21 हजार की आर्थिक मदद की

गया। रोटरी गया सिटी के सदस्यों ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एक बच्ची की शादी में 21000 की आर्थिक मदद की। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामधनपुर बिचली गली के रहने वाले देव कुमार प्रसाद की पुत्री शालिनी कुमारी की शादी में आर्थिक रुप से मदद की। शालिनी के पिता को 21000 की राशि आर्थिक सहयोग के रूप में दी गई। इस दौरान शालिनी के पिता देव कुमार प्रसाद ने भावुक होते हुए कहा कि अगर समाज में ऐसे मदद करने वाले लोग रहेंगे तो किसी भी जरूरतमंद को कभी कोई परेशानी नहीं होगी।

### मधुश्रवां तरबना में लगी भीषण आग 30 ताड़ के पेड़ जलकर खाक

अरवल। जिले के मधुश्रवां मेला स्थित तरबाना में भीषण लगी आग दो दर्जन से अधिक ताड के पेड़ जलकर हुआ खाके जानकारी के मुताबिक जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के मधुश्रवां मेला स्थित तरबना में एकाएक आग लग गई आग लगने से लगभग 30 तार के पेड़ जलकर खाक हो गया है इसकी सुचना स्थानीय ग्रामीणों ने मेहंदिया थाने को दियो सूचना मिलने के उपरांत मेहंदिया थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर चार दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर बुलाकर आग पर काबू पाया गयो हालांकि कुछदेर के लिए अफरा- तफरी का माहौल कायम हो गयो गरीमत यह रहा की आसपास के खेत में लगे गेहूं के फसल में आग लगने से बच गई आग का स्थिति इतना भयावा थी कि अपने आप को काबू में ले चुका था लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग कर्मी एवं मेहंदिया थाने के पुलिस के द्वारा आग पर काबू पाया लिया गयो आग कैसे लगी है।

# रोहतास में विद्युत तार के स्पार्किंग से गेहूँ और चना के खेत मे लगी भीषण आग

## डेढ़ सौ बिगहा में लगी फसल जलकर हुई खाक आधा दर्जन गाँवों के खेतों में लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। रोहतास जिले के काराकाट में आग लगने से आधा दर्जन गांवों के बधार में लगे गेहूं के फसल करीब डेढ़ सौ बीघा में जलकर राख हो गया।

आग पर काबू पाने के लिए मुरारपुर,मोहनपुर, डिहरा, दुआरी, बडीहाँ,अधौरा आदि गाँवो के बधार में देखते ही देखते आग फैल गया। जिसमें गेहूँ और चना के फसल के अलावा पुआल कि ढेर भी जलकर राख हो गया।आग पर काबू पाने के लिए बड़े छोटे चार वाहन दमकल वाहन पहुंचा तो आग पर नियंत्रण किया गया। घटना के



बारे में ग्रामीणों ने बताया की विद्युत तार स्पार्किंग की वजह से चिंगारी से आग लग गई और बाजार में तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आज को बुझाने का और संभव प्रयास किया लेकिन तेज हवा के कारण आग काफी तेजी से एक गाँव के बाधार से दूसरे गाँव के बाधार में पहुंच गया। जिसके कारण लगभग डेढ़ सौ बीघा में लगे गेंहूँ और चने की फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशामक को दी। जिसके बाद अग्निशामक की चार गाड़ियाँ मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। वहीं फसल के नुकसान के बाद ग्रामीण काफी दुखी है। ग्रामीण आग के कारण फसल को हुए नुकसान के लिए सरकार और जिला प्रशासन से मुआवजे की माँग की गुहार लगाई है।

# आरा नगर रामलीला समिति द्वारा लगाया गया स्टॉल



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के जेल रोड में नगर रामलीला समिति द्वारा राम भक्तों के स्वागत में स्टॉल लगाया गया। जहां राम भक्तों को पेठा तथा शुद्ध जल दिया गया इस मौके पर नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि आज रामनवमी शोभायात्रा में पहली बार भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई, जो आरा के लिए गौरव की बात है, उन्होंने कहा कि राम भक्त संयमित तरीके से अपनी अपनी झांकी को लेकर निकले नगर रामलीला समिति द्वारा राम भक्तों के बीच पेठा तथा शुद्ध पानी का बोतल वितरित किया गया। नगर रामलीला समिति के स्टॉल पर सचिव शंभूनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष दिलिप कुमार गुप्ता, बिष्णुशंकर, कृष्ण कुमार, मेजर राणा प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार,ओपी कश्यप, अवधेश पाण्डेय समेत अन्य सदस्यो ने संयुक्त रूप से किया।

# नोखा हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा

## एसडीपीओ के नेतृत्व में शांतिपूर्ण संपन्न हुई जुलूस, स्थानीय प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में दिखा सख्त

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) नोखा प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रखंडों के शहरी व गांवों में गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में जिला प्रशासन की निगरानी में पुरोषोत्तम मयार्दा श्रीराम शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

रामनवमी पर्व के मौके पर एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम एवं जय मां काली के उद्घोष से पूरा नोखा शहर गूंजमय हो उठा। शहर के नोखा पूजा समिति के तत्वावधान में दोपहर को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर परिषद के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर काली मंदिर होते पूरे शहर में भ्रमण किया। जिस यात्रा में हजारों की संख्या में भगवाधारी महिला,पुरुष, बुजुर्ग व बच्चें उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ भगवा श्रीराम का





ध्वज लिए राम भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष लगा मग्न थे। साथ ही रथ पर सवार भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण महाराज सहित पवन पुत्र हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में दर्जनों हाथी,घोड़े,ऊट भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। अवसर नगर परिषद क्षेत्र में जगह-जगह पर सामाजिक लोगों के द्वारा शर्बत, शीतल पेयजल का व्यवस्था की गई थी। जहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी थी। शोभायात्रा के दौरान असमाजिक तत्वों के गतिविधि पर नजर रखने के लिए जिला प्रशासन सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार व एसडीपीओ-2 कुमार वैभव के नेतृत्व में नगर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त दिखा। जिसको लेकर चप्पे- चप्पे पर दंडाधिकारी पुलिस अफसर एवं जवान ड्यूटी में तैनात थें। दूसरी तरफ शोभायात्रा में स्वयं दोनों सासाराम एसडीपीओ रुट क्षेत्र में घूमकर विधि-व्यवस्था का निरीक्षण करते रहें।

साथ ही ड्रोन कैमरा से भी नजर रखी जा रही थी। जबकि शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर राम भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। जिसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी इलाकों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रविशंकर सिंह, सभापति राधेश्याम सिंह, उपसभापति धनजी सिंह, बीड़ीओ अतुल गुप्ता, सीओ मकसूदन चौरसिया सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश कुमार दास, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार,बिहारी प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र सिंह विजय पटेल, वीर बहादुर सिंह मुन्ना कुमार,मनोज गुप्ता, अनील हिंदू ,अनील कुमार बिदेलाल कुशवाहा,भाजप नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल,लक्ष्मण प्रसाद सहित हजारों भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए।

# नवटोलिया स्थित हनुमान मंदिर से 208 कलश शोभायात्रा निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। श्रीराम अखण्ड संकीर्तन और राम-विवाह को लेकर शाहजंगी नवटोलिया स्थित हनुमान मंदिर से 208 कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा सालेहपुर बेलनाथ मंदिर के तालाब से जल भरकर भ्रमण के लिए निकाली गई जो डाउट बाट से होते हुए पुनः नवटोलिया हनुमान मंदिर पहुंची। उक्त स्थल पर विधि विधान से राम विवाह का आयोजन किया जाएगा साथ ही भंडारा भी किया जाएगा. मंदिर समिति के अध्यक्ष पप्पू कुमार दास ने कहा कि हमलोग पिछले कई वर्षो से रामनवमी के अवसर पर कलशयात्रा के साथ श्रीराम संकीर्तन और भोज भंडारा का कार्यक्रम करते आ रहे हैं। कलश शोभायात्रा में शहर के



चर्चित समाजसेवी संजीव सुमन भी शामिल हुए साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आदर्श आचारसंहिता का पालन करते हुए हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से भक्तिमय माहौल में इस कार्यक्रम को सम्पन्न कर रहे हैं। रात्रि भंडारा का भी आयोजन है तदोपरांत राम विवाह संपन्न होगा। मौके पर कोषाध्यक्ष प्रकाश दास, संजीव यादव, अनिल दास, दीपक कुमार दीवाना, मुकेश कुमार, बलराम कुमार, मिथुन कुमार दास, महात्मा, प्रेम कुमार भारती, रंजीत मंडल के साथ समाज के दर्जनों लोग सम्मिलित थे।

# लू से बचाव को 500 लोगों को भेंट किया अंग वस्त्र

## 2020 से हर रोज 50 लोगों को कुमार विनय खिलाते है एक वक्त का खाना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। चुनाव का मौसम है. जन सेवा करने को आतुर जहाँ दलीय और निर्दलीय नेता जी चुनाव में जीत के लिए ताल ठोक रहें है, वहीं एक आम आदमी चुपके से पिछले कई वर्षो से जन सेवा में लीन इस बात को चुनौती दे रहा कि चुनाव जीत कर ही लोगों की सेवा की जा सकती है!

भोजपुर जिला के तरारी प्रखण्ड के अंतर्गत जेठवार भट्ट ग्राम के रहने वाले समाज सेवक कुमार विनय बेहद साधारण परिवार से है. विनय आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इन्होनें अपनी प्रारंभिक शिक्षा भी अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की। इनका बचपन बहुत ही अभाव और संघर्ष से गुजरा।



लेकिन विनय ने कभी भी किसी कठीनाई से हार नहीं मानी। इन्होने डटकर उसका सामना किया और अपने परीश्रम से उस पर विजय प्राप्त की। वर्तमान में कुमार विनय पटना के एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। इन्होने बचपन से ही अपने आस-पास बहुत ही गरीबी देखी थी और वे स्वयं भी उस दौर से गुजरे है । अतः इन्होने बहुत पहले ही यह ठान लिया गया था कि इन्हें समाज सेवा करनी है। अपने इस उदेश्य को व्यापक रूप से कार्यान्वित करने हेतु इन्होने अपना कार्यक्षेत्र बिहार की राजधानी पटना को चुना।

वर्तमान में विनय जी अनेक सामाजिक संस्थाएं जैसे कि मां बरेजी मन्दिर ट्रस्ट, सर्व उत्थान संस्था ,पटना लायंस क्लब शुभम, सीआईए आदि से जुड़कर अनेक सामाजिक कार्य जैसे कि वृक्षारोपण, रक्तदान, महादलित बस्तियों में जा कर उनके समस्याओं का निवारण, सामाजिक सुरक्षा का कार्य आदि कर रहे हैं और इन संस्थाओ में अपने कार्य से अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। वे निहस्वार्थ भाव से गरीबों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इन सब सामाजिक कार्यो को करते हुए विनय जी स्वयं के खर्चे से प्रतिदिन अपने आस-पास के लगभग 50 गरीबों को एक वक्त का भोजन वितरित करते है.कोरोना काल के समय भी अपने जान की परवाह किये बगैर इन्होने अनगिनत लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने में मदद की और लोगों को मास्क वितरित किया। अपने इसी उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो के चलते इन्होने पुरे पटना शहर में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। विनय जी को इनके सामाजिक कार्यो के चलते कई संस्थाओ द्वारा विभिन्न मंचो से सम्मनित किया जा चूका है। वर्तमान के दोनों उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के साथ साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा ये सम्मानित हो चुके हैं।

# मद्य निषेध की टीम ने लक्जरी कार से 1 लाख रुपये की शराब किया बरामद

आरा। शराबबंदी वाले इस बिहार में शराब की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है।भोजपुर मद्य निषेध विभाग की टीम ने एक बार फिर पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा से एक लक्जरी कार में छुपाकर ले जा रहे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मद्य निषेध विभाग को सूचना मिली थी कि एक लक्जरी कार में शराब तस्कर शराब लेकर जा रहे हैं। कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर पहले से तैनात मद्य निषेध विभाग की टीम ने जब कार को रोका और जब कार की जांच की गई तो कार में भारी मात्रा में ऑफिसर चॉइस ओरिजनल व्हिस्की के 180 एमएल 480 टेट्रा पैक बरामद हुए। सहायक उत्पाद आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है।

# एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान किया जनसंवाद

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास)। काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार,राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमों सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने संझौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनसंवाद किया । कार्यक्रम दौरान श्री कुशवाहा सहित एनडीए घटक दलों के वरीय नेताओं व कार्यकताओं ने चरपुरवा टोला , चवरिया टोला,बाजितपुर ,चैता, इंग्लिश,उदयपुर ,संझौली,सोनी टोला,गंगाजल मठ, करमैनी ,जिगनी , मिश्रा बलिया व राजनडीह सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया । श्री कुशवाहा ने जनसंवाद के क्रम में भारत सरकार तथा बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया । साथ ही साथ एनडीए के पक्ष में मत देने का



भी निवेदन किया । उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है आप भी अपने मतदान उनके पक्ष में करके उनके संकल्प में शामिल होइए । मौके पर काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र साह ,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल सिंह, वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर सिंह , भाजपा महामंत्री विजय सिंह ,उपाध्यक्ष विवेक सिंह, मधु देवी, अंकित गुप्ता ,बादशाह पासवान,रिंकू सोनी ,मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक , इंद्रदेव चौधरी ,राकेश शर्मा , डॉ सुरेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### चिराग पासवान के माँ को अमर्यादित टिप्पणी निंदनीयःसत्येन्द्र रंजन

अरवल। जमुई लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर में चुनावी सभा मंच पर राजद के युवराज पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के उपस्थिति में राजद कार्यकताओं के द्वारा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के माँ को अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने के विरोध में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला - कार्यालय में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेसवार्ता किया , प्रेस को संबोधित करते हुए कहा की सांसद चिराग पासवान के माँ के प्रति तेजस्वी यादव के उपस्थिति में राजद कार्यकताओं के द्वारा अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किया जाना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है , इसकी जितनी भी निंदा किया जाय वह कम होगा । उन्होंने कहा कि सांसद चिराग पासवान के माँ को आपत्तिजनक टिप्पणी नही की गई है ,बल्कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के एक -- एक कार्यकर्ता के माताओ एवं बहनों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई ।

# फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट के साथ मिलेगा विशेष चप्पल

## राज्य मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया किट और चप्पल, प्रखंडों में शुरू हुआ वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। फाइलेरिया उन्मुलन को लेकर जिले में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। यह एक गंभीर बीमारी है। यह नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज की श्रेणी में आता है। फाइलेरिया हो जाने के बाद धीरे धीरे यह गंभीर रूप लेने लगता है। इसकी नियमित और उचित देखभाल कर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जरूरी रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता की रोकथाम (एमएमडीपी) किट के साथ विशेष चप्पल का भी वितरण किया जाएगा। इससे हाथीपांव के मरीजों को अपने पैरों की सुरक्षा करने और प्रबंधन में सहूलियत मिलेगी। इस संबंध में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से पहले लॉट में 75 एमडीडीपी किट के साथ 75 चप्पल भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिनका वितरण शुरू हो चुका है। आगामी दिनों में और भी किट और चप्पल मिलेंगे, जिन्हें सभी प्रखंडों में वितरित किया जाएगा।

**दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए मरीज करें ऑनलाइन आवेदन :** डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि जिले में फाइलेरिया के कारण हुए दिव्यांग मरीजों का प्रमाणपत्र भी बनाया जा रहा है। मरीज साइबर कैफे या सुविधा केंद्रों में जाकर आवेदन कर सकते हैं। जिसके बाद यूनिक डिसेबिलिटी आइडेंटिटी (यूडीआईडी) कार्ड जेनरेट होता है। साथ ही, उन्हें एक तिथि भी बताई जाती है। जिस दिन वो जिला कलेक्ट्रेट में गुरुवार के दिन मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होना पड़ेगा। बोर्ड के सदस्य हाथीपांव के मरीजों की दिव्यांगता जांच करेंगे। 40 प्रतिशत व उससे अधिक अपंगता होने पर ही उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाथीपांव के मरीज जिन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मदद से राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ समान रूप से ले सकते हैं। अब तक जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों का प्रमाण पत्र बन चुका है।

**हाथीपांव होने पर उसे चोट या जख्म से बचाना जरूरी :** वीबीडीसीओ अजीत कुमार पटेल ने बताया, फाइलेरिया के कारण हाथीपांव हो जाता है। हाथीपांव होने पर उसे चोट या जख्म से बचाना जरूरी है। इसके लिए एमएमडीपी किट दिया जाता है। हाथीपांव के पीड़ित लोग अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से इसकी देखभाल की जानकारी ले सकते हैं। हाथीपांव से ग्रसित लोगों के लिए एमएमडीपी किट दिये जाते हैं। किट में हाथीपांव की देखभाल तथा साफ सफाई करने के लिए आवश्यक दवाइयां तथा अन्य वस्तु होते हैं। हालांकि, एमएमडीपी किट और चप्पल केवल हाथीपांव के जरूरतमंद मरीजों को दिया जाएगा। जिसका इस्तेमाल वो अपने पैरों के रखरखाव के लिए कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए आगामी दिनों में सरकार द्वारा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी। इस दौरान सभी लोग फाइलेरिया से बचाव की दवाओं का सेवन अवश्य करें।

# आग से दर्जनों गांव मे लाखों रुपए का नुकसान किसान संगठन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गावती । प्रखण्ड के भेरियां, धनेछा, खरखोली, खमीदौरा, कुल्हड़ियां, महुवरियां सहित दर्जनों गांव के सिवान में आग लगने के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग से हुए नुकसान के मुआवजा के लिए कैमूर किसान यूनियन ने जिलाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के साथ साथ समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में लिखा गया है कि दुर्गावती परिक्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों के दबाव में भेरियां फीडर चुपके से चालू रखने के कारण दिनांक 17.04.2024 को विद्युत के शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान हुआ है।पिछले कई दिनों से इन औद्योगिक इकाइयों के दबाव में गेहूं के सीजन में बिजली विभाग भेरियां फीडर की



बिजली की सप्लाई दिन भर सिर्फ गाँवों का कनेक्शन चुपके से छुड़ा चालू रख रहा था ऐसा विगत कई वर्षो से चल रहा है। दिनांक 17.04.2024 को जीटी रोड चिपली के आसपास 11 हजार के तार में शार्ट शर्किट हुआ जिससे महुवरियां, चिपली,कुल्हड़ियां, भेरियां, धनेछा, खरखोली, खमिदौरा सहित दर्जनों गांव के सिवान मे अगलगी की भीषण घटना हुई, जिसमें कई दमकल की गाड़ियां तथा क्षेत्रीय लोग आग बुझाने में लगे रहे। अगलगी के कारण छाँव रोड पर खेत में खड़ी मोटरसाइकिल जल गई, भेरियां में अशोक सिंह का गेहूँ तथा धंन्जय सिंह,अगद सिंह ईत्यादि लोगों का भूषा तथा मोटरजल गया, धनेछा गांव में विकास सिंह सरपंच, मनोज सिंह समेत करीब दसो लोगों का गेंहू तथा बोझा जल गया, महमूद गंज की सगड़ी जल गई खरखोली, खमिदौरा में भी गेंहू तथा भूषा जल गया, कई गाँव में मड़ईयां भी जल गई, समस्त गावों में गेंहू के डंठल तथा मवेशियों का भुषा जल गया है। किसानों के गेंहू, पशुओं के भुसा, सगड़ी, मोटरसाइकिल, मोटर केबिल इत्यादि की भरपाई कैसी होगी क्या इसकी भरपाई औद्योगिक इकाइयाँ करेगी या बिजली विभाग के कर्मचारी। औद्योगिक इकाइयाँ क्षेत्र के विकास के लिए होती है लेकिन, यह धीरे धीरे क्षेत्र के लिए अभिषाप शाबित हो रही है, अगर ऐसा ही रहा तो इस क्षेत्र से किसान और मजदूर धीरे धीरे अपनी जमीनें बेच यहाँ से पलायन को मजबूर हो जायेगा। पत्र में निवेदन किया गया कि जो भी नुकसान हुआ है उसका सर्वे कराकर जो भी जिम्मेदार हो उससे उसकी भरपाई कराई जाए। पत्र में दो वर्ष पहले की घटना को भी दशार्या गया 2 वर्ष पहले दिनांक18 से 22 अप्रैल 2022 के बीच कई बार बिजली की सप्लाई ऐसे ही चालू रखने से शॉर्ट सर्किट से छांव में सैकड़ों एकड़ गेहूं तथा सुड़ियां, सोहपुर, रघुनाथपुर, रुइया, भदैनी, इसीपुर, खखोली, खदैरा, मछनहट्टा, हरबल्मपुर इत्यादि गांव में भी गेहूं की खड़ी फसल गेहूं की पराली, चेंबर-बोरिंग, नलकूप, खलिहान में रखे अनाज इत्यादि कुल मिलाकर किसानों के 7000000/- (रू. सत्तर लाख) के करीब क्षति हुई थी। जिसका पूर्व में आवेदन भी भेजा गया था, जिसके एवज में कृषि मंत्रालय एवं मुख्य सचिव ने संज्ञान भी लिया था तथा जिलाधिकारी को पत्र भी लिखा था।

### ओवर ब्रिज के बीच रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव



कैमूर। मोहनिया ओवर ब्रिज व पटना मोड़ ओवर ब्रिज के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जहां पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मोहनिया थाना का चौकीदार गंगा पासवान ने बताया कि मोहनिया जीआरपी पुलिस द्वारा सूचना दिया गया कि रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जहां घटनास्थल पर पहुंचा गया। तो काफी लोगों की भी भिड़ जुट गई। वही शव को पहचान करने के लिए काफी कोशिश किया गया। लेकिन पहचान नहीं हुआ है। जहां पुलिस ने शव का पंचनामा कर भभुआ के सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वही पोस्टमार्टम करने के बाद पहचान के लिए 72 घंटे तक मर्चरी हाउस में शव को रखा गया है।

# कूड़ासन गांव संसारीपुर टोला वार्ड 14 में पोखरा में पानी लाने गई 12 वर्षीय किशोरी को डूबने से हुई मौत



प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव संसारीपुर टोला वार्ड 14 में पोखरा में पानी लाने गई एक 12 वर्षीय किशोरी को डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव संसारीपुर टोला वार्ड 14 निवासी सुरेंद्र राम की 12 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी बताई जाती है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि घर के बगल में ही एक पोखरा है। जहां उस पोखरा में किशोरी ने पानी लाने के लिए गई। तभी उसका पैर फिसला और गहरे पानी में जाने से डूब कर उसकी मौत हो गई है। आसपास में छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे जब वह देखा तो शोरगुल किया। उसके बाद परिजन दौड़ते हुए आए और एक घंटे बाद पोखरा से किशोरी के शव को बाहर निकल गया। उसके बाद पुलिस को सूचना की गई जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। उसके बाद किशोरी के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है।



# मेरे फैसले खान फैमिली नहीं लेती, मेरे पास भी अपना दिमाग है

बॉलीवुड एक्टर और सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा जल्द ही फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में आयुष ने सलमान के साथ अपनी बॉन्डिंग और लोगों की गलतफहमियों के बारे में बात की है।

### मैं सलमान खान का स्टूडेंट हूं

न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में आयुष ने सलमान खान की तारीफ करते हुए कहा, जब भी किसी चीज को सपोर्ट करते हैं तो ये उनके दिल से जुड़ जाता है। जब रुसलान का ट्रेलर लॉन्च हुआ तो मैं नहीं जानता था कि वो उसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करने वाले हैं लेकिन जब मैंने कैप्शन देखा तो ये मेरे दिल को छू गया। जिस व्यक्ति ने आपको ग्रूम किया है और आपको सिखाया है, जब वो आपकी तारीफ करे तो ये बहुत अच्छा लगता है। हर अर्जुन अपने द्रोणाचार्य से कॉम्प्लीमेंट पाना चाहता है। ये तारीफ वो इसलिए नहीं करते कि मैं उनका जीजा हूं। ऐसा वो इसलिए करते हैं क्योंकि मैं उनका स्टूडेंट हूं। ऐसी तारीफ हमेशा दिल को छू जाती है।

### मेरे फैसले खान फैमिली नहीं लेती

आयुष ने आगे कहा कि लोगों को ये गलतफहमी है कि मेरे बारे में सारे फैसले सलमान खान और खान फैमिली लेती है।आयुष बोले, ऐसा बिलकुल नहीं है। मेरे पास भी अपना दिमाग है और इन ख़बरों में कोई सच्चाई नहीं है। वो मुझसे बेहद प्यार करते हैं। इस दौरान आयुष ने अपनी पहली फिल्म लवयात्री पर भी बात की। उन्होंने फिल्म में अपनी परफॉरमेंस को बेहद खराब बताया।

### अर्पिता खान से की है शादी

आयुष ने सलमान की छोटी बहन अर्पिता से शादी की है। दोनों की शादी हैदराबाद के होटल फलकनुमा में 18 नवंबर 2014 को हुई थी। इस शादी की बागडोर खुद सलमान ने संभाली थी। शादी के बाद मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी भी रखी गई थी। अब दोनों दो बच्चों के पेरेंट्स बन चुके हैं। लवयात्री के बाद आयुष सलमान खान के साथ फिल्म अंतिम में भी नजर आ चुके हैं।



# प्रेग्नेंसी की फेक खबरों से नुकसान हुआ, मैं कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धो बैठी

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला के चलते सुर्खियों में हैं। सिंगर अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में दिलजीत दोसांझ के साथ परिणीति चोपड़ा ने भी लीड किरदार निभाया है। 12 अप्रैल 2024 को रिलीज हुई फिल्म में उन्होंने चमकीला की पत्नी अमरजोत कौर का रोल प्ले किया है।

प्रेग्नेंसी की अफवाहें उड़ने से नुकसान हुआ

परिणीति ने कहा, जब मैंने फिल्म चमकीला साइन की तो इंडस्ट्री से जुड़े कई लोगों ने मुझे चेताया कि अगर मैंने रोल के लिए वजन बढ़ा लिया तो मेरा करियर खत्म हो सकता है। मैंने विद्या बालन से इंस्पिरेशन ली जिन्होंने द डर्टी पिक्चर के लिए वजन बढ़ाया था। इम्तियाज सर ने मुझे 15 किलो वजन बढ़ाने के लिए कहा था और ये भी बताया था कि मेरे चेहरे पर कोई मेकअप नहीं होगा। मुझे चमकीला में अपने सबसे खराब लुक में दिखना था और मैंने इम्तियाज सर से कहा-मैं कर लूंगी। मैं पिछले दो साल से चमकीला की शूटिंग कर रही थी और इस दौरान मैं कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धो बैठी। मैं खराब दिख रही थी और इसी दौरान मेरी प्रेग्नेंसी और प्लास्टिक सर्जरी की भी अफवाहें उड़ीं।

### रेड कारपेट से बना ली थी दूरी

परिणीति ने इंटरव्यू में ये खुलासा किया कि बढ़े वजन के कारण उन्होंने पब्लिक अपीयरेंस कम कर दिए थे। परिणीति बोलीं-मैं रेड कारपेट इवेंट्स में जाने से बच रही थी। फैशन दूर की बात थी क्योंकि मैं पहले जैसी नहीं दिख रही थी। मैं अब भी पहले जैसी नहीं हूं।

### वजन कम करने में लगी हैं परिणीति

परिणीति ने पिछले दिनों सोशल मीडिया पर ये भी बताया था कि अब वो अपना बढ़ा वजन कम करने में लगी हुई हैं। पिछले साल उनका रूटीन केवल जंक फूड खाकर अपना वजन बढ़ाने का था लेकिन अब फिल्म रिलीज हो चुकी है तो कहानी बिलकुल उलटी है। अब वो जिम में लगातार वर्कआउट कर रही हैं ताकि जैसी थीं वैसी दोबारा लग सकें।परिणीति ने कहा था, ये बेहद कठिन है लेकिन अमरजोत के रोल और इम्तियाज सर के लिए मैंने जो किया, उसमें मजा आया।



# शादी और बच्चा दोनों करना चाहती हूं, कोई पसंद का मिला ही नहीं

**तनीषा मुखर्जी ने फिल्मों से लेकर रियलिटी शो तक काम किया है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। दरअसल, तनीषा अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव यू शंकर' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में तनीषा ने एक मां का किरदार निभाया है। 46 साल की तनीषा ने असल जिंदगी में अब तक शादी नहीं की है, लेकिन बातचीत के दौरान तनीषा ने बताया कि वो मां बनना चाहती हैं।**

इंटरव्यू के दौरान तनीषा ने बताया कि वो शादी और बच्चा दोनों ही करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अभी तक कोई ऐसा मिला नहीं है, जिसके साथ वो आगे बढ़ने के बारे में सोचें। फिल्म में मां बनने के एक्सपीरिएंस पर बात करते हुए तनीषा ने कहा- मां बनने का एक्सपीरिएंस बहुत ही प्यारा होता है। उन्होंने कहा कि मैं असल जिंदगी में अब-तक मां नहीं बन पाई हूं, लेकिन मैंने ऑनस्क्रीन मां बनने का खूब फायदा उठाया है। मैंने अपने ऑनस्क्रीन बच्चे के साथ खूब मस्ती की। शादी करने पर उन्होंने कहा कि अभी उसके लिए लड़का ढूंढना पड़ेगा। इसमें काफी समय लग सकता है।

### निगेटिविटी को कैसे फिल्टर करती हैं तनीषा

तनीषा ने बताया कि इस मामले में वो बहुत स्मार्ट हैं। जब कोई बिना वजह उनकी आलोचना करता है, तो वो उस पर ध्यान नहीं देती हैं। हालांकि, जब वाकई आलोचना सही बात के लिए हो रही हो, तो वो उस पर काम करने की कोशिश करती हैं।

श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी स्टारर फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने डायरेक्ट किया है, जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनाई गई है। फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

क्या होगी फिल्म की कहानी

बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित ये फिल्म एक आठ साल के लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के इंट्रोडक्शन से होती है। फिल्म में उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती दिखाई गई है।

# विष्णु मांचू, प्रभास और मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे अक्षय कुमार

अक्षय कुमार तमिल सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। वो फिल्म कनप्पा से टॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रख रहे हैं। इस फिल्म में वे विष्णु मांचू, प्रभास और मोहनलाल जैसे सेलेब्स के साथ देखे जाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने शुरू कर दी है। अक्षय कुमार की इस डेब्यू की खबर एक्टर विष्णु मांचू ने पोस्ट शेयर कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। मुकेश कुमार सिंह के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपए है।

### एक्टर विष्णु मांचू ने पोस्ट शेयर कर दी जानकारी

विष्णु मांचू ने ट्विटर(एक्स) पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है- कनप्पा की जर्नी और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम सुपरस्टार अक्षय कुमार का तमिल सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं। वे फिल्म कनप्पा के साथ तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। एक शानदार अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। विष्णु ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे और एक्टर मोहन बाबू, अक्षय का स्वागत करते दिखाई दे रहे हैं। फिर मोहन बाबू ने अक्षय को एक शॉल भी भेंट की है। फल्म कनप्पा का डायरेक्शन मुकेश कुमार सिंह कर रहे हैं। फिल्म की कहानी भगवान शिव के भक्त कनप्पा की कहानी से प्रेरित है। फिल्म को मोहन बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में लीड रोल विष्णु मांचू निभाएंगे। इसके अलावा फिल्म में मोहन बाबू, प्रभास, सरथ कुमार और अक्षय कुमार जैसे कलाकार दिखाई देंगे। यह पैन इंडिया फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में रिलीज होगी। हाल में अक्षय कुमार को टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में देखा गया है। 5 दिन में फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 43.30 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।





# फिल्म इंडस्ट्री के ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर बोलीं प्रियामणि

साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि ने फिल्म इंडस्ट्री में ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर बात की है। उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि करियर के शुरुआती दौर में अगर उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी जाती तो वे क्या करतीं। इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, लोग मुझसे हमेशा कहते हैं कि मैं अपनी बाकी प्रतिद्वंदियों की तरह क्यों नहीं दिखती। ऐसा कहने वाले मेरे कई फैमिली मेंबर्स ही हैं जो कुछ निगेटिव वे में नहीं कहते और न ही उनका मकसद मुझे डिमोटिवेट करने का होता है। मेरा मानना है कि अगर आप अच्छे दिखना चाहते हैं तो दिखें, आप अपने परफेक्ट लुक के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये सबकी पर्सनल चॉइस है। मैं ऐसी इंडस्ट्री में काम करती हूं जहां हर कदम पर कंपेरिजन होना लाजिमी है।

साउथ एक्ट्रेसेस साइज जीरो में यकीन नहीं करतीं

प्रियामणि ने आगे कहा, आजकल की फीमेल एक्टर्स काफी फिट हैं। वो इस बात को लेकर बेहद सजग हैं कि वो क्या खा रही हैं और कैसी दिख रही हैं। लेकिन एक वक्त था जब कुछ एक्ट्रेसेस हद से ज्यादा कॉन्शियस थीं लेकिन तब ऑडियंस ने ऐसे एक्टर्स को पसंद करना शुरू कर दिया जो स्क्रीन पर हेल्दी दिखते हैं और ऑडियंस उन्हें देखकर उनसे खुद को बेहतर तरीके से रिलेट करने लगी। साइज जीरो फिगर को लेकर चिंता खत्म हो गई।

एक्ट्रेसेस के बोटॉक्स और फिलर्स करवाने की बात पर प्रियामणि ने कहा, कई एक्ट्रेसेस स्किन के डॉक्टर के पास जाती हैं ताकि वो खूबसूरत दिख सकें जिसमें कुछ गलत नहीं है। अगर कोई इंडस्ट्री में नाम कमाना चाहता है और उसे बेदाग दिखना है तो ऐसा करने में हर्ज नहीं है। मगर मैंने जब 2002 में अपना करियर शुरू किया था तो साउथ गर्ल्स किसी ब्यूटी स्टैंडर्ड को फॉलो नहीं करती थीं। मुझे किसी ने कभी सर्जरी की सलाह नहीं दी। अगर किसी ने ऐसा किया होता तो मैं उन्हें चुप करा देती या फिर फिल्म छोड़ देती क्योंकि पर्सनली मैं इन सब बातों में यकीन नहीं करती।

मैदान में नजर आई हैं प्रियामणि

प्रियामणि के करियर की बात करें तो हाल ही में उन्हें फिल्म मैदान में देखा गया है। इस फिल्म में प्रियामणि ने अजय देवगन की वाइफ का किरदार निभाया है। इससे पहले प्रियामणि को इसी साल फरवरी में रिलीज हुई फिल्म आर्टिकल 370 में देखा गया था।



# वुमन सेंट्रिक फिल्मों का है यह दौर

पिछले 18 साल से प्राची देसाई फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। वे महज 17 साल की थीं, जब उन्होंने अपना पहला टीवी सीरियल 'कसम से' में काम किया था। अब प्राची अपनी नई फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में प्राची ने इंस्पेक्टर संजना भाटिया का किरदार निभाया है। ये फिल्म हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है।

वे कहती हैं मैं हमेशा से ही ऐसी फिल्मों को पसंद करती आई हूं, जो सिनेमा की दुनिया में किसी तरह के बदलाव को लेकर आती हैं। इंग्लिश विंग्लिश मेरी एक पसंदीदा फिल्म है। ठीक उसी तरह से कहानी, जिसमें विद्या बालन ने काम किया था। हाल के समय में दर्शक उस स्पेस में हैं, जहां पर वह उन चीजों को देख पाते हैं जिन्हें वह देखना चाहते हैं। मेरे ख्याल से यह वुमन सेंट्रिक फिल्मों के लिए सही समय है। मेरे ख्याल से दर्शक अब खुलकर सामने आ रहे हैं कि उन्हें क्या पसंद है और हमें उन चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। भले आपको लगता है कि बहुत सारी ऐसी फिल्में हैं, लेकिन सच कहा जाए तो इतनी भी ज्यादा नहीं हैं। मैं चाहती हूं कि ऐसी फिल्मों को और बनाया जाना चाहिए। ओटीटी के आने के बाद बहुत सारे लोगों को मौके मिल रहे हैं कंटेंट की क्वालिटी के मामले में हमें एक लंबा रास्ता तय करना है। लेकिन मैं बेहद खुश हूं कि सिल्वर स्क्रीन के साथ हमारे पास ओटीटी जैसा प्लेटफॉर्म है। तो यह उन सभी लोगों के लिए अच्छी बात है, जो अपनी कहानियां बताने का इंतजार कर रहे थे। ओटीटी का नेचर इतना अच्छा है कि आप इसे अपने घर पर अपने कंफर्ट में रहकर देखते हैं और इसी वजह से आप जो भी देखते हैं वह काफी एंगेजिंग लगता है। इस वजह से मुझे लगता है कि इस तरह के थ्रिलर और इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा अब बहुत सारे बन पा रहे हैं।



# खलनायक 2 की रेस में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, यश और अल्लू अर्जुन

सुभाष घई नेखलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी कर ली है। निर्देशक, जिन्होंने तीन दशक पहले संजय दत्त के साथखलनायक बनाई थी, बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म की स्क्रिप्टिंग पहले ही पूरी कर ली है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं, घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल, साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल, वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं। अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं, वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना,चोली के पीछे क्या है, एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म, क्रू में दोहराया गया था।




## संक्षिप्त समाचार

### फालकॉन कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड का आईपीओ 19 अप्रैल को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** फालकॉन कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड, गुरुग्राम हरियाणा में मुख्यालय रखने वाली फेसड सिस्टम्स की एक प्रमुख कंपनीने 19 अप्रैल, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस



आईपीओ के मार्फत 62 प्रति शेयर मूल्य पर 12.09 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग फेसड स्ट्रक्चरल उपकरण की खरीदी करने, पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉर्पोरेट खर्चों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 23 अप्रैल, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर नविगेंट कॉरपोरेट एडवाइजर्स लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.

### सोनाटा ने पोज़ के साथ किया अपने वाइब्रेन्ट स्प्रिंग एण्ड समर 2024 कलेक्शन का अनावरण

**मुंबई, एजेंसी।** आधुनिक फैशन की सदाबहार घड़ियों के लिए विख्यात सोनाटा के सब-ब्राण्ड पोज़ ने स्प्रिंग एवं समर 2024 के लिए अपने नए कलेक्शन का लॉन्च किया है। इस सीज़न पोज़ बाय सोनाटा लेकर आए हैं कलर्स और



स्टाइल्स की आकर्षक रेंज, जो बसंत के सदाबहार मौसम और गर्मियों में डूबते सूरज की सुनहरी चमक से प्रेरित हैं। इन्हें आधुनिक रंगों जैसे सीरियस ब्लैक, चॉकलेट ब्राउन, मिलेनियल पिंक और बोल्ड मैटेलिक्स में प्लेटिंग और फॉर्म्स के साथ नए फैशन ट्रैंड्ज़ को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है।

### आईआईएम संबलपुर ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

**संबलपुर।** देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक, आईआईएम संबलपुर ने अपने दो-वर्षीय कार्यकारी एमबीए कार्यक्रम 2024-2026 की समय सीमा 30 अप्रैल, 2024 तक बढ़ा दी है। इस प्रोग्राम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसकी सहायता से विद्यार्थी अपने कामकाज के क्षेत्र में नए और इनोवेटिव विचारों को आसानी से शामिल कर सकते हैं। साथ ही वे जटिल और मुश्किल कारोबारी समस्याओं को हल करने, लोगों को मैनेज करने के संबंध में गहरा विजन हासिल कर सकते हैं। इस तरह उन्हें संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत और अग्रणी तौर पर काम करने में आसानी होती है। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य टीमों और संगठनों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक मजबूत नेतृत्व कौशल विकसित करना है।

**गर्मियों में तनाएरा के कॉटन्स ऑफ इंडिया और**

## समर ब्लूम कलेक्शन के साथ आकर्षक लुक

### तनाएरा इन गर्मियों में उपभोक्ताओं को भारतीय परिधानों का अनूठा अनुभव पाने के लिए आमंत्रित करती है



**बैंगलोर एजेंसी।** टाटा के भरोसे और प्रमाणिकता के लिए प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए तनाएरा ने अपनी नई पेशकश कॉटन्स ऑफ इंडिया और समर ब्लूम्स कलेक्शन का अनावरण किया, जिसे खासतौर पर गर्मियों के इस सीज़न को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2024 में ब्राण्ड ने कई उपलब्धियां हासिल कीं, अपने विस्तार एवं उपभोक्ताओं को संतोषजनक सेवाएं प्रदान करते हुए तनाएरा भारत की टेक्सटाईल की परम्परा को बरक़रार रखने की अपने धरोहर को जारी रखे हुए है। उपभोक्ताओं को लुभाने और प्रेरित करने का वादा करते हुए यह हस्तनिर्मित कलेक्शन हर बुनाई और प्रिंट में ब्राण्ड के मूल्यों को दर्शाता है।

गर्मियों की शुरूआत के साथ, तनाएरा आपको कॉटन्स ऑफ इंडिया के साथ लुभाने के लिए तैयार है। तनाएरा की ओर से कॉटन्स ऑफ इंडिया, एक ही छत के नीचे भारत की सर्वश्रेष्ठ बुनाई को लाकर, देश और इसके लोगों की कहानी बयां करती हैं। कोलकाता की हलचल भरी सड़कों से लेकर तेलंगाना के करघों तक, तनाएरा ने पूरे देश को कवर किया है और भारत के बुनकर समुदायों की कहानियों को एक दूसरे के साथ जोड़ा है। कॉटन्स ऑफ इंडिया कलेक्शन भारत की संस्कृति का जश्न है, यह नई-पुरानी कारीगरी का तालमेल है, दुर्लभ कारीगरी जो देश की टेक्सटाईल की धरोहर को परिभाषित करती है। अजरख की जटिल कलात्मकता से लेकर नारायणपेट की सदाबहार भव्यता और उड़ीसा इकत के जीवंत रंगों तक हर साड़ी अपने आप में मास्टरपीस है, जिसे बारीककी से डिज़ाइन किया गया है। महिलाएं रु 1299 की शुरूआती कीमत पर सादगी से भरे इस परिधान का आनदं उठा सकती हैं।

## सिग्निफाई ने आदिवासी गाँवों को रोशन करके 17,000 लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया



**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग में विश्व की अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई ने आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मण्यम जिले में 61 आदिवासी एवं वंचित गाँवों को एनर्जी एफिशिएंट एलईडी स्ट्रीट लाईटिंग से रोशन किया है, जिससे यहाँ के नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर काम करने वाली एनजीओ, जन कल्याण समाख्या के साथ गठबंधन में कंपनी के हर गाँव रोशन सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कंपनी की इस सीएसआर पहल का उद्देश्य भारत में गाँवों का सस्टेनेबल विकास करना और महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाना है। इस प्रोजेक्ट के बारे में निखिल गुप्ता, हेड ऑफमार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले एवं सीएसआर सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा हमारे ब्रांड का उद्देश्य लाईट की असाधारण क्षमता की मदद से एक उज्जवल जीवन और एक बेहतर दुनिया का निर्माण करना है, और हमारी सीएसआर की रणनीति ब्रांड के इसी उद्देश्य का प्रतिनिधित्व करती है। हम अपने सीएसआर अभियानों के लिए प्रतिबद्ध हैं, और विभिन्न वंचित समुदायों का विकास करना चाहते हैं। हमें इस प्रोजेक्ट के लिए जन कल्याण समाख्या के साथ साझेदारी करने की खुशी है, जिससे आंध्र प्रदेश के आदिवासी गाँवों में लोगों के जीवन में सुधार आ सकेगा।श्री निधिल वर्घीज़, सीईओ, जन कल्याण समाख्या ने कहा सिग्निफाई के साथ सहयोग हमारे विशाल लक्ष्य का हिस्सा है। हमने मिलकर आदिवासी गाँवों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ एवं एनर्जी-एफिशिएंट स्ट्रीट लाईटिंग समाधान प्रदान किए हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। हम स्थानीय लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सिग्निफाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हैं। इस प्रोजेक्ट से स्थानीय समुदायों की सुरक्षा बढ़ाने में योगदान मिल रहा है, और वो अपनी समस्याओं पर चर्चा करने के लिए नियमित रूप से बैठक कर पा रहे हैं। गलियों में रोशनी फैल जाने से जंगली जानवरों और मनुष्यों के बीच मुठभेड़ का जोखिम कम हो गया है, गाँवों में आर्थिक और रोजी-रोटी की गतिविधियों के लिए ज्यादा समय मिलने लगा है, बच्चे ज्यादा समय तक बाहर रहकर गतिविधि कर पा रहे हैं, और महिलाओं की सुरक्षा बढ़ी है। इस अभियान के अंतर्गत 700 हाई-क्वालिटी एनर्जी एफिशिएंट आउटडोर स्ट्रीट लाईट्स ने गाँवों की गलियों को रोशन कर 3,900 से ज्यादा परिवारों और 16,500 से ज्यादा ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

यह प्रोजेक्ट टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का उपयोग करके उपेक्षित समुदायों को लाईटिंग समाधान जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, ताकि उन्हें अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए रोशनी मिल सके।

**वालमार्ट मार्केटप्लेस ने भारतीय विक्रेताओं के लिए समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च किया**

## वैश्विक विक्रेता सम्मेलन श्रृंखला की शुरुआत की

**नईदिल्ली एजेंसी।** वालमार्ट ने आज भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट परपंजीकरण एवंबिक्री कर सकेंगे। साथ ही, वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया।इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।




वालमार्टमार्केटप्लेसको 2021 में भारतीय विक्रेताओं के लिए खोला गया था।वर्तमान में इस मार्केटप्लेस पर भारत में बनाए गए, विकसित किए गए या असेंबल किए गए उत्पादों के हजारों एसकेयू हैं। वालमार्ट का अमेरिकी मार्केटप्लेस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। पिछले वित्त वर्ष में इसका राजस्व 45 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वालमार्ट के विक्रेता 20 प्रतिशत बढ़े।

वालमार्ट नए विक्रेताओं से कोई मासिक शुल्क या सेटअप का शुल्क नहीं लेता है। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने न्यूसेलर से विंग्स प्रोग्राम का एलान किया था, जिसमें प्रतिभागियों को वालमार्ट डॉट कॉम पर पहले 90 दिन रेफरल और वालमार्ट फुलफिलमेंट सर्विसेज (डब्ल्यूएफएस) फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलती है।

## गजब का म्यूचुल फंड: 10,000 के एसआईपी को बना दिया 78.32 लाख, निवेशक गदगद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड में निवेश लंबी अवधि में हमेशा मुनाफा देता है। ज्यादातर समय देखा गया है कि म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश फायदेमंद रहा है। आज हम आपको एक ऐसे ही फंड के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। यह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड है।

### निवेशकों को तगड़ा रिटर्न

बता दें कि अगर किसी निवेशक ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के ब्लू चिप फंड में इसके शुरुआत यानी मई 2008 में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो मार्च 2024 तक यह बढ़कर 9.6 लाख रुपये हो गया होता। इस हिसाब से उसने निवेशकों को 9 गुना से अधिक का रिटर्न दिया है। इस फंड ने 2009 से अब तक सालाना 15.33 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। बता दें कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड का एसआईपी रिटर्न भी शानदार रहा है। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में 16 साल में 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी किया होता। यानी करीबन 19 लाख रुपये का एसआईपी निवेश आज की तारीख में 78.32 लाख रुपये हो गया होता। इस दौरान इसका 16.15 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। वहीं, बेंचमार्क में इसी निवेश पर केवल 14.30 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। बता दें कि सालभर में इस फंड ने 42.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, बेंचमार्क ने इस दौरान केवल 34.97 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। आपको बता दें कि इस फंड की टॉप होल्डिंग्स में फाइनेंस सर्विस( 22 प्रतिशत), तेल, गैस और ईंधन ( 12.92 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल व ऑटो कंपोनेंट्स ( 10.23 प्रतिशत) और आईटी ( 8.99 प्रतिशत) सेक्टर हैं।

## गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

### कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे



**कैलिफोर्निया एजेंसी।** बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

### इसलिए हो रही छंटनी

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## अबुजा सीमेंट में अदाणी परिवार का निवेश बढ़कर 20 हजार करोड़ हुआ

### हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत पर पहुंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने अपने भविष्य से संबंधित बड़ा एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि अदाणी परिवार ने कंपनी में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वारंट प्रोग्राम को पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया है। इससे कंपनी में अदाणी परिवार का कुल निवेश बढ़ककर 20,000 करोड़ हो गया है।

ताजा निवेश से अदाणी परिवार की अंबूजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अदाणी परिवार ने शेयरों की हिस्सेदारी के बदले अंबुजा सीमेंट्स में 18 अक्तूबर 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

कंपनी ने बताया है कि अंबुजा सीमेंट्स में अदाणी परिवार की ओर से किया गया यह हालिया निवेश 2028 तक कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 140 मिलियन डॉलर करने में अहम साबित होगा। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय ने कहा कि अदाणी परिवार की ओर से किए गए निवेश पर कहा कि इसकी घोषणा करते हुए हम रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

यह पूंजी निवेश कंपनी को तेजी से विकसित होने के लिए पूंजीगत रूप से लचीला बनाएगा। इससे कंपनी के पूंजीगत प्रबंधन से जुड़े पहलों को लागू करने में आसानी होगी साथ ही कंपनी का बैलेंसशीट मजबूत होगा। अदाणी परिवार और अंबुजा सीमेंट्स के बीच इस लेनदेन में बार्कलेज बैंक पीएलसी, एमयूएफजी बैंक, मिज़ूहो बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने सलाहकार की भूमिका निभाई।

## फ्लिपकार्ट, बिगबास्केट ने ऐसा क्या कर दिया कि चुनाव आयुक्त के पास पहुंची शिकायत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इन कंपनियों ने मतदान के दिन यानी 19 अप्रैल को भी राज्य में डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों के जरिये सामान की डिलीवरी करने की बात कही है। जबकि उस दिन मतदान होने की वजह से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।बुधवार को तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई हाईकोर्ट के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलीवरी का वादा कर रही हैं। नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास विभाग ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटी कंपनियों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 19 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य कर दिया है।

शिकायत में कहा गया है, 'निर्देश के बावजूद यह हमारे संज्ञान में आया है कि फ्लिपकार्ट और बिग बास्केट जैसे ऑनलाइन डिलीवरी मंच 19 अप्रैल को डिलीवरी सेवाओं की गारंटी दे रही हैं। यह डिलीवरी कर्मियों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है, खासकर उन लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में जो इन मंचों के परिचालन के अभिन्न अंग हैं।' शिकायतकर्ता ने मतदान के दिन गारंटीकृत डिलीवरी के ई-कॉमर्स के दावों की जांच करने और सभी श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है, चाहे उनका मूल राज्य कुछ भी हो।

संपर्क करने पर फ्लिपकार्ट ने कहा कि वह केवल पात्र कर्मचारियों को सवैतनिक छुट्टियां दे रही है। फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा, 'फ्लिपकार्ट समूह में हम मतदान दिवस के संबंध में अधिकारियों की ओर से दिए गए सभी निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं। सभी पात्र कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सवैतनिक अवकाश दे रहे हैं। इसके अलावा हमने जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं और कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।'

# चौटाला परिवार में फिर महाभारत, ससुर के खिलाफ उतरीं जेठानी-देवरानी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के परिवार में एकता की चर्चा के बीच सियासी तकरार की तस्वीर साफ हो चुकी है। अब चौटाला परिवार में ही तीन मोर्चों पर जंग छिड़ी हुई है। ओम प्रकाश चौटाला के दोनों बेटों और उनके परिवार में भी एकता नहीं हो पाई है। इस बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने हरियाणा के लिए पांच लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा की है।



दुष्यंत ने दो बार की विधायक और अपनी मां नैना सिंह चौटाला को हिसार से उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला अपने ही ससुर और भाजपा के उम्मीदवार रंजीत सिंह चौटाला से होगा। नैना जहां जजपा के अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला की पत्नी और ओमप्रकाश चौटाला की पुत्रवधू हैं। वहीं, रंजीत चौटाला अजय सिंह चौटाला के चाचा हैं और ओम प्रकाश चौटाला के भाई हैं। इन दोनों उम्मीदवारों में ससुर बहू का रिश्ता है।

इतना ही नहीं ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल ने भी हिसार से अपना उम्मीदवार उतारा है। इनेलो की तरफ से सुनैना चौटाला को टिकट दिया गया है, जो नैना की देवरानी हैं। सुनैना ओम प्रकाश चौटाला के दूसरे भाई प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी हैं। यानी सुनैना और नैना देवरानी और जेठानी हैं, जिनका मुकाबला अपने ससुर और भाजपा उम्मीदवार रंजीत सिंह चौटाला से होना है।

हिसार सीट पर 2014 में नैना चौटाला के बेटे दुष्यंत चौटाला ने इनेलो के टिकट पर चुनाव जीता था। हालांकि, 2019 में दुष्यंत चौटाला को भाजपा के बृजेन्द्र सिंह ने करीब 3.14 लाख के वोटों के अंतर से चुनाव हरा दिया था। उन्हीं चुनावों के बाद हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद बनी राज्य के मनोहर लाल खट्टर सरकार में दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बने थे। अब उनका गठबंधन भाजपा से टूट चुका है। दूसरी तरफ हिसार सीट से भाजपा के सांसद और पूर्व ब्रूस अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने अब भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया है।

**रंजीत चौटाला, नैना और सुनैना चौटाला का परिवार:** भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का जन्म हरियाणा के सिरसा जिले के तेजा खेड़ा गांव में हुआ था। 1971 तक कांग्रेस में रहने वाले देवीलाल 1977 में जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। 10 साल बाद 1987 में उन्होंने इंडियन नेशनल लोकदल की स्थापना की थी। 1989 में जब केंद्र में वीपी सिंह की सरकार बनी तो वह उप प्रधानमंत्री बने और पार्टी की कमान बड़े बेटे ओम प्रकाश चौटाला को सौंप दी। हालांकि, उस वक्त उनका सारा कामकाज तीसरे बेटे रंजीत सिंह चौटाला देखते थे।

देवीलाल के चार बेटे हैं। सबसे बड़ा ओमप्रकाश चौटाला। दूसरे नंबर पर प्रताप चौटाला, तीसरे नंबर पर रंजीत चौटाला और सबसे छोटे जगदीश चौटाला। ओपी चौटाला के दो बेटे- अजय चौटाला और अभय चौटाला। अजय चौटाला ओपी चौटाला के बड़े बेटे हैं। इनकी पत्नी नैना चौटाला हैं। नैना चौटाला चरखी दादरी जिले के बधरा से विधायक हैं। वह डबवाली सीट से भी विधायक रही थीं। नैना चौटाला महिलाओं को राजनीति से परिचित कराने के मकसद से राज्य में 'हरि चुनरी चौपाल ' जैसे कार्यक्रम आयोजित करती रही हैं।

## भाजपा नेता की हत्या पर बोले सरकार के मंत्री, यह कांग्रेसियों और नक्सलियों की मिली जुली साजिश

**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक के बाद एक नक्सलियों के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की हत्या के मामले को लेकर अब प्रदेश सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। नक्सलियों के द्वारा भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर केदार कश्यप ने इसे कांग्रेसियों और नक्सलियों की बड़ी साजिश बताया है। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेसी और नक्सली मिलकर बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता उप सरपंच की नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी। भाजपा नेता के अंतिम संस्कार में पहुंचे सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने पंचम दास को श्रद्धांजलि दी है। इस बीच मीडिया से चर्चा करते हुए केदार कश्यप ने कांग्रेस पार्टी पर नक्सलियों के साथ-साथ मिलकर भाजपा नेताओं की हत्या का आरोप लगाया है।

बतादे कि छत्तीसगढ़ सरकार में वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेता पंचम दास के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। जहां उन्होंने भाजपा नेता पंचम दास को श्रद्धांजलि दी है। इस बीच केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा करते हुए बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष को लेकर बड़ी बात कही है। वहीं लगातार भाजपा नेताओं की हत्या को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता यहां विषम परिस्थितियों में रहकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुरू से ही पूरी कोशिश रही है कि इन अंदरूनी इलाकों में सुविधा ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जाए, जिससे कि यहां नेता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### विक्की कौशल ने सैम बहादुर की शूटिंग के दौरान पेश आये रोमांचक पलों के बारे में बातचीत की

**मुंबई, एजेंसी।** मनोरंजन की डबल डोज़ के लिए तैयार हो जाईए क्योंकि पिछले एपीसोड में फ़िल्म चमकीला की टीम दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा व इम्तियाज़ अली की मौजूदगी की शानदार कामयाबी के बाद विकी कौशल और सनी कौशल भाईयों की जानदार जोड़ी नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार है। इस एपिसोड के बाद यह शो लगातार तीसरे हफ़्ते नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप -10 में आ गया है। शो के चौथे एपिसोड में भी दर्शक हँसी मज़ाक से भरपूर शाम का मज़ा ले सकते हैं क्योंकि विक्की और सनी कौशल शो के होस्ट व मनोरंजन के बादशाह कपिल शर्मा के साथ उनके शानदार शो में शामिल हो रहे हैं। अपनी फिल्मों के पर्दे के पीछे के क़िस्सों व अपने बचपन की कहानियों के साथ, अपने कॉमेडी टेलेंट से ये दोनों भाई नेटफ्लिक्स के मंच पर अपना जादू बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फील्ड मार्शल की बेटी माया (उम्र 75-80 साल के बीच) के सामने सैम बहादुर की शूटिंग के बारे में विक्की बताते हैं, जब आपको इस तरह के क़िरदार निभाने को मिलते हैं तो ज़िम्मेदारी बहुत बड़ी हो जाती है। मैं सैम बहादुर के चलने और बोलने के तरीके को समझने के लिए उनकी बेटी माया से कई बार मिला। हम दिल्ली में शूटिंग कर रहे थे। सैम बहादुर की बेटी कैमरे के पीछे शॉट देख रही थीं. मैं कैमरे के सामने कभी इतना नर्वस नहीं हुआ था और बहुत डरा हुआ था क्योंकि मैं जानता था कि मैं उनसे यह पूछने की हिम्मत नहीं कर पाऊंगा कि मैंने शॉट में सही किया या नहीं। मैं बस इतना जानता था कि अगर मैंने उनकी आंखों में देखा और अगर उन्हें यह पसंद नहीं आया तो मेरा आत्मविश्वास टूट जाएगा और अभी आधी से ज़्यादा फ़िल्म की शूटिंग बाकी थी। लेकिन मुझे यह देखकर बहुत ख़ुशी हुई कि शॉट देखने के बाद उनकी आँखों में आंसू थे और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। विक्की ने आगे बताया की, एक फ़ौज पर आधारित फिल्म की ख़ुद फ़ौज द्वारा तारीफ़ किया जाना ही मेरे लिये सबसे बड़ा अवार्ड है। नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो देश भर के दर्शकों के लिए हँसी-खुशी की वजह बना हुआ है और विक्की व सनी कौशल के साथ आगामी एपिसोड के शानदार होने का भरोसा दिलाता है। हँसी-मज़ाक के इस शानदार कार्यक्रम को देखना ना भूले।

### विजयवाड़ा स्थित गोदाम में लगी भीषण आग, आसमान में दिखा धुएं का गुबार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के बंदर रोड पर एक गोदाम में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं। आग लगने बाद बिल्डिंग से धुएं का गुबार देखने को मिला। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है।

### जो मोदी-योगी को अपना नहीं मानते, वे वे गद्दार हैं- सांसद महेश शर्मा

**गौतमबुद्ध नगर एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। एक-दूसरे पर जमकर जुबानी तीर चलाए जा रहे हैं। हालांकि चुनावी बयानबाजी के दौरान माननीयों के मुंह से कई बार ऐसे शब्द निकल जाते हैं, जो विवाद खड़ा कर देते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के गौतमबुद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा ने किया है। मंच से एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने ऐसा कुछ बोला जो अब वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने इस पर चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले महेश शर्मा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं। बुलंदशहर में एक चुनावी रैली के दौरान शर्मा ने कहा, जो लोग मोदी और योगी को अपना नहीं समझते, वे अपने बाप को भी अपना नहीं समझेंगे। अगर कोई कहता है कि वह मोदी-योगी से बढ़कर आपका अपना है, तो वह इस देश का गद्दार है। वह व्यक्ति देश या राज्य का कल्याण नहीं चाहता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह शर्मा ने यह टिप्पणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक विशेष समुदाय को निशाना बनाते हुए की है।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की 97 करोड़ की संपत्ति अटैच, ईडी ने की कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। खबर है को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को कुंद्रा की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। कुंद्रा बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं। साल 2021 में सामने आए पोर्नोग्राफी केस में भी कुंद्रा का नाम आया था। उस दौरान गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।



मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ईडी ने कुंद्रा की जिन प्रापर्टियों को अटैच किया है, उनमें शेट्टी का जुहू स्थित बंगला भी शामिल है। कारोबारी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी क्क्ररू, 2002 के तहत यह कार्रवाई की गई है। खास बात है कि शेट्टी की पहले इंडियन प्रीमियर लीग यानी ढ्ढक्क्र टीम राजस्थान रॉयल्स में हिस्सेदारी भी थी। ईडी ने बिटकॉइन पॉन्जी स्कैम में कुंद्रा के खिलाफ ऐक्शन लिया है। अटैच की गई संपत्तियों में पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। खबर है कि ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज स्न्नढ्ढक्र के बाद जांच शुरू की थी।

आरोप हैं कि आरोपियों ने बिटकॉइन्स के रूप में लोगों से बड़ा फंड जुटा लिया था और बिटकॉइन के ही रूप में हर महीने 10 फीसदी वापस करने का वादा किया था।

आरोप हैं कि आरोपियों ने बिटकॉइन्स के रूप में लोगों से बड़ा फंड जुटा लिया था और बिटकॉइन के ही रूप में हर महीने 10 फीसदी वापस करने का वादा किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि कुंद्रा को यूक्रेन में माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन के प्रमोटर और मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे।

## बृजभूषण शरण सिंह की अदालत में नई दलील- मैं तब दिल्ली में ही नहीं था, जब यौन उत्पीड़न की बात हो रही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने अदालत से मांग की कि उनके खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों में और जांच की जाए। उनकी दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। आज अदालत यौन उत्पीड़न के मामले में बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने को लेकर फैसला सुनाने वाली थी। बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों ने आरोप लगाया है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने उनका यौन उत्पीड़न किया था।

इन आरोपों को बृजभूषण शरण सिंह खारिज करते रहे हैं और राजनीति से प्रेरित बताया है। गुरुवार को बृजभूषण शरण सिंह के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अतिरिक्त चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की अदालत ने फैसला को सुरक्षित रख लिया। वहीं महिला पहलवानों का पक्ष रख रहे वकीलों ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह की दलील मामले को लटकाने वाली है। वह आगे जांच की मांग इसलिए कर रहे हैं ताकि पूरी प्रक्रिया में देरी की जा सके। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि शिकायत करने वाली पहलवानों में से एक ने जिस दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, तब वह दिल्ली में ही नहीं थे। बृजभूषण शरण सिंह ऐसे वक्त में अदालत में पेश हुए, जब यूपी की कैसरगंज लोकसभा सीट से उनके टिकट पर संशय बना हुआ है। भाजपा ने यूपी की लगभग सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं, लेकिन अब तक बृजभूषण के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। बता दें कि उन पर आरोप लगाने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक को मशहूर 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। मलिक को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। साक्षी मलिक ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। विरोध प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ। इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली।

### यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई, आप पर बड़ी जिम्मेदारी, राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थम गया है। सभी पार्टियों ने पहले चरण के चुनाव के जी-जान लगाकर चुनाव प्रचार किया। मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है। 19 अप्रैल को देश में लोकसभा का पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए सभी पार्टी ने अपने-अपने क्षेत्र में जमकर चुनाव प्रचार किया। एक-दूसरे की पार्टी पर जमकर बयानबाजी की। पार्टी के घोषणापत्रों पर भी खूब मीन-मेख निकाले गए। पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश भेजा है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने सभी को कहा कि यह चुनाव का समय है, तो जरूरी है आपसे सीधे बात की जाए। यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं पर बढ़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं कहा कि आप सभी में दिल और दिमाग में पार्टी की विचारधारा बसी हुई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस भारत के लोकतांत्रिक विचार के खिलाफ है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का वार लोकतांत्रिक ढांचों का कमजोर कर रहा है।

## सिडनी के चर्च में हमला करने वाले शख्स को बिशप ने किया माफ

**सिडनी, एजेंसी ।** ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में चर्च में चल रहे समारोह के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई थी। हमले में बिशप भी घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। गुरुवार को बिशप ने बताया कि वह अब ठीक हो रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि हमलावर उनके बेटे जैसा है, इसलिए वह उसे माफ करना चाहते हैं। दरअसल, बीते सोमवार को बिशप मार्च मारी इमैनुएल पर एक 16 वर्षीय लड़के ने सिर और सीने पर चाकू से हमला किया था, जिसके बाद चर्च में अफरा-तफरी मच गई थी। इस घटना पर बिशप ने कहा कि मैं अभी ठीक हूं और बहुत जल्दी चर्च में वापसी करूंगा। बता दें कि बिशप इमैनुएल के लगभग 200,000 फॉलोअर्स हैं। उनके फॉलोअर्स में इजाफा कोविड-19 टीकाकरण और लॉकडाउन के साथ-साथ इस्लाम की आलोचना से जुड़ी कई पोस्ट के बाद हुआ था। हमले के बाद उन्होंने एक वीडिया जारी किया। इस वीडियो के जरिए उन्होंने कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है। जिसने भी ये काम किया, मैंने उसे माफ कर दिया है। मैं उससे कहना चाहता हूं, तुम मेरे बेटे हो और मैं तुमसे प्यार करता हूं। मैं हमेशा तुम्हारे लिए प्रार्थना करूंगा। जिसने भी तुम्हें इस काम के लिए भेजा था, मैं उसे भी माफ करूंगा। हमले के बाद चर्च के बाहर आक्रोश देखने को मिला, जिसे देखते हुए बिशप ने लोगों से शांत रहने की अपील की। हमले की रात समुदाय के सैकड़ों सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ लोगों ने पत्थरबाजी भी की, जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हुए और कई पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस पर बिशप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप लोग शांत रहें। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम ऑस्ट्रेलियाई होने के नाते बहुत भाग्यशाली हैं। इसके साथ ही हम ईसाई हैं और हमें इसी शांत व्यवहार करने की जरूरत है।

## इजरायल तय करेगा कि ईरान के अचानक हुए हमले का जवाब कैसे देना है: बेंजामिन नेतन्याहू

**येरुशलम, एजेंसी।** अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई पश्चिमी देश इजरायल को सलाह दे रहे हैं कि वह ईरान के हमले के जवाब में आगे कार्रवाई न करे। फिर भी इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कड़ा फैसला लेने के मूड में हैं। उन्होंने बुधवार को इसके संकेत देते हुए कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि ईरान के अचानक हुए हमले का जवाब कैसे देना है। इस तरह उन्होंने एक तरह से अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन लगातार कह रहे हैं कि इजरायल को अब युद्ध में नहीं उतरना चाहिए। इसके अलावा उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि यदि इजरायल ने अटैक किया तो अमेरिका सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लेगा।



इजरायल पर हमले के बाद से ही पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरून और उनकी जर्मन समकक्ष अन्नालेना बेएरबॉक ने इजरायल का दौरा किया है। इसके अलावा अमेरिका और बेल्जियम ने ईरान पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। लेकिन इजरायल इतने भर से राजी नहीं है। ब्रिटिश और जर्मन मंत्री से बातचीत में नेतन्याहू ने साफ कहा कि अपनी रक्षा करने का अधिकार इजरायल के पास है। इस दौरान ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने कई तरह से नेतन्याहू को समझाने की कोशिश की। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा, आपकी बात सही है, लेकिन इजरायल अपने निर्णय खुद लेगा। हम यह साफ कर देना चाहते हैं। डेविड कैमरून ने मुलाकात के बाद कहा कि हम पूरा जोर दे रहे हैं कि युद्ध अब आगे न बढ़े। इसके लिए हमने अपने मित्र इजरायल को समझाया भी है। हमने इजरायल से कहा कि यह ऐसा वक्त है, जब हमें दिल के साथ ही दिमाग से भी सोचना होगा। जर्मनी की विदेश मंत्री ने कहा कि यह ऐसा समय है, जब सोचना होगा कि ऐसे हालात पैदा न हों कि जिन्हें संभालना ही मुश्किल हो जाए। बता दें कि एक तरफ इजरायल आक्रामक है और ईरान पर जवाबी कार्रवाई के मूड में दिख रहा है तो वहीं ईरान के भी तेवर सख्त हैं। ईरान का कहना है कि यदि इजरायल ने कोई कार्रवाई की तो हम जवाबी हमले में सेकेंड भर की भी देरी नहीं लगाएंगे। इस बीच ईरान ने बुधवार को अपना आर्मी डे मनाया। इस दौरान तेहरान में उसने हथियारों की परेड निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इन हथियारों में ड्रोन, लॉन्ग रेंज बलिस्टिक मिसाइल आदि शामिल थे।

# अमेरिका में विरोध के बीच भारत के साथ व्यापार संबंध सुधरे, जेट इंजन सौदा क्रांतिकारी: अमेरिकी रक्षा मंत्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी ।** अमेरिका में भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लगातार यहां के सांसद आरोप लगा रहे है। कुछ सांसद भारत में गेहूं-चावल पर सब्सिडी का मुद्दा उठा रहे हैं। वहीं, यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि भारत से आयातित झींगा जबरन मजदूरी पर निर्भर करता है और अवैध एंटीबायोटिक दवाओं वाला होता है। हालांकि इस बीच, बाइडन प्रशासन के एक शीर्ष व्यापार अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भारत ने 12 विभिन्न श्रेणियों में अमेरिकी कृषि उद्योग के लिए अपना बाजार खोला है।

अमेरिकी वित्त समिति द्वारा व्यापार पर बुलाई गई सदन की सुनवाई के दौरान सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने बाइडन प्रशासन के कदमों का बचाव किया। उन्होंने कहा, हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। हमारे प्रशासन ने पिछले तीन साल में नए कृषि बाजार तक 21 अरब डॉलर से अधिक की पहुंच हासिल की है।

टाई ने आगे कहा, उदाहरण के लिए अमेरिका और भारत द्वारा डब्ल्यूटीओ के सात विवाद समाप्त किए जाने के बाद भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क हटाने पर सहमत हुआ था। इसका मतलब है कि छोले, दाल, बादाम, अखरोट और सेब की बेहतर पहुंच से मिशिगन, ओरेगन, कैलिफोर्निया और वाशिंगटन सहित हमारे देश भर के किसानों को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि टर्की, बतख, ब्लूबेरी और क्रैनबेरी के लिए अधिक बाजार पहुंच से उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, वर्जीनिया, मैसाचुसेट्स और मिनेसोटा के किसानों को फायदा होगा।

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों को बताया कि भारतीय वायु सेना के लिए संयुक्त रूप से लड़ाकू जेट इंजन बनाने का भारत-अमेरिका समझौता क्रांतिकारी है। उन्होंने भारत-अमेरिका समझौता के बारे में एलान करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक सौदे की घोषणा पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा के दौरान की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए



लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्टिन ने सदन विनियोग उपसमिति को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में भारत को जेट हथियार, भारत में जेट इंजन का उत्पादन करने में सक्षम बनाया है और यह एक तरह से क्रांतिकारी है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी।

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हम भारत के साथ एक बख्तरबंद वाहन का सह-उत्पादन भी कर रहे हैं। इसलिए, पूरे समझौते को समग्रता में देखने पर हमें पता चलता है कि इस समझौते के कारण भारत और अमेरिका का रिश्ता कहीं अधिक और अच्छा होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129